ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 4 जून 2024
वर्ष 34, अंक 128, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया 2
रश्मिका की फिल्म 'पुष्पा-2 द रूल' का पोस्टर रिलीज 16

## एक नजर

### मदर डेयरी ने दो रुपये लीटर बढ़ाए दूध के दाम

**नई दिल्ली।** मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर बाजार में दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की सोमवार को घोषणा की। सभी प्रकार के दूध की कीमतों में वृद्धि सोमवार (तीन जून) से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के साथ-साथ अन्य बाजारों में भी लागू हो गई है। दुग्ध उद्योग से जुड़े ब्रांड अमूल ने रविवार को कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की थी। दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध अब 68 रुपये प्रति लीटर, जबकि टोंड व डबल टोंड दूध क्रमश: 56 रुपये और 50 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलेगा। भैंस और गाय के दूध की कीमतें क्रमश: 72 रुपये और 58 रुपये प्रति लीटर होंगी। थोक विक्रय दूध 54 रुपये प्रति लीटर पर बेचा जाएगा।

### आईएसआईएस से जुड़े 17 के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से जुड़े 17 लोगों के खिलाफ युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश में शामिल होने के संबंध में आरोपपत्र दाखिल किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एनआईए ने मार्च 2023 में तीन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था और सोमवार को दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत के समक्ष 17 अन्य के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। इन 17 आरोपियों में से 15 महाराष्ट्र से जबकि एक-एक उत्तराखंड और हरियाणा से हैं। एनआईए के बयान के मुताबिक, इस मामले में कुल 20 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है।

### 30 जून तक दिल्ली में बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पड़ रही गर्मी एवं खराब मौसम के मद्देनजर सरकार ने सभी 10,897 आंगनबाड़ी केंद्रों को 30 जून तक बंद रखने की घोषणा की गई है। बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद किए जाने पर केजरीवाल सरकार 'टेक-होम राशन' के तौर पर पूरक पोषण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराएगी और तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों सहित लाभार्थियों को उनके घर तक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

## ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व अभियंता को उम्रकैद

**नागपुर, एजेंसी**



- पाकिस्तान को गोपनीय सूचना देने के मामले में पाए गए दोषी

नागपुर की जिला अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) के तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अभियंता निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने और गोपनीय जानकारी देने का दोषी ठहराते हुए सोमवार को उम्रकैद दी।

अग्रवाल को 14 साल तक सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी, उसपर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एम.वी. देशपांडे ने अपने आदेश में कहा कि अग्रवाल को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 (एफ) और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराध के लिए सीआरपीसी की धारा-235 के तहत दोषी करार दिया जाता है।

## एग्जिट पोल के बाद झूमा शेयर बाजार

# सेंसेक्स 2507, निफ्टी 733 अंक उछला

**मुंबई, एजेंसी**

एग्जिट पोल के बाद सोमवार को शेयर बाजार में चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 2,500 से अधिक अंक की छलांग लगाकर अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733 अंक के उछाल के साथ नए शिखर पर बंद हुआ।

शनिवार को एग्जिट पोल में भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की बड़ी जीत के अनुमान के बाद बाजार में यह तेजी आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,507.47 अंक यानी 3.39 प्रतिशत उछलकर रिकॉर्ड 76,468.78 अंक पर बंद हुआ। यह पिछले तीन साल में एक दिन में सबसे बड़ी तेजी है। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 2,777.58 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 76,738.89 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733.20 अंक यानी 3.25 प्रतिशत उछलकर अपने अबतक के सर्वोच्च स्तर 23,263.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 808 अंक यानी 3.58 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 23,338.70 अंक पर

### नए शिखर पर सेंसेक्स-निफ्टी



पहुंच गया था। सेंसेक्स और निफ्टी में एक फरवरी, 2021 के बाद एक दिन की सबसे बड़ी तेजी है। उस समय बजट पेश करने के बाद दोनों सूचकांक करीब पांच प्रतिशत मजबूत हुए थे। यह दिलचस्प है कि 20 मई, 2019 को 'एग्जिट पोल' के बाद भी सेंसेक्स और निफ्टी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए थे। उस 'एग्जिट पोल' में भी आम चुनाव में राजग की बड़ी जीत का अनुमान जताया गया था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में जोरदार बढ़त से दोनों मानक सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। शेयर बाजार में तेजी के साथ अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में सोमवार को जोरदार बढ़त जारी रही।

### निवेशकों की पूंजी 13.78 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** भाजपा की अगुवाई वाली सरकार एक बार फिर बनने की उम्मीदों से स्थानीय शेयर बाजार के तीन प्रतिशत से अधिक उछल जाने से सोमवार को निवेशकों की संपत्ति में एक ही कारोबारी सत्र में 13.78 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस रिकॉर्डतोड़ तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 13,78,630.4 करोड़ रुपये बढ़कर 4,25,91,511.54 करोड़ (5.13 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

# चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास हुआ तो सबूत दे विपक्ष

## सीईसी ने कहा-आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आरोप लगाने वाले बताएं जिलाधिकारियों का नाम, चुनाव आयोग उन्हें दंडित करेगा
- जयराम रमेश ने लगाया था गृहमंत्री शाह पर कलेक्टरों को फोन पर धमकाने का आरोप

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने सोमवार को विपक्ष को चुनौती दी कि वे उन आरोपों के साक्ष्य साझा करें जिनमें कहा गया है कि निर्वाचन अधिकारियों और जिलाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के लिए प्रभावित किया गया था, ताकि आयोग उनके खिलाफ कार्रवाई कर सके। कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष को मतगणना शुरू होने से पहले चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के बारे में भी आयोग को बताना चाहिए। संवाददाता सम्मेलन में उनके साथ निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस.एस. संधू भी मौजूद थे। राजीव कुमार ने कहा कि आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के किसी भी विदेशी प्रयास से निपटने के लिए तैयारी की थी, लेकिन ये आरोप देश के भीतर से ही आए हैं। जिलाधिकारियों को प्रभावित किए जाने के आरोपों पर आपत्ति जताते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आरोप लगाने वालों को बताना चाहिए कि किस जिलाधिकारी को प्रभावित किया गया और हम उन्हें दंडित करेंगे। मतगणना प्रक्रिया शुरू होने से पहले उन्हें हमें बताना चाहिए।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिलाधिकारियों या कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं और उन्हें खुलेआम डराने-धमकाने में लगे हैं। चुनाव के दौरान जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टर अपने-अपने जिलों के निर्वाचन अधिकारी होते हैं। रमेश ने दावा किया कि शाह पहले ही 150 जिला मजिस्ट्रेट या कलेक्टरों से बात कर चुके हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने रविवार को आयोग से मुलाकात करने वाले बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों को स्वीकार कर लिया था और कहा था कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे सात दशकों से चली आ रही चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा हैं। कुमार ने कहा कि कुछ मांग बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल द्वारा की गई थीं। हमनें उनकी सभी मांगें मान लीं।

### रमेश को अतिरिक्त समय देने से आयोग का इंकार

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश को उनके इस दावे की पुष्टि के लिए अतिरिक्त समय देने से इनकार कर दिया कि लोकसभा चुनाव के लिए चार जून की मतगणना से पहले 150 जिलाधिकारियों और कलेक्टरों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था। रमेश को निर्वाचन आयोग ने रविवार शाम तक उन आरोपों का तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा था, जो उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लगाए थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सोमवार को आयोग को पत्र लिखकर अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का और समय मांगा। रमेश को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि आप तथ्यात्मक आरोपों के साथ तीन जून शाम सात बजे तक जवाब दाखिल करें। ऐसा करने में विफल रहने पर यह मान लिया जाएगा कि आपके पास इस मामले में कहने के लिए कुछ भी ठोस नहीं है और आयोग उचित कार्रवाई के लिए आगे बढ़ेगा।

## आकासा और इंडिगो की उड़ान में बम की अफवाह

- अहमदाबाद डायवर्ट की गई आकासा की फ्लाइट
- सुरक्षा जांच के चलते इंडिगो की उड़ान दो घंटे लेट

**मुंबई/चेन्नई।** आकासा एयर की दिल्ली-मुंबई फ्लाइट और इंडिगो की चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में सोमवार (3 जून) को बम की सूचना मिली। आकासा एयर की फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया। इसमें एक बच्चा और 6 क्रू मेंबर्स सहित 186 पैसेंजर्स सवार थे। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने के बाद फ्लाइट संख्या क्यूपी 1719 को सुरक्षा अलर्ट मिला था। इसके बाद सुबह 10:13 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान को सुरक्षित उतार लिया गया।

दूसरी तरफ, चेन्नई से कोलकाता जाने वाला इंडिगो का विमान बम की अफवाह के कारण दो घंटे लेट हो गया। अधिकारियों ने बताया कि थुरैपक्कम स्थित इंडिगो कॉल सेंटर में एक कॉल आया था, जिसमें कहा गया कि चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में बम धमाका होगा।

## उम्मीद है, असल परिणाम एग्जिट पोल के उलट होंगे : सोनिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख ने कहा-इंतजार कीजिए और देखिए
- एग्जिट पोल में चुनाव में राजग को प्रचंड बहुमत का पूर्वानुमान

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के असल परिणाम 'एग्जिट पोल' (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के अनुमान से बिल्कुल विपरीत होंगे। सोनिया ने कहा कि हमें प्रतीक्षा करनी होगी। बस, इंतजार कीजिए और देखिए।

उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल में जो दिखाया जा रहा है, नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से सवाल किया गया था कि चार जून को घोषित होने जा रहे नतीजों से उन्हें क्या उम्मीद है? उन्होंने यह टिप्पणी द्रमुक कार्यालय में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद की। अधिकतर 'एग्जिट पोल' में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। अधिकतर सर्वेक्षणों में राजग को 350 से अधिक सीट मिलने की संभावना जताई गई है। अगर असल परिणाम भी एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक रहते हैं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगाता तीसरी बार बड़े बहुमत के साथ सत्ता संभालेंगे। कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दलों ने एग्जिट पोल को खारिज कर दिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा था कि इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता है बल्कि इसका नाम 'मोदी मीडिया पोल' है।

## ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में लगी भीषण आग, सभी यात्री सुरक्षित

- दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सरिता विहार में हुआ हादसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली के सरिता विहार इलाके में सोमवार को ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लग गई। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है, यात्री समय रहते प्रभावित डिब्बों से बाहर निकलने में सफल रहे। आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चला। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि हमें अपराह्न चार बजकर 24 मिनट पर ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगने की सूचना मिली। आग बुझाने के लिए दमकल के आठ वाहनों को मौके पर भेजा गया है और आग पर शाम पांच बजकर 43 मिनट पर काबू पा लिया गया। इससे पहले अधिकारियों ने चार डिब्बों में आग लगने की बात कही थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस कर्मी अपोलो अस्पताल के नजदीक स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पाया गया कि ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगी है। ट्रेन रुकी हुई थी। उन्होंने बताया कि डी3 और डी4 डिब्बे पूरी तरह जल गए हैं जबकि डी2 को आंशिक नुकसान हुआ है।

## रैबीज से प्रभावित किशोर ने परिजनों को काटा

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

- 12 वर्षीय किशोर को 10 दिन पहले एक पागल कुत्ते ने काटा था
- मोहल्ले वालों को भी काटने को दौड़ाया, अस्पताल में तोड़ा दम

**अमृत विचार :** 12 वर्षीय किशोर को पागल कुत्ते ने काट लिया। रैबीज का असर हुआ तो उसने परिवार के लोगों को काटना शुरू कर दिया। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

रुद्रपुर में वार्ड नंबर तीन संजयनगर निवासी गोविंद सरकार के 12 वर्षीय पुत्र विक्की को पागल कुत्ते ने काट लिया था, परिवार इस बात से अनजान था। रविवार की सुबह विक्की ने अपने पिता गोविंद की उंगुली में काट लिया। इसके बाद अपने दोनों छोटे भाइयों को भी काट लिया। बेकाबू विक्की ने मोहल्ले वालों को भी काटने की कोशिश की। परिजन उसे किसी तरह अस्पताल लेकर पहुंचे। विक्की के मुंह से लार निकल रहा था, वह कुत्ते की तरह हरकतें कर रहा था। जिला अस्पताल रुद्रपुर में हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। यहां दो घंटे उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।

## सुरक्षाबलों ने लश्कर के स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकियों को मार गिराया

- दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में हुई मुठभेड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के एक स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरधी ने बताया कि रियाज डार और रईस डार नामक दो आतंकवादी दक्षिण कश्मीर जिले के निहामा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में मारे गए। रियाज डार प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर था और कई आतंकी मामलों में वांछित था। वह कई सालों से सुरक्षा बलों को चकमा दे रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने वहां आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद अभियान शुरू किया था। अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने तलाशी दल के सदस्यों पर गोलीबारी की और मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

## फैसला : चार वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या करने के दोषी को मृत्युदंड

**संवाददाता, बहराइच**

- पुलिस व अभियोजन पक्ष की पैरवी में तीन माह 11 दिन में आया फैसला

**अमृत विचार :** कैसरगंज थाना क्षेत्र की एक बच्ची से दुष्कर्म और उसकी हत्या करने वाले आरोपी को सोमवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो ने मृत्युदंड दिया। विशेष न्यायाधीश ने महज दो माह बीस कार्य दिवस (तीन माह 11 दिन) में ही साढ़े चार वर्षीय बच्ची के साथ न्याय करते हुए दोषसिद्ध अभियुक्त को सजा सुनाई, कोर्ट ने 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

बच्ची की मां ने कैसरगंज थाने में तहरीर दी थी कि वह 21 फरवरी 2024 को बाजार गई थी। दोपहर दो बजे घर लौटी तो उसकी बच्ची नहीं थी। बेटे से पूछा, तो उसने बताया कि वह बहन के साथ लाला के घर खेलने गया था। तहरीर के आधार पर एसओ ने 22 फरवरी को मामला दर्ज कर विवेचना राजनाथ सिंह को सौंपी थी। विवेचक ने संदेह के आधार पर राजेश उर्फ लाला से कड़ाई से पूछ-ताछ की तो उसने घटना स्वीकारते हुए बच्ची की हत्या करने की बात कही। पुलिस ने लाला को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर बच्ची का शव का बरामद किया और आरोपपत्र सक्षम न्यायालय को सौंपा था। कोर्ट ने आरोपपत्र का 29 मार्च को संज्ञान में लेते हुए सुनवाई शुरू की थी। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष सिंह व थाने के पैरोकार की प्रभारी पैरवी के तहत दो माह बीस कार्यदिवस (तीन माह 11 दिन) में ही विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट ने सुनवाई के बाद अभियुक्त राजेश उर्फ लाला को दोषी करार देते हुए मृत्युदंड दिया। शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह ने बताया कि मां ने तहरीर में बेटी की आयु छह वर्ष बताया था। लेकिन चिकित्सीय परीक्षण में उसकी आयु साढ़े चार वर्ष ही निकली।

## रोडवेज का किराया 1 से 3 रुपये तक बढ़ा

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- टोल टैक्स में वृद्धि के बाद परिवहन निगम ने लिया फैसला, आज से नया दर लागू

**अमृत विचार :** रोडवेज बसों में सफर करना अब और महंगा होगा। टोल टैक्स में वृद्धि के बाद परिवहन निगम ने एसी से लेकर साधारण बसों तक के किराए में एक से तीन रुपये तक की बढ़ोत्तरी का फैसला लिया है। यह दरें सोमवार रात 12 बजे के बाद लागू हो जाएंगी। भीषण गर्मी की वजह से रोडवेज बसों में लगातार यात्रियों की संख्या कम हो रही थी। इससे निगम को हर रोज तीन करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। अब बढ़े किराए का असर भी निगम को चोट दे सकता है।

राष्ट्रीय राजमार्गों की टोल दरें बढ़ने से रोडवेज बसों के किराये में भी बढ़ोतरी हो गई। प्रति टोल एक रुपये बढ़ रहे हैं, लखनऊ से प्रयागराज जाने में तीन टोल गेट पड़ते हैं। ऐसे में बसों के किराये में तीन रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। साधारण बस सेवा से सफर करने वाले यात्रियों को अब लखनऊ से वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार जाने के लिए 3 रुपये अधिक किराया अदा करना पड़ेगा। कैसरबाग, लखनऊ से बरेली सेटेलाइट बस स्टेशन जाने के लिए एक रुपया अधिक देना पड़ेगा। इसी प्रकार बस्ती, रायबरेली, गोरखपुर, अयोध्या का किराया एक रुपया बढ़ा है। प्रयागराज, रुपईडीहा, सीतापुर, आजमगढ़ जाने के लिए किराये में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है।

### टोल टैक्स बढ़ने से बढ़ा सरचार्ज


निगम की बसों के टिकट में टोल का सरचार्ज जुड़ा होता है। सरचार्ज संशोधित होने पर किराए में वृद्धि के लिए शासन से अनुमति लेने की जरुरत नही होती। प्रति बस 35 यात्रियों के आधार पर सरचार्ज का आकलन होता है। जिन मार्गों पर टोल दरें पहले 50 पैसे से कम रही हैं वहां अब नई दरें लागू होने से सरचार्ज 50 पैसे से अधिक हो रहा है। कई ऐसे भी टोल हैं जहां नई दरों के बाद भी सरचार्ज में 50 पैसे तक ही वृद्धि हुइ है।

> टोल टैक्स बढ़ने से सरचार्ज बढ़ा है, बेसिक किराया पुराना ही है। सरजार्च में वृद्धि से यात्रियों पर मामूली भार पड़ेगा।
>
> मासूम अली सरवर, प्रबंध निदेशक राज्य सड़क परिवहन निगम .उप्र

## एजेंसियों की विफलता से भागे मोदी, मेहुल और माल्या

**मुंबई, एजेंसी**





- मुंबई की एक विशेष अदालत ने सुनवाई के दौरान की टिप्पणी
- सही समय पर गिरफ्तारी में नाकाम रहीं एजेंसियां : कोर्ट

करोड़ों डॉलर के घोटालों में शामिल नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और विजय माल्या जैसे उद्यमी इसलिए देश छोड़कर जाने में सफल रहे क्योंकि जांच एजेंसियां उन्हें सही समय पर गिरफ्तार नहीं कर पाईं। यहां एक विशेष अदालत ने हाल में यह बात कही।


विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत निरुद्ध एक आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की जिसने अपनी जमानत शर्तों में बदलाव का अनुरोध किया था। अदालत ने धनशोधन मामले में आरोपी व्योमेश शाह की इस याचिका को 29 मई को विचारार्थ स्वीकार कर लिया था जिसमें उसने अनुरोध किया था कि विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति लेने की जमानत की शर्त को हटाया जाए। विस्तृत आदेश हाल में उपलब्ध कराया गया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दलील दी थी कि शाह की अर्जी को स्वीकार करने से नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी के मामलों जैसी परिस्थितियां पैदा होंगी।

इस पर न्यायाधीश ने कहा कि मैंने सोच-समझकर इस दलील पर विचार किया और मुझे यह बात सामने रखना जरूरी लगता है कि ये सभी लोग, सही समय पर इन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाने में संबंधित जांच एजेंसियों की नाकामी की वजह से भागे। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत शाह समन पर अदालत में पेश हुए, जमानत हासिल की और उन्होंने विदेश यात्रा के लिए कई बार आवेदन किया। अदालत ने कहा कि शाह के मामले की तुलना नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी आदि के मामलों से नहीं की जा सकती। नीरव मोदी भारतीय मूल के बेल्जियम में व्यवसाई और भगोड़े हैं। जिनपर इंटरपोल और भारत सरकार की ओर से कई आपराधिक आरोप लगाए गए हैं।

### ईडी और सीबीआई कर रहीं तीनों मामले की जांच

हीरा कारोबारी नीरव मोदी और उसका मामा मेहुल चोकसी करोड़ों रुपये के पीएनबी घोटाले में मुख्य आरोपी हैं। नीरव इस समय ब्रिटेन की एक जेल में सजा काट रहा है, वहीं चोकसी एंटीगुआ में रहता है। माल्या भी 900 करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज धोखाधड़ी मामले में आरोपी है और ब्रिटेन में है। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण अभिकरण कर रहे हैं।



## खेल डायरी


सोमवार को कोलकाता में एक खेल पत्रिका को लॉन्च करते पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली।

### अलीरेजा से हारे आर प्रज्ञाननंदा कार्लसन को एकल बढ़त

**स्टवांगर (नॉर्वे)।** भारत के भाई बहन की जोड़ी आर प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली। अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने हमवतन हिकारू नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई। प्रज्ञाननंदा को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए। उनकी बहन वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा। अब जबकि चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 9 .5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### म्यूनिख विश्व कप में पदक की दौड़ में बरकरार ईशा

**म्यूनिख।** भारत की रमिता जिंदल कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद सोमवार को यहां महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छठे स्थान पर रही जबकि ईशा सिंह ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाकर आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में पदक की उम्मीद बरकरार रखी। ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरे स्थान पर रही रमिता आठ निशानेबाजों के फाइनल में बाहर होने वाली तीसरे नंबर की निशानेबाज रहीं। उन्हें फाइनल में एकाग्रता टूटने के कारण 9 .9 और 9 .8 के दो खराब स्कोर का खामियाजा भुगतना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता चीन की 17 साल की हुआंग यूटिंग ( 252 .7 ) ने अंतिम शॉट पर कोरिया की 16 साल की बेन ह्योजिन ( 252 .7 ) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। रमिता ने क्वालीफिकेशन में 633 .0 के स्कोर से चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। यूटिंग ने इस दौरान 635 .3 अंक के साथ क्वालीफिकेशन विश्व जूनियर रिकॉर्ड बनाया।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स ने की नई वैश्विक चैंपियनशिप की घोषणा

**मोनाको।** एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स ने सोमवार को एक नई सत्रांत चैंपियनशिप की घोषणा की जिसमें एक करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि दी जाएगी और विश्व तथा ओलंपिक चैंपियन के साथ-साथ डाइमंड लीग विजेताओं के बीच मुकाबले से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी तय होंगे। इस टूर्नामेंट का नाम 'वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप' रखा गया है और इसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाना है। ट्रैक एवं फील्ड के इतिहास में सबसे अधिक पुरस्कार राशि प्रदान करने वाली यह चैंपियनशिप 2026 के ट्रैक एवं फील्ड सत्र का समापन करेगी। बुडापेस्ट 11-13 सितंबर तक पहले टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा और चैंपियनशिप हर दो साल में आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेताओं को 150,000 डॉलर मिलेंगे।

# विश्वकप के पहले सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान को हराया

## नामीबिया की जीत में ट्रम्पेलमैन और वीज चमके, दोनों टीमों ने बनाए 109 रन

ब्रिजटाउन, एजेंसी

रुबेन ट्रंपलमन 21 रन पर चार विकेट और डेविड वीजा तीन विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन के साथ यान फ्रारायलिंक (45) रनों की बेहतरीन पारी से नामीबिया ने ग्रुप बी में टी-20 विश्वकप के तीसरे मैच में 109 रन पर टाई हुए मैच के सुपर ओवर में ओमान पर जीत दर्ज की है।

रविवार रात नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम को नामीबिया के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.4 ओवर में 109 रन पर सिमेट दिया। ओमान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 10 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिए। उसके बाद जीशान मकसूद (22) और खालिद केल (34) रन ने पारी संभालने का प्रयास किया। अयान खान (15) और शकील अहमद (11) रन बनाकर आउट हुए। नामीबियाई गेंदबाजों के आगे ओमान का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। नामीबिया की ओर से रुबेन ट्रंपलमन ने चार विकेट लिए। डेविड वीजा को तीन विकेट मिले। एरार्ड इरास्मस ने दो और बर्नार्ड स्कोल्ट्ज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया ने पहले ही ओवर में माइकल वैन लिंगेन (शून्य) का विकेट गवां दिया। निकोलस डेविन (24), कप्तान एरार्ड इरास्मस (13), जेन ग्रीन (शून्य) पर आउट हुए। यान फ्रारायलिंक ने सर्वाधिक 45 रनों की पारी खेली। ओमान की गेंदबाजों ने नामीबिया के बल्लेबाजों खुलकर बल्लेबाजी नहीं कर दी और नामीबिया निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 109 रन बनाकर मैच टाई करने में सफल रही। इसके बाद हुए सुपर ओवर में डेविड वीजा के ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पहले सुपर ओवर की चार गेंदों पर 13 रन बनाए और फिर गेंदबाजी में 21 रन का बचाव करते हुए केवल 10 रन दिए। इससे पहले मैच के दौरान उन्होंने ओमान के तीन विकेट लिए थे तथा नाबाद नौ रन भी बनाए थे। सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान पर जीत दर्ज की। डेविड विजा ने उनके शानदान प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच मिला।

### विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर के ईनाम की घोषणा

**न्यूयॉर्क।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी-20 विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11 .25 मिलियन डॉलर (करीब 93 करोड़ 51 लाख रूपये) पुरस्कार राशि का ऐलान किया है जिसमे से विजेता को 2 .45 मिलियन डॉलर (करीब 20 करोड़ 36 लाख रूपये) दिए जाएंगे। उपविजेता को 1 .28 मिलियन डॉलर मिलेंगे जबकि सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को 787500 डॉलर दिये जाएंगे। पिछली बार कुल ईनामी राशि 5 .6 मिलियन डॉलर थी जिसमे से विजेता इंग्लैंड को 1 .6 मिलियन डॉलर मिले थे। आईसीसी ने कहा आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप के नौवे सत्र में 20 टीमों के टूर्नामेंट के विजेता को 2 .45 मिलियन डॉलर ईनाम के तौर पर मिलेंगे जो टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च ईनामी राशि है। इसके अलावा ट्रॉफी भी 29 जून को बारबडोस में फाइनल के बाद दी जाएगी। सुपर आठ से आगे नहीं जा पाने वाली चारों टीमों में से प्रत्येक को 382500 डॉलर दिये जाएंगे जबकि नौवें से 12वें स्थान की टीमों को 247500 डॉलर और 13वें से 20वें स्थान की टीमों को 225000 डॉलर मिलेंगे।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**ओमान : 109/10, 19 .4 ओवर।**

**रन :** जीशान मकसूद 22, खालिद 34, शकील अहमद 11। **विकेट :** रुबेन ट्रंपलमन 4, वीज 3, इरासमूस 2।

**नामीबिया : 109/6, 20 ओवर।**

**रन :** निकोलस डाविन 24, जान निकोलास फ्राइलिनक 45, इरासमूस 13। **विकेट :** महरन खान 3, आकिब इलियास 1, बिलाल खान 1, अयान खान 1।

# स्कॉटलैंड के सामने इंग्लैंड, युगांडा के खिलाफ अफगानिस्तान दावेदार

- रात 8 बजे होगा पूर्व चैंपियन इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच
- गयाना के प्रोविडेंस में खेलेगा अफगानिस्तान और युगांडा

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

बारिश के कारण तैयारियों को अंतिम रूप देने से महरूम रहा गत चैंपियन इंग्लैंड मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के अपने पहले मैच में जीत के साथ अपने अभियान की विजयी शुरुआत करने के इरादे से उतरेगा। फिल सॉल्ट इंडियन प्रीमियर लीग की शानदार फॉर्म को टी-20 विश्व कप में जारी रखना चाहेंगे जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी से इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।

स्वदेश में पाकिस्तान के खिलाफ चार मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला बारिश से प्रभावित रही लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा और तीसरी बार खिताब जीतने का प्रयास करेगा। टी-20 प्रारूप में पहली बार स्कॉटलैंड का सामना करने जा रही जोस बटलर की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम केनसिंगटन ओवल में होने वाले मुकाबले में जीत की मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगी। स्कॉटलैंड के अलावा इंग्लैंड के साथ ग्रुप बी में चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया और ओमान को भी जगह मिली है। सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए टीमों को अपने ग्रुप में शीर्ष दो में जगह बनानी होगी। सफेद



गेंद के क्रिकेट में टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 ओवर और 20 ओवर दोनों प्रारूप की श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा।

वहीं दिन के दूसरे मैच में अफगानिस्तान की टीम गयाना के प्रोविडेंस में होने वाले मुकाबले में युगांडा के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। अफ्रीका की टीम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही है। अफगानिस्तान ने भारत में पिछले साल हुए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान जैसी टीमों को हराया था और टीम उस प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी।

# भारतीय बल्लेबाज केदार जाधव ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

पुणे, एजेंसी

भारत और महाराष्ट्र के बल्लेबाज केदार जाधव ने राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी मैच खेलने के चार साल बाद सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। भारत के लिए नवंबर 2014 में रांची में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले के साथ अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण करने वाले 39 साल के जाधव ने 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले।

भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के करीबी माने जाने वाले जाधव ने इस दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज की शैली में ही संन्यास की घोषणा की। जाधव ने 'एक्स' पर लिखा मेरे करियर के दौरान आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। मुझे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया हुआ समझिए। जाधव रविवार को पुणे में शुरू हुई महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में कोल्हापुर टस्कर्स की कप्तानी कर रहे हैं और उनकी पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं होता कि वह इस टूर्नामेंट में आगे खेलेंगे या नहीं। जाधव ने भारत के लिए 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में दो शतक और छह अर्धशतक की मदद से 42.09 के औसत से 1389 रन बनाए। उन्होंने नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की छह पारियों में 122 रन भी बनाए। जाधव ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी जनवरी 2017 में पुणे में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ खेली जब उन्होंने बड़े स्कोर वाले मैच में 76 गेंद में 12 चौकों और चार छक्कों से 120 रन की पारी खेलते हुए अपना दूसरा शतक जड़ा और भारत को तीन विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।



### मुंबई का ऑफ-सत्र शिविर शुरू रहाणे का फिटनेस पर जोर

**मुंबई।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सोमवार को फिटनेस पर काम करने के महत्व पर जोर दिया और अपने राज्य की टीम के खिलाड़ियों को बेहतर होने के लिए ऑफ-सत्र (जब सत्र नहीं चल रहा हो) ट्रेनिंग शिविर का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने आगामी सत्र के लिए 'होम ऑफ द चैम्पियंस' थीम पर तीन महीने का शिविर शुरू किया। पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में मुंबई को रिकॉर्ड में इजाफा करने वाली खिताबी जीत दिलाने वाले रहाणे ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पर्दे के पीछे काम करना महत्वपूर्ण है। रहाणे ने मीडिया से कहा यह कई युवाओं को मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने और विरासत को आगे बढ़ाने और सभी आयु वर्गों (टीमों) में मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

## आर अश्विन की आत्मकथा का विमोचन 10 को

**नई दिल्ली।** मैदान पर अपनी चतुराई के लिए पहचाने जाने वाले भारत के शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आत्मकथा का 10 जून को विमोचन होगा। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (पीआरएचआई) ने सोमवार को यह घोषणा की।

सिद्धार्थ मोंगा के साथ इस अनुभवी क्रिकेटर द्वारा लिखी गई 'आई हैव द स्ट्रीट्सः ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' क्रिकेट स्टार बनने से पहले अश्विन के जीवन का एक सूक्ष्म और स्पष्ट चित्रण पेश करने का वादा करती है। अश्विन ने कहा एक क्रिकेटर बनने की अपनी कहानी साझा करते हुए मुझे खुशी हो रही है। इस पुस्तक के माध्यम से मुझे कई महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित करने की उम्मीद है।

पुस्तक में उनकी बचपन की स्वास्थ्य समस्याओं, उनके मध्यमवर्गीय परिवार के अथक समर्थन और चेन्नई में क्रिकेट के दीवाने इलाके में पले-बढ़े होने की खुशी के बारे में बताया गया है। टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक माने जाने वाले अश्विन को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए जाना जाता है जिसमें 300 टेस्ट विकेट तक सबसे जल्दी पहुंचने वाला गेंदबाज बनना भी शामिल है।

# इंडोनेशिया ओपन में खिताब बचाने उतरेंगे सात्विक-चिराग

- आज से शुरू होगा इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट
- पीवी सिंधू के सामने होगी अकाने और कैरोलिना की चुनौती

जकार्ता, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करके अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेगी। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इस सत्र में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। उन्होंने चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में प्रवेश किया जिनमें से वह फ्रेंच ओपन और थाईलैंड ओपन जीतने में सफल रहे।

थॉमस कप में हालांकि इंडोनेशिया और चीन के खिलाफ वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके अलावा वह ऑल इंग्लैंड ओपन और पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन में शुरू में बाहर हो गए थे। सात्विक और चिराग पिछले साल इंडोनेशिया ओपन जीतकर सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। वे अब पिछले सप्ताह की गलतियों में सुधार करके पिछले साल का प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे। उनका



पहला मुकाबला मलेशिया के मैन वेई चोंग और काई वुन टी से होगा। पीवी सिंधू पर भी दबाव होगा जो पेरिस ओलंपिक से पहले आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगी।

मलेशिया ओपन के फाइनल में पहुंचने से उनका मनोबल बढ़ा होगा लेकिन खिताबी मुकाबले में चीन की वांग झी यी के खिलाफ 11-3 से आगे होने के बावजूद हारना चिंताजनक है। आन से यंग, चेन यू फी, अकाने यामागुची और कैरोलिना मारिन जैसी चोटी की खिलाड़ी मलेशिया ओपन में नहीं खेली थी लेकिन वे इंडोनेशिया ओपन में चुनौती पेश करेंगे और ऐसे में सिंधू के लिए राह आसान नहीं होगी। सिंधू अगर पहले दौर में चीनी ताइपे की वेन ची सू को हरा देती है तो फिर उन्हें मारिन का सामना करना पड़ सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल में हार गई थी। पुरुष एकल में भारत की निगाह एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन पर टिकी रहेगी। लक्ष्य जापान के कांता सुनेयामा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर उनका सामना मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त विक्टर एक्सेलसेन से हो सकता है जिनसे वह पिछले सप्ताह हार गए थे। इस सत्र में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझने वाले प्रणय पहले दौर में हमवतन प्रियांशु राजावत से भिड़ेंगे। किदांबी श्रीकांत और किरण जॉर्ज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे।



# पेरिस ओलंपिक के लिए फ्रांस की टीम में एमबाप्पे को जगह नहीं

**पेरिस।** स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबाप्पे पेरिस ओलंपिक में फ्रांस के लिए नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें सोमवार को थियेरी हेनरी की इन खेलों के लिए अस्थाई टीम में जगह नहीं मिली। विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे एमबाप्पे ने अपने देश में होने वाले ओलंपिक में खेलने की इच्छा व्यक्त की थी।

हेनरी और यहां तक कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी चाहते थे कि एमबाप्पे पुरुष ओलंपिक टीम का हिस्सा बनें लेकिन उन्हें 25 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया। पेरिस सेंट जर्मेन को एक स्वतंत्र एजेंट के रूप में छोड़ने के बाद एमबाप्पे के रीयाल मैड्रिड से जुड़ने की उम्मीद की जा रही है।

### रॉय कृष्णा ने ओडिशा एफसी के साथ अनुबंध बढ़ाया

**भुवनेश्वर।** फिजी के फारवर्ड रॉय कृष्णा ने सुपर कप चैंपियन ओडिशा एफसी के साथ अपने अनुबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टीम ओडिशा एफसी ने सोमवार को यह घोषणा की। रॉय ने आईएसएल के इस सत्र में 13 गोल किए जबकि तीन गोल करने में मदद भी की। उन्होंने माजिया एस एंड आरसी के खिलाफ मालदीव में एएफसी कप मैच में पिछड़ने के बाद 3-2 की जीत के दौरान विजयी गोल भी दागा।

# एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी की अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने पहलवान बजरंग पूनिया को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटा दिया है।

पूनिया ने मार्च में चयन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया पर 23 अप्रैल तक का प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भी यही कार्रवाई की थी। बिश्केक में हुए एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिये पुरूष टीम के चयन ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में हुए थे और बजरंग हारने के बाद मूत्र का नमूना दिये बिना स्थान से चले गए थे। उन्होंने तीसरे चौथे स्थान के मुकाबले में भाग भी नहीं लिया था।



बजरंग ने अपने वकील के मार्फत अस्थायी निलंबन को चुनौती दी थी। एडीडीपी ने अपने आदेश में कहा सुनवाई पैनल की राय है कि इस स्तर पर जब एथलीट को आरोप का नोटिस जारी किया जाना बाकी है और नमूना देने से इनकार करने के लिए एथलीट द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण/औचित्य के गुण-दोष पर विचार किए बिना और नाडा की ओर से पेश वकील की दलील का जवाब दिये बिना, एथलीट का अस्थायी निलंबन तब तक के लिए रद्द किया है जब तक कि एथलीट को डोपिंग निरोधक नियम, 2021 के उल्लंघन के लिए औपचारिक रूप से आरोप लगाने का नोटिस जारी करने का फैसला नहीं करता।

# टी-20 विश्व कप का प्रसारण करेगा दूरदर्शन

**नई दिल्ली।** प्रसार भारती ने सोमवार को घोषणा की कि वह अपने डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर मौजूदा टी-20 विश्व कप, पेरिस ओलंपिक और विंबलडन का प्रसारण करेगा। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने सोमवार को यहां मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह घोषणा की।

प्रसार भारती ने इस मौके पर टी-20 विश्व कप के लिए विशेष गान जज्बा भी लॉन्च किया। दूरदर्शन ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक और 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस पैरालंपिक का सीधा प्रसारण, स्थगित प्रसारण और मुख्य आकर्षण के प्रसारण की भी घोषणा की। साथ ही छह से 14 जुलाई तक भारत के जिम्बाब्वे दौरे का भी प्रसारण किया जाएगा। टी-20 विश्व कप के बाद इस दौरे पर पांच टी-20 मैच खेले जाएंगे। 27 जुलाई के सात अगस्त तक श्रीलंका में भारत की सीमित ओवरों की श्रृंखला का प्रसारण भी डीडी स्पोर्ट्स पर होगा। दूरदर्शन इसके अलावा फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल का भी प्रसारण करेगा। प्रसार भारती अपने खेल चैनल पर विभिन्न खेल लीग और प्रतियोगिताओं को दिखाने के लिए विभिन्न खेल संस्थाओं और एजेंसियों के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में है।

# दिमित्रोव और सिनर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में

पेरिस, एजेंसी

ग्रिगोर दिमित्रोव ने एक कड़े मुकाबले में ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर से होगा। दिमित्रोव ने हर्काज को 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। यह पहला अवसर है जबकि दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई।

सिनर ने फ्रांस के गैर वरीयता प्राप्त कॉरेंटिन मौटेट के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 2-6, 6-3, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज और स्टेफानोस सिटसिपास ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां इनका आमना सामना होगा। तीसरे वरीय अल्काराज ने कनाडा के 21वें वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-3, 6-3, 6-1 से जबकि नौंवे वरीय सिटसिपास ने इटली के गैर वरीय माटियो अर्नाल्डी को 3-6, 7-6 (4), 6-2, 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और ओन्स जाबूर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराया। ट्यूनीशिया की जाबूर ने गैर वरीयता प्राप्त डेन क्लारा टॉसन को 6-4, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। अंतिम आठ में उनका सामना अमेरिका की कोको गॉफ से होगा जिन्होंने इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो को 6-1, 6-2 से पराजित किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# कौन बनेगा जनता की आवाज, फैसला आज

## खीरी में 11 और धौरहरा में 12 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला, सुबह 8 बजे से राजापुर मंडी में शुरू होगी मतगणना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व अब अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है। चुनावी दंगल में जोर आजमाइश के बाद अब नतीजे का वक्त हो गया है। राजापुर स्थित मंडी में मंगलवार को तय हो जाएगा कि खीरी और धौरहरा सीट के कौन प्रत्याशी दिल्ली जाएंगे और किन्हें मायूस होकर घर लौटना होगा। मंडी समिति परिसर में सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के हर राउंड में 14-14 बूथों के वोटों की गिनती होगी। सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। अधिकारियों की मानें तो रिजल्ट घोषित होने के साथ मतगणना 2 से 3 बजे के बीच निपट जाएगी।

खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान हुआ था। अब मतगणना के लिए राजापुर मंडी परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, जो मंगलवार की सुबह 8 बजे से प्रारंभ हो जाएगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, जिसके लिए दो घंटे का समय लगेगा। खीरी लोकसभा के 11 प्रत्याशियों और धौरहरा लोकसभा के 12 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला होना है। इस तरह कुल दोनों सीटों पर कुल 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग मतगणना हाल में वोटों की गिनती होगी। सोमवार को यहां बैरिकेडिंग, लोहे की जाली, बैरियर, मतगणना कर्मियों के लिए टेबिल-कुर्सियां सहित दूसरी व्यवस्थाओं को पूरा करने में प्रशासन जुटा रहा। प्रत्येक टेबिल पर प्रत्याशियों का एक-एक एजेंट रहेगा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह आदि अधिकारी मतगणना संबंधी तैयारियों को पूरा करने के लिए चक्कर काटते रहे। प्रशासन और पुलिस की तरफ से मतगणना की सारी तैयारियां चाक चौबंद कर ली गई हैं।

**दोपहर 2 से 3 बजे तक आ जाएगा फाइनल रिजल्ट**



राजापुर मंडी में बने मतगणना स्थल पर वोटों की गिनती के लिए लगाई गईं टेबल। अमृत विचार



मतगणना स्थल पर कंप्यूटर सिस्टम व उपकरण लगाते कर्मचारी। अमृत विचार

### इन मार्गों से निकलेंगे वाहन

**1. राजापुर चौराहा :** बहराइच मार्ग, खीरी कस्बा राजापुर चौराहे से डान बास्को नहर पुलिया, सौजन्या चौक की ओर जाने वाले सभी वाहन एलआरपी चौराहा/रामापुर से नौरंगाबाद चौराहा होते हुए निकलेंगे।

**2. राजापुर से सौजन्या चौक :** बहराइच मार्ग, खीरी कस्बा, राजापुर चौराहे से डानबास्को नहर पुलिया, सौजन्या चौक की ओर जाने वाले सभी वाहन (एम्बुलेंस व आपातकालीन वाहन को छोड़कर) पूरी तरह से बंद रहेंगे।

**3. सौजन्या चौक :** सौजन्या चौक से राजापुर चौराहा की ओर जाने वाले वाहन सौजन्या चौक से डीसी रोड नौरंगाबाद चौराहा होते हुए अपने गनतव्य की ओर जायेंगे।

### बदले मार्ग से चलेंगी रोडवेज बस

मंगलवार को सुबह 5 बजे से मतगणना समाप्ति तक रोडवेज बसों का संचालन राजापुर व एलआरपी चौराहे से किया जायेगा ।

### इन जगहों पर लगेंगे बैरियर

**बैरियर 1:** डान बास्को नहर पुलिया पर बैरियर लगाया गया है, जहां से वाहनों को राजापुर की तरफ जाने से रोका जायेगा। उनको नहर पटरी की ओर डायवर्ट किया जायेगा। केवल मतगणना में लगे कर्मियों तथा पुलिस/प्रशासन की ओर से अधिकृत/पास धारक, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी, मतगणना एजेंट व मीडिया के वाहन ही मंडी परिसर की ओर जाएंगे।

**बैरियर 2 :** राजापुर चौराहा राजापुर मंडी परिसर की तरफ यातायात नियंत्रण हेतु राजापुर चौराहे पर बैरियर लगाया गया है, जहां से वाहनों को डानबास्को नहर पुलिया की तरफ जाने से रोका जाएगा।

**बैरियर-3 :** तीसरा बैरियर सौजन्या चौक पर वाहनों को राजापुर की तरफ जाने से रोकने व वाहनों को डीसी रोड होते हुए नौरंगाबाद चौराहे से अपने गनतव्य को भेजने के लिए लगाया गया है।

### खीरी लोकसभा सीट के उम्मीदवार

| | |
|---|---|
| 1- अजय कुमार | भाजपा |
| 2- उत्कर्ष वर्मा | सपा |
| 3- अंशय कालरा | बसपा |
| 4- ओमनाथ | राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी |
| 5- खंजन | राष्ट्रीय आजाद पार्टी |
| 6- दरबारी लाल चौहान | जनता क्रांति पार्टी |
| 7- कु. पंचशीला आनंद | उप्र रिपब्लिकन पार्टी |
| 8- मुकेश कुमार | राष्ट्रीय विकल्प पार्टी |
| 9- संध्या जायसवाल | परिवर्तन समाज पार्टी |
| 10- नरेश सिंह भदौरिया | निर्दलीय |
| 11- सतेंद्र कुमार मौर्य | निर्दलीय |

### धौरहरा लोकसभा सीट के उम्मीदवार

| | |
|---|---|
| 1- आनंद भदौरिया | सपा |
| 2- रेखा वर्मा | भाजपा |
| 3- श्याम किशोर अवस्थी | बसपा |
| 4- आशुतोष पाठक | आम जनता पार्टी (इंडिया) |
| 5- काशिम अली | पीस पार्टी |
| 6- जनार्दन प्रसाद | कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया |
| 7- राजेश कुमार | पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी |
| 8-सकसेन | सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी |
| 9- सुदेश कुमार | लोकजन संघर्ष पार्टी |
| 10- राम नरेश | निर्दलीय |
| 11- विजय कुमार तिवारी | निर्दलीय |
| 12- समरेंद्र कुमार | निर्दलीय |

# सपा ने मतगणना में धांधली होने की जताई आशंका



प्रेसवार्ता करते सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव। अमृत विचार

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने मंगलवार को होने वाली मतगणना में धांधली होने की आशंका जताई है। उन्होंने चुनाव आयोग से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतगणना कराने की मांग की है। लोहिया भवन सपा कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि खीरी व धौरहरा लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना निष्पक्ष रूप से कराई जानी चाहिए। फर्जी एक्जिट पोल में भाजपा की सरकार बनाया जाना दिखाया जा रहा है। इस एक्जिट पोल पर जनता भी विश्वास नहीं करती है। पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने कहा कि मतगणना में धांधली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मतदान के दिन मतदान समाप्ति के बाद दिए गए पोलिंग पार्टी के फार्म 17 सी हमारे पास सुरक्षित हैं, जिससे मिलान मतपेटियां खोलने के समय मतगणना स्थल पर किया जाए। उन्होंने मतगणना में कलकुलेटर का इस्तेमाल करने की जिला प्रशासन और चुनाव आयोग से अनुमति देने की भी मांग उठी है। प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व विधायक विनय तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, मोहम्मद कयूम, निसार महलूद, तृप्ति अवस्थी आदि रहीं।

### इन जगहों पर रहेगी पार्किंग

राजापुर मंडी परिसर में मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारियों, कर्मचारी, पुलिस व प्रत्याशियों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था मण्डी परिसर में की गई है, जहां पर तीन पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। मतगणना एजेंट व मीडिया के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था राजापुर चौराहे के पास राजकीय आईटीआई कालेज परिसर में करायी गई है।

### 608 कर्मचारी करेंगे मतों की गिनती

मतगणना कार्य के लिए नियुक्त किये गये प्रेक्षकों, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह की मौजूदगी में मतगणना कार्मिकों का विधानसभावार द्वितीय रैण्डमाईज़ेशन जिला सूचना विज्ञान केन्द्र में सम्पन्न हुआ। इस दौरान डीएम ने कहा कि ईवीएम की मतगणना के लिए चार सदस्यीय टीम में एक-एक माइक्रो आब्ज़र्वर, गणना सुपरवाईज़र, गणना सहायक व चतुर्थ श्रेणी कार्मिक होंगे। डीएम ने बताया कि प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 14 गणना टेबल, एआरओ टेबल के लिए दो व रिज़र्व में तीन-तीन टीमों को रखा गया है। इस प्रकार आठ विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 608 गणना कर्मचारी लगाए गए हैं। जबकि पोस्टल मतपत्रों की गणना खीरी संसदीय क्षेत्र की आठ और धौरहरा संसदीय क्षेत्र की छह नंबर टेबल पर होगी। इस कार्य के लिए तीन-तीन रिज़र्व सहित 22 गणना टीमें गठित की गईं हैं।

# सौजन्या चौराहे से राजापुर मंडी समिति तक नहीं जाएंगे वाहन

## प्रत्याशी व एजेंट के मोबाइल मतगणना स्थल के प्रवेश गेट पर होंगे जमा, डीएम-एसपी ने सुरक्षा बलों को किया ब्रीफ

लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** राजापुर मंडी समिति में मंगलवार को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर सोमवार को डीएम व एसपी ने पुलिस लाइन में ड्यूटी में लगे सुरक्षा बलों और पुलिस जवानों को ब्रीफ किया। उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। मतगणना के दिन सुबह से ही सौजन्या चौराहा से राजापुर मंडी समिति की तरफ कोई वाहन नहीं जाएंगे। इसको लेकर बैरियर भी लगाए गए हैं।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी जवान मुश्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी करें। चुनाव आयोग की गाइडलाइन का हर हाल में पालन कराएं। मतगणना के दौरान सुरक्षा ड्यूटी में लगे जवान मोबाइल से दूरी बनाकर रखें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि सभी सुरक्षाकर्मी समय से ड्यूटी प्वांइट पर पहुंचे। बताया कि मतगणना स्थल की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए प्रत्येक मतगणना केंद्र पर अग्निशमन, एम्बुलेंस, डॉक्टर, क्यूआरटी व रिजर्व टीमें लगाई गई हैं। जिले के अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी पर्याप्त मात्रा में फोर्स तैनात रहेगा। रिजर्व क्यूआरटी टीमें और यूपी 112 पुलिस संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमणशील रहेगी। मीडिया कर्मियों के दोपहिया वाहन ही मंडी समिति तक ले जा सकेंगे। मोबाइल अंदर ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। गाड़ियां मंडी के अंदर किसी एजेंट की नहीं जाएंगी। प्रत्याशी और एजेंट के मोबाइल फोन इंट्री गेट के पहले जमा होंगे। गेट नंबर एक पर मजिस्ट्रेट मधुसूदन तैनात रहेंगे। एसपी ने बताया कि पुलिस अफसरों, कर्मियों की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। थानाध्यक्षो को निर्देश दिए गए हैं कि वह थाना छोड़कर आएं तो सेकेंड अफसर को जरूरी निर्देश देकर निकलें। मतगणना कर्मियों के लिए मंडी गेट पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी। ब्रीफिंग के दौरान एएसपी पूर्वी पवन गौतम, एएसपी पश्चिमी नैपाल सिंह व सभी सीओ मौजूद रहे।



सुरक्षा बलों के जवानों और पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग करते एसपी गणेश प्रसाद साहा व मौजूद डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एएसपी नैपाल सिंह। अमृत विचार



मौजूद सुरक्षा बल के जवान और पुलिस अधिकारी।। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



जीडी गोयनका स्कूल में समरकैंप के समापन पर मौजूद प्रशिक्षक और प्रशिक्षणार्थी।

### रैंपवाक के साथ हुआ समरकैंप का समापन

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** बांकेगंज रोड स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में हुये 15 दिवसीय समरकैंप का समापन रैंपवॉक और प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सीखी गई विधाओं के प्रदर्शन के साथ किया गया। विद्यालय में हुए समापन समारोह का प्रारंभ गणेश पूजन, गणेश वंदना से किया गया। समारोह में नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा श्रीकृष्ण और यशोदा का वात्सल्य रस युक्त मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त कैंप में सिखाए गए फायरलेस कुकिंग और मिट्टी से खिलौने बनाने की प्रस्तुति की गई। बच्चों ने फिल्मी गानों के साथ शास्त्रीय नृत्य भी पेश किया। सभी गतिविधियों के बच्चों ने अपनी गतिविधि को प्रदर्शित करते हुए रैम्प वॉक भी किया। प्रधानाचार्य प्रमिला तिवारी उपाध्याय ने बताया कि समरकैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को निखारने का मौका देना है। जहां एक तरफ कैंप में बच्चों ने घुड़सवारी, रोबोटिक्स, स्केटिंग, फायरलेस कुकिंग, स्विमिंग आदि खेलों, क्रियाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तो वहीं कुछ बच्चों ने टेबल टेनिस, बैडमिंटन, ड्राइंग, संगीत, नृत्य आदि गतिविधियों में भाग लिया।



ममरी स्कूल में समरकैंप के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करतीं मीनाक्षी अग्रवाल।

### सीखने की गतिविधियों से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार।** ममरी स्थित इंडियन चिल्ड्रेन एकेडमी में इंडियन स्टार फाउंडेशन एमआर समरकैंप का शुभारंभ नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन कर फीता काटकर किया। मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा कि समरकैंप में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को विविध कलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त होगा। कहा कि समरकैंप के आयोजन से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी अरविंद पांडे, महेंद्र वर्मा, डॉ प्रदीप वर्मा ने समरकैंप की सफलता की कामना की। आयोजक इंद्रेश कुमार बंसल ने बताया कि समरकैंप में सिलाई, कढ़ाई, इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स, ब्यूटीशियन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संचालन जीशान अंसारी ने किया।

# आरक्षित वन क्षेत्र में पशु की हत्या, मांस समेत एक गिरफ्तार

## बाइक समेत चालक फरार, तलाश में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** रेहरिया पुलिस चौकी क्षेत्र में आरक्षित वन क्षेत्र बेलापहाड़ा में वन विभाग की टीम ने बाइक से जा रहे दो संदिग्ध युवकों को रोकने की कोशिश की तो चालक ने बाइक तेज रफ्तार दौड़ा दी। इससे पीछे बोरी पकड़े बैठा युवक नीचे गिर गया। टीम ने उसे पकड़कर बोरी खुलवाई तो उसमें पशु मांस निकला। वन बीट प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गिरफ्तार आरोपी का चालान कर उसके साथी की तलाश कर रही है।

मोहम्मदी वनरेंज की मूड़ा गालिब बीट प्रभारी नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि वह रविवार की देर रात करीब दस बजे सुरक्षा वाचर रामचंद्र के साथ रोज की तरह गश्त कर रहे थे। आरक्षित वन के अंदर कुछ दूरी पर एक बाइक पर दो लोग बैठे आते हुए दिखाई दिए। जिनके बीच में एक भरी हुई बोरी भी रखी हुई थी। संदिग्ध होने के कारण उन्होंने बाइक चालक को रोकने की कोशिश की। इस पर चालक ने अचानक बाइक तेज रफ्तार दौड़ा दी। एकदम स्पीड बढ़ने से बाइक पर पीछे बैठा शकील निवासी देवी स्थान मोहम्मदी बाइक से बोरी समेत नीचे गिर गया। जिसे उन्होंने वाचर के सहयोग से दौड़कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि एक आवारा बैल को जंगल में ले जाकर उसकी हत्या की और उसके मीट को बोरी में भरकर अपने साथी जावेद निवासी मोहम्मदी के साथ बाइक से शाहजहांपुर के औरंगाबाद ले जा रहा था। बीट प्रभारी ने बरामद मांस और आरोपी को मोहम्मदी पुलिस के हवाले कर दिया और दोनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

**आरोपी बोरी में मांस भरकर बाइक से बेचने जा रहे थे शाहजहांपुर**

प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि वन बीट प्रभारी की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ गौहत्या निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार आरोपी का चालान भेजा गया है। उसके साथी की तलाश की जा रही है।

# घर और दुकान से लाखों की चोरी

संवाददाता, संसारपुर

**अमृत विचार :** थाना मैलानी की पुलिस चौकी संसारपुर में एक किराने की दुकान सहित घर में घुसे चोर नगदी, जेवर सहित लाखों का सामान चुरा ले गये। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने पीड़ित परिवार से जानकारी लेकर जांच शुरू की, पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

थाना मैलानी की पुलिस चौकी संसारपुर के नेशनल हाईवे पर स्थित रविवार की रात कस्बे के सरताज आलम परिवार सहित घर के आंगन में सो रहा था। रात घर को पीछे खेतों की तरफ लगी खिड़की की ग्रिल उखाड़ कर चोर अन्दर कमरे में घुस आए। कमरे में रखी सेफ अलमारी को तोड़कर अलमारी रखी नगदी, जेवर पार कर कमरे को अंदर से बंदकर चलते बने।

सुबह छह बजे पत्नी के जागने पर उन्हें चोरी की जानकारी हुई। सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कस्बे के ही नेशनल हाइवे पर इस्तखार की किराने की दुकान को भी चोरों ने निशाना बनाया। चोर दुकान का शटर तोड़कर दुकान में घुस गए। चोरों ने दुकान के सामने पड़ी टीन शेड के नीचे लगे एलईडी बल्ब को तोड़ दिया। उसके बाद दुकान पर लगे सामने वाले कैमरे को तोड़कर डीवीआर चोरी कर ले गए।

दुकान स्वामी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी दुकान से चोर 25 हजार की नगदी सहित बीड़ी, सिगरेट और कीमती सामान चोरी कर ले गए। सूचना मिलते ही अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर ने दुकान स्वामी से पूछताछ कर जांच शुरू कर दी है।



घर में बिखरा पड़ा सामान।




संसारपुर में तोड़ा गया शटर।

# नाइट वारियर, ज्ञान वाटिका और हेल ब्वायज ने जीते मैच

### गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन हुए तीन रोमांचक मैचों में नाइट वारियर, ज्ञान वाटिका और हेल ब्वायेज ने जीत हासिल कर टूर्नामेंट में बढ़त बना ली है ।

स्व. राजेंद्र गिरि स्टेडियम पब्लिक इंटर कॉलेज में हो रहे 17वें गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन हुए दिलचस्प मुकाबले में पहला मैच नाइट वारियर गोला और स्व. अरविन्द गिरि स्टेडियम जलालपुर के मध्य खेला गया, जिसमें नाईट वारियर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर अकरम 49 की मदद से 10 ओवर में 92 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्व. अरविन्द गिरि स्टेडियम की टीम का कोई भी खिलाड़ी विरोधी टीम की बालिंग और फील्डिंग के आगे देर तक टिक न सका और टीम 80 रनों पर आउट हो गई और नाईट वारियर की टीम को विजेता घोषित किया गया।



गोला में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि। अमृत विचार

दूसरा मैच ज्ञान वाटिका और मुन्नूगंज राइडर के बीच खेला गया, जिसमें ज्ञान वाटिका की टीम टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शुभम 28, सोनू 31 और गुफरान 20 की मदद से 144 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी मुन्नूगंज टीम के बल्लेबाज़ राहुल 43 के अतिरिक्त कोई खिलाडी नहीं टिक सका, जिससे टीम 83 रनों पर ही आउट हो गई और ज्ञान वाटिका ने आसानी से जीत अपने नाम दर्ज कर ली। तीसरा मैच हेल ब्वायेज और हुसैनी क्लब के बीच खेला गया, जिसमें हेल ब्वायेज ने पहले गेंदबाज़ी करते हुए हुसैनी क्लब को 91 रनों पर समेट दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हेल ब्वायेज ने ताबड़तोड़ रन बनाकर चार विकेट से जीत दर्ज कर ली।

टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरि, केके शुकला, रामगुलाम पांडे, राकेश तिवारी बड़े, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, विनोद स्वर्णकार, पंकज राजपूत, रावेन्द्र गिरि, अशोक तिवारी, आनंद किशोर गिरि भोली, शोभित सिंह, मोनू गिरि, मनीष पाठक, पीटीआई कमाल अहमद आदि मौजूद रहे।

# युवती को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम बझेड़ा निवासी आकाश पुत्र मनोहरलाल का उनके घर आना जाना था, जो अपने भाई विकास के सहयोग से उनकी 19 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। युवती एक जोडी सोने के झाला, एक सोने की मटरमाला, एक सोने की झुलनियां, एक मांग बेंदी, एक कमर बिछुआ और पायल साथ में ले गई है। पुलिस ने दोनों भाइयों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर युवती की खोजबीन शुरू कर दी है।

## एक नजर

### बाइकों की भिड़ंत में चार घायल

खीरी टाउन, अमृत विचार : सराय गांव के पास दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कस्बा खीरी के निकट महमदपुर गांव के पास नोगजे पीर बाबा का मेला लगा है, जिसे देखने के लिए कुमार निवासी डिम्हौरा और राजू निवासी कैमहरा बाइक से जा रहे थे। सराय गांव के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। जिन्हें राजापुर चौकी पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

पसगवां, अमृत विचार : जेबी गंज से सटे ग्राम बरखेरियाजाट में महिला की मौत मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर पति अनूप, सास, ससुर, ननद और ननदोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुनौआ निवासी ओमप्रकाश की पुत्री पूजा का विवाह पसगवां थाना के ग्राम बरखेरियाजाट निवासी सोनपाल के पुत्र अनूप के साथ 11 जून 2023 को हुआ था। उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मायके वालों का आरोप था कि दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर पूजा की हत्या कर दी गई और शव को लटका दिया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने जाली अंकपत्र लगाकर हथियाई नौकरी

## आरटीआई के तहत मांगी गई जनसूचना में हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ खमरिया क्षेत्र के गांव दिलावरपुर के मजरा लालपुर का मामला

▸▸ कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज की धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** खमरिया थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर के मजरा लालपुर में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर वरीयता क्रम में आने के लिए हाईस्कूल प्रथम श्रेणी का फर्जी अंकपत्र लगाकर नौकरी हथियाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि नौकरी लगने के कुछ समय बाद आरोपी ने हाईस्कूल द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण अपना अंक पत्र व सह पत्र लगाया है। थाना ईसानगर पुलिस ने सीजेएम कोर्ट के आदेश पर आरोपी आंगनबाड़ी कार्यकत्री के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना खमरिया के गांव दिलावरपुर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता श्याम किशोर मौर्य ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उन्होंने नवंबर 2015 से 22 अप्रैल 2016 के बीच गांव लालपुर के आंगनबाड़ी केंद्र से 7 माह से 3 साल तक के बच्चों, गर्भवती व धात्री पोषाहार वितरण का अवलोकन करने के लिए आवेदन किया था। इस पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम देवी दिलावरपुर व ममता देवी लालपुर को पोषाहार वितरण रजिस्टर सहित 30 मई 2017 को विकासखंड कार्यालय ईसानगर में तलब किया गया था, लेकिन जब वह कार्यालय पहुंचे तो पूनम देवी व ममता देवी निवासी लालपुर मजरा दिलावरपुर ने गाली-गलौज की। आरोप है कि ममता देवी ने घर जाते समय सरकारी रजिस्टर आदि लूटने का फर्जी आरोप लगाकर उसके खिलाफ थाना ईसानगर पर लूट आदि की रिपोर्ट उसके और उसके साथी अवध किशोर मिश्र व अशोक वर्मा के खिलाफ दर्ज करा दी थी। हालांकि साक्ष्य न मिलने पर पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी थी।

उन्होंने कहा है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम देवी ने वरीयता क्रम में आने के लिए फर्जी अंकपत्र लगाकर नौकरी हासिल की है। नियुक्ति के समय दाखिल की गई पहली हाईस्कूल मार्कशीट जांच में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र रामप्रवेश यादव की निकली है। दूसरी वाली मार्कशीट द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण खुद पूनम देवी की निकली, जिसमें भी माता का नाम रूपरानी के स्थान पर निर्मला देवी व जन्म तिथि 1 जुलाई 1985 के स्थान पर 10 जुलाई 1985 दर्ज है। आरोप है कि इस धोखाधड़ी को छिपाने के लिए अपनी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हाईस्कूल प्रमाण पत्र सह अंकपत्र में माता के नाम जन्म तिथि व जिला स्कूल कोड में परिवर्तन कराया गया है। मेरिट लिस्ट में वरीयता पाने के लिए पूनम देवी ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने का हाईस्कूल प्रमाण पत्र सह अंकपत्र कूटरचना कर अपना बनवाकर नियुक्ति प्राप्त कर ली। और उसके बाद अपने इस कृत्य को छुपाने के लिए अपनी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हाईस्कूल प्रमाणपत्र सह अंकपत्र लगा दिया। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसपी ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। थाना ईसानगर पुलिस ने सीजेएम कोर्ट के आदेश पर आरोपी आंगनबाड़ी कार्यकत्री के खिलाफ धोखाधड़ी सहित कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आग से घर व पशुशाला जलकर राख

संवाददाता, सिंगाही



आग की लपटों में घिरा घर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना सिंगाही की ग्राम पंचायत नौरंगाबाद के गांव फरदहिया में सोमवार को खाना बनाते समय एक घर में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर एक पशुशाला भी जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में कोई जन व पशु हानि तो नहीं हुई, लेकिन घर और पशुशाला में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर खाक हो गयचा। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

गांव फरदहिया निवासी कल्लू चौहान के घर महिलाएं सोमवार की सुबह करीब आठ बजे खाना बना रहीं थीं। इसी बीच चूल्हे से उठी चिंगारी से आग भड़क उठी। महिलाओं ने शोर मचाते हुए आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सकीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इससे आसपास के लोगों में भगदड़ मच गई। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक आग ने घर में रखा अनाज व पास में रखे कपड़े व बर्तन आदि को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयानक थी उठ रहीं लपटों ने पड़ोसी शिवराम की घारी (पशुशाला) को भी अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि ग्रामीणों ने समय रहते उसमें बंधे पशु खोलकर बाहर निकाल दिए थे, लेकिन उसमें रखा अन्य सामान आग की भेंट चढ़ गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड व पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

## सुंदरकांड पाठ व भंडारा का आयोजन आज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार को विधायक अमन गिरि द्वारा बाबा त्रिलोक गिरि मंदिर पर प्रातः आठ बजे से सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। विधायक अमन गिरि ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# 10 दिनों से बिजली न आने पर फूटा गुस्सा

## बरवर पावर हाउस पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, जेई के आश्वासन पर ढाई घंटे बाद समाप्त हुआ धरना



भाकियू टिकैत के पदाधिकारी जसबीर सिंह के नेतृत्व में बरवर पावर हाउस पर धरना देते किसान।



बरवर पावर हाउस पर संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

संवाददाता, बरवर-खीरी

**अमृत विचार :** अघोषित बिजली कटौती और पिछले 10 दिनों से आपूर्ति न मिलने से परेशान लोगों के साथ किसानों ने सोमवार को स्थानीय सब स्टेशन को घेर लिया और धरने पर बैठ गए। गुस्साए लोगों ने किसानों के साथ जमकर प्रदर्शन किया। करीब ढाई घंटे बाद जेई नंदराम के बिजली आपूर्ति चालू कराने के आश्वासन पर लोग मान गए, तब धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया।

बरवर पावर हाउस के ग्रामीण फीडरों में मोहम्मदी फीडर, बरगदिया फीडर, कारीफार्म फीडर सहित लिंक लाइनों को सप्लाई नहीं मिल रही है। किसानों का आरोप है कि अनेक गांवों में बिजली आपूर्ति न होने से मोहम्मदी फीडर से संबंद्ध साहूपुर, भौनापुर, गलरई, सेमरा जानीपुर, दुल्हापुर चौबे, ककराही, सेखूपुर, चकमनोहर, बढ़वारी, सर्वांगपुर, गनापुर आदि सैकड़ो गांव बिजली समस्या से पीड़ित हैं। किसानों की फसलें सूख रही हैं। इसी से

> कई गांवों की बिजली लाइन में फाल्ट आने की वजह से आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। इसी बीच आंधी-तूफान आने के कारण बिजली पोल और लाइन टूट गईं। जिसे अभी तक दुरुस्त नहीं किया जा सका है। किसानों और ग्रामीणों के समस्या पर पहले से ही ध्यान दिया जा रहा है, जल्द ही सभी गांवों की बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।
>
> -नंदराम, अवर अभियंता

गुस्साए भाकियू टिकैत, भाकियू स्वराज और संयुक्त किसान मोर्चा के किसानों नेतृत्व में काफी संख्या में लोग सोमवार को करीब तीन बजे सब स्टेशन पर पहुंच गए। संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य अनूप सिंह सिसौदिया और भाकियू टिकैत के मितौली ब्लॉक अध्यक्ष जसबीर सिंह ने जेई और एसडीओ को बुलाने की मांग की गई, लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इतना हीं नहीं जेई संतोष यादव और एसडीओ विकास सिंह ने किसान नेताओं को फोन तक नहीं उठाया। इससे गुस्सा भड़ गया और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। बिजली अधिकारियों के विरोध में धरना और नारेबाजी की सूचना पर करीब ढाई घंटे बाद बरवर नगर के जेई नंदराम पहुंचे। उन्होंने सभी को समझाया और बिजली आपूर्ति जल्द चालू कराने का आश्वासन दिया। उनके आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया। धरना प्रदर्शन में सत्यभान वाजपेई, उमेश शुक्ला, लल्ला त्रिवेदी, बबलू सिंह, बलवीर सिंह, गुरप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह, कुलविंदर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# प्रशासन ने कराया आंधी-तूफान से हुए नुकसान का आकलन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार :** एसडीएम रत्नाकर मिश्र के निर्देश पर तहसीलदार सुखवीर सिंह ने लेखपालों के जरिए गत सप्ताह आए आंधी, तूफान से हुए नुकसान का आकलन कराया है, ताकि पीड़ितों को शासकीय सहायता दिलाई जा सके।

तहसीलदार सुखवीर सिंह ने बताया कि लेखपालों द्वारा कराए गए सर्वे में तहसील क्षेत्र के मोहल्ला अर्जुननगर कालोनी में सुशील अग्रवाल की 35 फुट टीन उड़कर टूट गई। ग्राम पंचायत मुजफ्फरपुर के मजरा रसूलपुर में इसरतजहां (28) पत्नी गुलफाम, पुत्री निसरा (4) सिलेंडर में आग लगने से झुलस गई थीं, जिसका इलाज चल रहा है। ग्राम पंचायत रोशननगर के मजरा कैमा में कृष्ण कुमार पुत्र गुलजारी की पक्की दीवार गिरने से 12 हजार रुपये का नुकसान आंका गया है। ग्राम पहाड़नगर में महेंद्र कुमार और कुलदीप कुमार की टीन शेड उड़कर टूट गई। रामेश्वर दयाल पुत्र मूला और परदेशी जख्मी हो गए थे। उन्होंने बताया कि आंधी तूफान से ग्राम पंचायत तेंदुआ के मजरा विलासपुर में दीवार से दबकर शिवराम की 78 वर्षीय पत्नी फूलमती की मृत्यु हो गई थी। ग्राम पंचायत अजान के मजरा इमलिया में विनोद कुमार पुत्र तौलेराम की पेड़ गिरने से दबकर मौत हुई थी। ग्राम बेलवा में श्यामनरायन पुत्र बाबूराम वर्मा की बाउंड्री गिरने से मृत्यु हुई थी। परगना हैदराबाद के ग्राम रोशननगर में फखरुद्दीन और उनकी पत्नी दीवार गिरने से घायल हुईं थीं। जिन्हें शासकीय सहायता दिलाने के लिए अधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

### वकीलों के लिए लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के एक ट्रॉमा सेंटर के संचालक डॉ. कौशल वर्मा ने जिले के अधिवक्ता संघ सभागार में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। वकीलों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर में उन्होंने फिजियोथेरेपी की जांच एवं दवाइयों का वितरण किया। शिविर में 250 से ज्यादा मरीजों ने लाभ उठाया। अधिवक्ता संघ संरक्षक एडवोकेट अवधेश कुमार सिंह, विश्वास श्रीवास्तव, अजय सिंह, सालिक अहमद, आनुतोष दीक्षित, मोहम्मद नाजिम, शैलेश वर्मा, सचिन प्रभाकर, आदर्श मिश्रा, अवधेश प्रताप सिंह, रणजीत मौर्या, मुकेश रस्तोगी, संजय सिंह, रंजीत मिश्रा, पप्पू शर्मा, देवेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### बैंक जाकर बच्चों ने जानी नकदी की लेन-देन प्रणाली

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सिटी मांटेसरी स्कूल की मुहिम मिशन इन्ट्रैक्ट-नॉलेज इज पॉवर के तहत सोमवार को कक्षा 11 और 12 कॉमर्स वर्ग के विद्यार्थियों ने इंडियन बैंक की मुख्य शाखा में जाकर नकदी लेनदेन प्रणाली को समझा।

शाखा प्रबंधक विकास झा ने विद्यार्थियों को बेसिक ऑफ अकाउंट्स, जनरल एंट्री, जीएसटी, बेसिक वाउचर एवं परचेज इनवॉइस और टीडीएस के बारे में बताया। साथ ही बैंक की कार्यप्रणाली एवं ई-बैंकिंग के फायदे व नुकसान को भी विस्तृत रूप से समझाया। कहा कि आज भले ही हम कितने भी आधुनिक हो गए हैं। हमारा हर कार्य इंटरनेट के जरिए आसान हो गया है, लेकिन आज भी हम ठगी के शिकार हो जाते हैं। हमें सदैव सावधान रहना चाहिए। असिस्टैंट मैनेजर अभिषेक जैन ने विद्यार्थियों को अकाउंट की आधारभूत जानकारी दी।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नया बाईपास गोला बाहर टी0वी0एस0 एजेंसी सड़क के उत्तर दिशा में गाटा संख्या 1964 और 1966 हैं जो कि दोनों विवादित हैं। इनसे संबंधित वाद श्रीमान अपर जिला अधिकारी महोदय लखीमपुर के न्यायालय में विचाराधीन/लंबित है। यदि कोई भी व्यक्ति जाने या अनजाने में उक्त वर्णित आरजी का कुल या अंश खरीदता है तो उस दशा में होने वाले नुकसान/क्षति के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **शशिकांत गुप्ता पुत्र स्व0 स्वामी दयाल गुप्ता निवासी मोहम्मदी रोड, मोहल्ला मुन्नूगंज गोला गोकर्णनाथ, जिला लखीमपुर खीरी।**

# कार्रवाई की मांग पर अड़े वकील, क्रमिक अनशन शुरू

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ सीएचसी अधीक्षक और अधिवक्ता के बीच मारपीट के मामले ने पकड़ा तूल



गोला तहसील परिसर में क्रमिक अनशन पर बैठे अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव।

**अमृत विचार :** सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार और अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव के बीच हुई मारपीट का मामला तूल पकड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने मनोज श्रीवास्तव पर डॉ गणेश कुमार द्वारा दर्ज कराए मुकदमे को स्पंज करने और डॉ गणेश कुमार पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने साथी वकीलों के सहयोग से तहसील परिसर में क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है।

चार मई को तहसील परिसर में सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार और अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई थी। जिसमें पुलिस ने डॉ गणेश की तहरीर पर सरकारी दस्तावेज फाड़ने और मारपीट का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। हालांकि इस मामले में अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव द्वारा भी पुलिस को तहरीर देकर डॉ गणेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने सीएचसी अधीक्षक पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिसको लेकर अधिवक्ताओं द्वारा तहसील परिसर में बैठक कर विरोध प्रदर्शन भी किया गया था। उसी मामले को लेकर सोमवार को अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने डॉ गणेश कुमार द्वारा दर्ज कराए मुकदमे को स्पंज करने और डॉ गणेश पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर तहसील परिसर में क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। उनके समर्थन में अधिवक्ता सुरेशचंद गुप्ता, लालबिहारी वर्मा, आदर्श वर्मा, रचित पाठक, राजेश गिरि, अरुण दीक्षित, रामकुमार गौतम, संतकुमार भारती, नरेन्द्र शुक्ला, उमेश गुप्ता, आशीष मिश्रा सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### गोला रेलवे स्टेशन पर मोबाइल चार्जिंग की सुविधा शुरू

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** ब्राडगेज में परिवर्तन के बाद रेलवे विभाग के अधिकारी यात्रियों को निरंतर बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास कर रहे हैं। नगर के रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए मोबाइल चार्जिंग बोर्ड लगाए गए हैं, जिनमें यात्री एक साथ दर्जनों मोबाइल चार्ज कर सकते हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नगर के रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। स्टेशन को हाईटेक करने के लिए कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। अभी भले ही स्टेशन पर शौचालय, पार्किंग, प्रवेश और निकास आदि की व्यवस्था सुचार रूप से नहीं हो पाई हो, पर यात्रियों को बेहतर मोबाइल चार्जिंग की व्यवस्था स्टेशन पर मिलना शुरू हो गई है। स्टेशन परिसर पर फ़िलहाल अभी पांच चार्जिंग बोर्ड लगाए गए हैं, जिनमें एक चार्जिंग बोर्ड पर यात्री 24 मोबाइल एक साथ चार्ज कर सकते हैं। स्टेशन पर लगे पांच चार्जिंग बोर्ड में 120 प्वांइट दिए गए हैं, जिनमें स्टेशन परिसर पर यात्रियों को इस समय 120 मोबाइल एक साथ चार्ज करने की सुविधा मिल रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
**मो. 9412151327, 7521001992**
पता
**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**इश्तेहार**

न्यायालय श्रीमान महोदय स्थान बहराइच
सा. प्रा. मामला सख्याः 24/70/24
इनवान मुकदमा सीता देवी पत्नी जातजायदाद
बनाम
सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु. सीता देवी पत्नी राम बदल वर्मा निवासी परगना इकौना तहसील पयागपुर बहराइच उक्त अदालत में श्री/श्रीमती/राम बदल पुत्र भगवानदीन निवासी अमराई पर. इकौना, तहसील पयागपुर बहराइच मृतक की जायदाद मालयती प्राप्त करने हेतु सक्सेन प्रार्थना पत्र दिया है जिसमे सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 03 महीन 07 सन् 2024 ई. नियत की गयी है। अगर किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के विरोध में कोई आपत्ती हो तो दिनांक 03/07/24 को अदालत में उपस्थित होकर अपनी आपत्ती दाखिल करे ऐसा न करने पर उक्त प्रार्थना पत्र की सुनवाई एक पक्षीय में की जायेगी।
आज दिनांक 29 महीना 05 सन् ई. 2024 अदालत की मुद्रा लगाकर मेरे हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
मृदा जज

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कंचन पत्नी जितेन्द्र नाथ सिन्हा, निवासी-68, ग्राम-देवानन्दपुर, पो0 रतापुर, जिला-रायबरेली,** यहकि कंचन व रेखा ये दोनों नाम मेरे ही है अलग-अलग नहीं है यह एक ही महिला के नाम है। मेरा नाम कंचन उर्फ रेखा है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं श्रीमती मसीद जहां पत्नी मोहम्मद वसीम निवासिनी ग्राम बस्तौली, बी-ब्लॉक, इंदिरानगर, लखनऊ ने अपनी विवाहित पुत्री रेशमा उर्फ रेशू को उसके गलत आचरण एवं नाफरमानी के कारण अपने सभी सम्बंध समाप्त कर लिए है व अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम किसान बही में देवी प्रसाद पुत्र राम लोचन, भारत निर्वाचन कार्ड में जग प्रसाद पुत्र राम लोचन तथा आधार कार्ड में दद्दन मिश्रा पुत्र राम लोचन दर्ज है। तीनों नाम मेरा ही है। मैंने कोई जाल-साजी व धोखाधड़ी नहीं किया है। आधार कार्ड में अपना नाम जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा पुत्र नाम लोचन मिश्रा करवाना चाहता हू यही मेरा सही नाम है। **- जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा ग्राम पांडे पुरवा मौजा खरगू चांदपुर जिला गोंडा।**

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर-नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना-खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ 105 **दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0- 8896030769 / 9554377000**

**सूचना**

यह सभी को सूचित किया जाता है कि हम, **डॉ. आनंद कुमार और नीतू कुमारी, निवासी -क्वार्टर नंबर सी-2, सीएसआईआर कालोनी, निराला नगर, लखनऊ-226020,** हमारी बेटियों कुमारी अभिज्ञा, जन्म तिथि - 16.06.2012 और कुमारी दक्षिता, जन्म तिथि 09.11.2013 के नाम में उपनाम "**गुप्ता**" जोड़ने का निर्णय लिया है। अब से हमारी बेटियाँ क्रमशः अभिज्ञा गुप्ता और दक्षिता गुप्ता के नाम से जानी जाएंगी। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस परिवर्तन को ध्यान में रखें और भविष्य में हमारी बेटियों को उनके नए नामों से संबोधित करें।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **राम आसरे सिंह सुत ढेलारु, निवासी- ग्राम- भगवानपुर, परगना - मीरानपुर, तहसील- लंभुआ, जिला सुलतानपुर,** मेरे तीन पुत्र है जिसमें दूसरे नम्बर का पुत्र राजीत राम का चाल - चलन ठीक नहीं है गलत लोगों की संगत में रहता है और मेरे कहने - सुनने में नहीं है उससे मैं बहुत दुखी है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरा उससे कोई वास्तव व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम कुमार पुत्र सियाराम, निवासी- ग्राम- रामसिंह खेडा मो0 इसुनिया, पोस्ट- अटवा, जिला-उन्नाव,** मेरी बीमा पॉलिसी में मेरा नाम राजकुमार अंकित है। मेरे समस्त कागजात, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैक खातें में राम कुमार अंकित है जबकि मेरा सही नाम रामकुमार है। इसलिए मेरा नाम राजकुमार के स्थान पर रामकुमार पढ़ा जाय।

**अनदेखी** ग्राम पंचायत दानपुर के विकास कार्यों की पोल खोल रहे शौचालय के टूटे दरवाजे

# सुलभ शौचालय पर गंदगी, हैंडपंप भी खराब

संवाददाता, मितौली




बदहाल हालत में सुलभ शौचालय। अमृत विचार



दानपुर में खराब पड़ा सरकारी हैंडपंप। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत दानपुर के सुलभ शौचालय पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सुलभ शौचालय में टूटे दरवाजे ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की पोल खोल रहे हैं। ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी की लापरवाही के कारण लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत में स्वच्छ पेयजल के लिए लगाए गए हैंडपंप भी खराब पड़े हैं।

सरकार और प्रशासन स्वच्छता पर काफी जोर दे रहा है। खुले में शौच जाने से गांवों को मुक्त करने के लिए ग्राम पंचायतों में सुलभ शौचालयों का निर्माण कराया गया था। इस पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन देखरेख और लापरवाही के कारण अधिकतर सुलभ शौचालय शुरू नहीं हुए। कई शौचालयों के दरवाजे आदि भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इससे लोगों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्राम पंचायतों में लगे अधिकतर सरकारी हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। भीषण गर्मी के बावजूद भी इन्हें ठीक नहीं कराया गया है।

# सात किलो चांदी के साथ कारीगर और उसका साथी गिरफ्तार

## सर्राफ ने कारीगर को बिछिया बनाने के लिये दी थी चांदी, पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



चोरी की चांदी के साथ पुलिस की गिरफ्त में खड़े आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कप्तान साहब हाता निवासी एक सर्राफ करोबारी ने कारीगर को बिछिया बनाने के लिये चांदी दी थी, जिस पर कारीगर ने बिछिया चोरी होने की जानकारी दी। करोबारी ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान पुलिस ने चोरी गई चांदी के साथ कारीगर और उसके साथी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है।

कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि कप्तान साहब हाता निवासी किशोर वर्मा चांदी सर्राफ करोबारी है। उन्होंने कुछ दिन पहले ब्रह्मनगर में रहने वाले कारीगर दीपक वर्मा को बिछिया बनाने के लिए साढ़े सात किलो चांदी दी थी, लेकिन रविवार की रात लगभग 11 बजे दीपक ने किशोर को दी गई चांदी से बनाई बिछिया चोरी होने की जानकारी दी। जिस पर उन्होंने कारीगर पर चांदी की बिछिया चोरी करने का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने कारीगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इधर एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान गंगाघाट पुलिस ने दीपक और उसके साथी सुमित सोनी को श्रीनगर पोनी रोड सरकारी स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उनके पास से 7 किलो 220 ग्राम चांदी की बिछिया छल्ले व चांदी का चूरा व पीतल का छल्ला बरामद किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

● कारोबारी से कहा था कि बनाई गई बिछिया हुई चोरी

### लड़की को भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

शुक्लागंज उन्नाव। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने लड़की को भगा ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि सम्भर खेडा देवारा कला निवासी विमल एक लड़की को बहला फुसला कर भगा ले गया था। जिस पर कोतवाली में विमल के खिलाफ मुकदमा दर्ज था। वह दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहा था। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान सोमवार को पुलिस ने उसे मरहला चौराहे के पास से गिरफ्तार किया और दर्ज मुकदमे के आधार पर कार्रवाई करते हुये उसे कोर्ट भेजा गया है।

# छत पर सोता रहा परिवार पार हो गया लाखों का माल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● चोरों को लोगों ने दौड़ाया तो ईंट-पत्थर चलाकर भागे चोर

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा मोहल्ले में रहने वाला एक परिवार रात छत पर सो रहा था, तभी चोर घर में घुस गये। जहां चोरों ने नकदी जेवर समेत लाखों का माल पार कर दिया। जानकारी होने पर परिवार के लोग बाहर की ओर भागे। जहां भाग रहे चोरों ने परिवार पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। पीड़ित ने चोरी की जानकारी पुलिस को दी है।

चंपापुरवा निवासी रिंकू पुत्र शिवशंकर ने बताया कि रविवार रात वह परिवार के छत पर सो रहा था, तभी कुछ चोर उसके घर में घुस गये। और सोने चांदी के जेवरात समेत 15 हजार रुपये नकद पार कर दिये। रात करीब तीन बजे वह नीचे उतरा तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। यह देख उसने शोर मचाया। जिस पर परिवार के लोग जागे और बाहर की ओर भागे।

जहां उसने अपने चचेरे भाई को कुछ लोगों के साथ देखा। जिस पर शोर मचाते हुये चोरों को दौड़ा लिया। बचने के चक्कर में चोरों ने दौड़ा रहे लोगों पर ईंट पत्थर चला दिये। जिसके बाद गलियों से होकर भाग निकले। पीड़ित ने चोरी के बावत कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और चोर को पकड़ने का आश्वासन दिया है।



चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

# घर में बागवानी तैयार कर पर्यावरण को दे रहे बढ़ावा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव




इस तरह छत पर तैयार की गई बागवानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के अवधपुरी नाथू खेड़ा में रहने वाला एक परिवार पर्यावरण को बनाये रखने के लिये घर की छत पर बागवानी तैयार की है। रविवार को उन्होंने तमाम प्रकार के फलदार और औषधि वाले पौधों का वितरण किया। इसके साथ ही पर्यावरण का संतुलन बनाये रखने को लेकर सकंल्प भी लिया।

अवधपुरी नाथू खेड़ा निवासी देवी प्रसाद मौर्य ने बताया कि उन्होंने पांच सालों में अपनी छत पर बागवानी तैयार कर रहे हैं। जिसमें उन्होंने गेंदा, गुलाब, गुड़हल, मोगरा, चम्पा, चाँदनी, कनेर, गुलदाऊदी, टिकोमा, मधु मालती, बैंगन, टमाटर, धनिया, मिर्च, पुदीना, सूदर्शन के अलावा तमाम प्रकार के पौधे लगा रखे हैं। जिनकी देख रेख उनके भाई सत्यवान मौर्य, भाभी पुनाती मौर्या और उनके पिता छविलाल मौर्या के अलावा वह खुद करते आ रहे हैं।

उन्होंने छत पर डेढ़ सौ अधिक पौधे लगाये है। जिसमें पानी के गैलन, खराब बोतल, दालमोठ, धूपबत्ती हैण्डवाश के पैकेट, खराब टायर आदि चीजों का इस्तेमाल पौधे लगाने के लिये बनाये हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए देवी प्रसाद ने सदर विधायक पंकज गुप्ता, कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति समेत कई समाजसेवियों को तुलसी का पौधा भेंट किया।

# मुख्य आरोपी के देवर की दोबारा हाईकोर्ट से जमानत खारिज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**शुभममणि हत्याकांड**

**अमृत विचार।** 19 जून 2020 को ब्रम्ह नगर निवासी पत्रकार शुभममणि त्रिपाठी की सहजनी के पास गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। हत्या में शामिल आरोपियों पर पत्रकार के भाई ने मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं मुख्य आरोपी के देवर की सोमवार को हाईकोर्ट ने दोबारा जमानत खारिज कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के ब्रम्ह नगर निवासी पत्रकार शुभममणि त्रिपाठी की वर्ष 2020 की 19 जून को उन्नाव से लौटते समय सहजनी दूध मंडी के पास बदमाशों ने गोलियों से भूनकर उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। मृतक के भाई ऋषभ मणि त्रिपाठी ने हत्या में मुख्य आरोपित दिव्या अवस्थी उसके पति कन्हैया अवस्थी के अलावा राघवेन्द्र उर्फ यशू समेत दस के खिलाफ नामजद हत्या, बलवा व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। मुख्य आरोपी दिव्या, कन्हैया ने जमानत की अर्जी दी। जिस पर कई बार लखनऊ उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया और दोनों मुख्य आरोपितों को जमानत नहीं हो पाई थी। इधर राघवेन्द्र ने जमानत के लिये अर्जी दाखिल की गई। हाईकोर्ट ने फैसले के आधार पर राघवेन्द्र की जमानत को दोबारा खारिज कर दी। साथ ही इस मामले को छह माह में समाप्त करने का आदेश देकर सप्ताह में दो बार सुनवाई किये जाने का आदेश भी दिया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेल में बंद हत्योरोपियों की बाहर निकलने की मुश्किल और बढ़ गई हैं। वहीं हत्या में शामिल एक आरोपी कौशल किशोर को पुलिस तीन साल से अधिक के बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सही है।

# घर वाले देखते रहे नौटंकी चोरों ने किया हाथ साफ

**उन्नाव।** माखी थानांतर्गत घत्ताखेडा गांव चोरों ने एक घर का तला तोड़ कर वहां रखा बक्सा उठा कर खेत ले गए। जहां उन्होंने उसमें रखे जेवर और नकदी पार कर दी। घटना के वक्त गृहस्वामी परिवार के साथ गांव में हो रही नौटंकी देखने गया था।

पावा चौकी क्षेत्र के बंदाखेडा के मजरा धत्ताखेडा स्थित झूरी बाबा परिसर में रविवार को मेला लगा था। इसमें रात को नौटंकी का आयोजन था। घसीटे पुत्र भगवती भी नौटंकी देखने के लिए घर में ताला डालकर गया था। भोरपहर वापस लौटने पर ताला टूटा मिला और अंदर सारा सामान बिखरा देखा। गृहस्वामी के मुताबिक उसका बक्सा आधा किमी दूर बंधवा तालाब में पड़ा मिला । बक्से में रखे जेवर और पांच हजार रुपये गायब थे। पावा चौकी पुलिस ने पहुंचकर जोच पड़ताल की है।

# किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को पांच साल कैद

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

● 28 अप्रैल 2017 को आरोपी ने किशोरी के साथ की थी छेड़छाड़

**अमृत विचार।** माखी थानांतर्गत किशोरी से हुई छेड़छाड़ के मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने निर्णय देते हुए युवक को पांच साल की सजा सुनाई है।

बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 28 अप्रैल-2017 की शाम उसकी नाबालिग बेटी खेत जाने की बात कह घर से गई थी। तभी रास्ते में उससे शाहपुर गांव निवासी विनोद ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने बेटी से गालीगलौज व मारपीट की थी। इसमें बेटी घायल हो गई थी। शोर सुन आते ग्रामीणों को देख आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था। आईओ बालिस्टर सिंह ने जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट पेश की थी। सोमवार को मामले की अंतिम सुनवाई विशेष पाक्सो कोर्ट में पूरी हुई। एडीजे शैलेंद्र सिंह यादव ने शासकीय अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव की दलील व साक्ष्य के आधार पर विनोद को दोषी करार देते हुए उसे पांच साल की सजा सुनाई है।

# गर्मी से युवक की गई जान, मचा कोहराम

**शुक्लागंज उन्नाव।** प्रेम नगर निवासी एक युवक की सोमवार दोपहर गर्मी के चलते तबीयत बिगड़ गई। जिस पर उसे इलाज के लिये ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रेम नगर बड़ी मस्जिद निवासी राजकुमार गुप्ता उर्फ कल्लू (45) जनरेटर का काम करता था। सोमवार दोपहर गर्मी के चलते अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी। जिस पर परिजन उसे इलाज के लिये नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। कॉर्डियोलॉजी में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर पत्नी, तीन बेटे और एक बेटी का रो रो कर बुरा हाल है।

# रास्ते में पत्नी की बिगड़ी तबीयत, मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



पीएम हाउस में गमगीन बैठे मृतका के परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के देवारा के रहने वाले एक विवाहिता को उसका पति ससुराल ले जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर विवाहिता के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

देवारा गांव निवासी रामखिलावन की बेटी शिवकांती की शादी दो साल पहले पुरवा कोतवाली के मदाखेड़ा गांव में शिवकुमार के साथ हुई थी। 15 दिन पहले उसने बेटे को जन्म दिया था। रविवार को उसकी तबीयत खराब हुई। जिस पर पति उसे लेने के लिये पहुंचा, तभी रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिस पर पति उसे अचलगंज के लोहचा पीएचसी ले गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत पर मां कृष्णावती समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिये भेजा है।

● 15 दिन पहले उसने बेटे को दिया था जन्म

## सार-संक्षेप

### गर्मी से परेशान लोगों का हाल- बेहाल



कपड़े पहने हुए नल के नीचे बैठकर नहाता राहगीर।

**उन्नाव।** तापमान कम रहने के बावजूद सूर्य की किरणों की तीव्रता से पनपी गर्मी पूरे दिन लोगों को बेहाल किए रही। दोपहर दो बजे के बाद राहगीर रास्ते में पानी की व्यवस्था दिखते ही नलों से हाथ-पैर धोते हुए मिली राहत की वजह से कपड़े पहने हुए नहाते दिखाई दिए। वहीं लगातार गर्मी से आजिज लोगों ने अब ऊपर वाले से रहम की भीख मांगनी शुरू कर दी है। बीते पूरे मई के बाद सोमवार तक यहां प्री मानसूनी बारिश नहीं पहुंच सकी है। इससे पूरे दिन धूप में तपने के बाद देर रात तक धरती गर्म महसूस होती रहती है। अव्वल तो हवा चलनी बंद हो जाती है और हवा चलने के बावजूद गर्मी से निकलने वाला पसीना सूखने का नाम नहीं लेता है। सोमवार को सुबह तापमान भले कम था, लेकिन सूरज की किरणें सात बजे से ही शरीर बर्दास्त नहीं कर पा रहा था। वहीं समय बीतने के साथ पारा बढ़ने का सिलसिला जारी रहा। दोपहर दो बजे के तापमान 43 डिग्री के ऊपर भले नहीं पहुंचा, लेकिन सूरज की किरणें शरीर को झुलसाती रहीं। इससे राहगीरों को जहां भी पानी दिखा वह रुककर पहले हाथ-पैर और मुंह धुलते समय मिले शकून के चलते बिना कपड़े उतारे टोटियों और हैंड पंप के नीचे बैठकर गर्मी से राहत प्राप्त करते दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि देर से धूप में रहते हुए शरीर जल रहा था। अब गीले कपड़ों में शकून प्राप्त हो रहा है।

### बस स्टॉप न होने से भीषण गर्मी में यात्री परेशान

**उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित लखनऊ बाईपास के अन्नपूर्णा मंदिर के पास चिलचिलाती धूप में यात्रियों के लिए बैठने की और पीने के पानी की व्यवस्था न होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्री हाईवे के किनारे लगी दुकानों के पास रुककर बस का इंतजार करते हैं। बता दें कि हाईवे के दोनों ओर यात्रियों के लिए बस स्टॉप की सुविधा नहीं है। राहगीर सड़क किनारे खड़े होकर भीषण धूप में रोडवेज बस का इंतजार करते हैं। बस स्टॉप करीब तीन किमी दूर शहर के अंदर बना है। जबकि, हाईवे के दोनों तरफ किनारे लखनऊ बाईपास पर बसें रुकती हैं। इनसे नौकरी पेशा लोग आवागमन करते हैं। यहां से लखनऊ, कानपुर, अयोध्या व गोरखपुर सहित सैकड़ों शहरों के लिये रोडवेज बस यात्रियों को आसानी से मिल जाती हैं। यात्रियों की मानें तो यहां बसें रुकती भी हैं। 30 लाख से अधिक आबादी वाले जिले में रोज हजारों यात्री लखनऊ बाईपास के सामने चिलचिलाती धूप में हाईवे के किनारे खड़े होकर घंटों वाहनों का इंतजार करते हैं। लखनऊ कानपुर हाईवे दीनदयाल स्टेडियम के पास एक छोटा सा यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण शुरू हुआ था। लेकिन विभागीय अफसरों की लापरवाही के चलते निर्माण अधूरा पड़ा है। यह हाईवे कानपुर, एटा, मैनपुरी, कानपुर देहात, वहीं लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा और गोरखपुर सहित कई बड़े जिलों को जोड़ता है। यहां से सैकड़ों रोडवेज व निजी बसों का संचालन हो रहा है। लेकिन इस भीषण गर्मी में यात्रियों व राहगीरों को लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित बाईपास पर अन्नपूर्णा मंदिर के सामने यात्रियों के लिए यात्री प्रतीक्षालय न बना होने से राहगीरों व यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा उन लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अधूरा प्रतीक्षालय बन जाये तो उन्हें कुछ राहत मिल जाये। अभी भीषण गर्मी में हाईवे किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। यात्रियों के लिए कोई सुविधा नहीं है। एआरएम गिरीश चंद्र वर्मा ने बताया कि यात्रियों के लिए हाईवे किनारे यात्री प्रतीक्षालय सहित अन्य सुविधाओं की जिम्मेदारी एनएचएआई की होती हैं। इसे लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से कहा जा चुका है। लेकिन अभी तक कुछ भी नहीं किया गया।

### मांझे से एसएनटी कर्मी की कटी गर्दन,भर्ती

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव अमृत विचार। गंगाघाट स्टेशन पर तैनात एसएनटी कर्मी सोमवार को ड्यटी आ रहा था, तभी उसकी पतंग के मांझे से गर्दन कट गई। उसे इलाज के लिये ले जाया गया। एसएनटी कर्मी रामकुमार सोमवार सुबह बाइक से गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी आ रहा था, तभी कैंट क्षेत्र में पतंग के मांझे से उसकी गर्दन कट गई। किसी तरह रूमाल बांधकर स्टेशन पहुंचे। जहां उन्हें इलाज के लिये ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज किया।

### कार की टक्कर से महिला घायल

**उन्नाव।** सदर कोतवाली की पीआरवी में तैनात महिला सिपाही मंजू (40) पत्नी स्व. प्रदीप कुमार को जिला अस्पताल के बाहर तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इसमें सिपाही घायल हो गई। आसपास के लोग दौड़े तो चालक कार लेकर भाग निकला। लेकिन टक्कर लगने से उसकी नंबर प्लेट वहीं गिर गई। सूचना पर अस्पताल चौकी पुलिस ने घायल महिला सिपाही को इमरजेंसी में भर्ती कराया।




बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### संगठन विस्तार को बनाई रणनीति

**शुक्लागंज उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने संस्था को क्रियाशील बनाने को लेकर चर्चा की। जिला समंवयक सूर्य कुमार बाजपेयी ने बैठक का संचालन किया। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष विमलेश अवस्थी, महासचिव, राकेश श्रीवास्तव आदि ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस मौके पर आशुतोष शुक्ला, अंजनीकांत मिश्रा, अनुज तिवारी, अशोक तिवारी, ओमप्रकाश मिश्रा, कैलाश नाथ द्विवेदी, रूपकांत, जयकरन सिंह, विनोद अवस्थी, आशीष शुक्ला, अवनीश शुक्ला मौजूद रहे।

### घर में घुसकर मारपीट करने का लगाया आरोप

**औरास।** दीपू पुत्र मोलहे राठौर निवासी गांव टिकरा सामद थाना औरास ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार रात उसके घर बहन बहनोई भी आये थे। रात करीब तीन बजे पुरानी खुन्नस के चलते पड़ोसी संग्राम पुत्र विमल सिंह उसके घर में दीवार फांदकर घुसा और उसके धोखे उसके बहनोई पर हमला कर दिया।

**लोकसभा चुनाव -2024** उच्चाधिकारियों ने मतदान कार्मिकों को दिए पारदर्शी व निष्पक्ष मतगणना कराने के निर्देश

# प्रेक्षकों की मौजूदगी में कराया गया द्वितीय रेंडमाइजेशन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



मतगणना के संबंध में मतदान कार्मिक से बात करते प्रेक्षक बाबू ए व कविता रानी आर।



रेंडमाइजेशन में शामिल मतदान कार्मिक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक बाबू ए और कविता रानी आर ने जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) गौरांग राठी की मौजूदगी में मतगणना स्थल की तैयारियों का जायजा लिया। प्रेक्षकों ने कहा कि मतगणना में किसी तरह का व्यवधान नहीं होना चाहिए। साथ ही निष्पक्षतापूर्वक पारदर्शी मतगणना होनी चाहिए। अधिकारियों ने द्वितीय रेंडमाइजेशन के साथ् समय पर डयूटी पत्र वितरित किए।

प्रेक्षकों ने यहां रविवार देर शाम पहुंचकर डेरा जमा लिया। साथ ही दिन में करीब 11 बजे राजकीय भंडारण गृह पहुंचकर स्ट्रांग रूम सहित विधानसभावार सभी छह मतगणना हाल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम से ईवीएम को मतगणना स्थल पहुंचाने का प्रबंधन पूरी तरह व्यवस्थित दुरस्त होना चाहिए। अलग-अलग मतगणना हाल का निरीक्षण करते हुए प्रेक्षकों ने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों से मतों की गिनती के संबंध में सवाल दागने का सिलसिला जारी रखा। साथ गिनती के बाद ईवीएम व चक्रवार शीट भरने के संबंध में भी पूछताछ की। मतगणना स्थल का निरीक्षण कराने के बाद डीएम ने प्रेक्षकों की मौजूदगी में ही मतगणना कार्मिकों को रेंडमाइजेशन शुरू कराया। रेंडमाइजेशन के बाद प्रेक्षकों ने कार्मिकों को निष्ठापूर्वक दायित्व निर्वहन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम में दर्ज मतों का विवरण मौके पर मौजूद सभी प्रत्याशियों के मतगणना अभिकर्ताओं को दिखाते हुए अगली ईवीएम को कनेक्ट किया जाए। प्रेक्षकों सहित डीईओ ने कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश व एडीएम नरेंद्र सिंह को सभी मतदान कार्मिकों को समय पर ड्यूटी पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु गुप्ता, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज व डीडीओ संजय पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एकल विद्यालय द्वारा वन यात्रा कार्यक्रम आयोजित

**चकलवंशी उन्नाव।** क्षेत्र के गांव बरभौला स्थित विद्यालय में नगर से समिति वन्यत्रियों का ग्राम समिति द्वारा तिलक कर भव्य स्वागत किया गया और आचार्या द्वारा बच्चों से कहानी ,गीत, बाल गीत भोजन मंत्र इत्यादि सुना गया।

ग्राम समिति के द्वारा सत्संग के माध्यम से कार्यक्रम भी किया गया। जिसमें उपस्थित वनयात्री अंचल से अंचल कार्यालय प्रभारी सुनील पांडे, संच सफीपुर के संच अध्यक्ष अकबाल बहादुर, संच कोषाध्यक्ष कमलेश गुप्ता, संच सचिव बद्रीनाथ मिश्रा, संच समिति सदस्य सुरेंद्र चौहान, कौशल किशोर सिंह, जितेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, दीपांशू राठौर, लक्ष्मीकांत शुक्ला, रामजीवन राठौर, रजनीकांत तिवारी रहे।

# उफ! 17 घंटे गुल रही बिजली से बिलबिला उठे लोग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● दो मोहल्ले के फुंके ट्रांसफार्मर से मचा कोहराम

**अमृत विचार।** गर्मी के चलते रविवार की रात गांधी नगर और आदर्श नगर में 630 केवीए के ट्रांसफार्मर फुंक गये। जिन्हें सोमवार दोपहर बदला गया। इस दौरान दोनों मोहल्लों के हजारों घरों की लगभग 17 घंटे तक बिजली गुल रही। बिजली न आने से गर्मी में लोग बिलबिला गये। वहीं अन्य मोहल्लों में फाल्ट होने से भी बिजली गुल रही।

रविवार रात 11 बजे विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान राजधानी मार्ग गांधी नगर केके वर्मा वाली के पास लगा 630 केवीए ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण फुंक गया। इसी तरह रात नौ बजे आदर्श नगर में भी गर्मी के तापमान के बीच 630 केवीए ट्रांसफार्मर भी फुंक गया। दोनों मोहल्लों में रहने वाले लोगों ने बिजली विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत का कार्य किया लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं बन सका। जिस कारण पूरी रात बिना बिजली के हजारों लोगों को रहना पड़ा और गर्मी से लोग परेशान हो गये। सोमवार दोपहर तीन बजे दोनों स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगाकर सप्लाई चालू की गई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। रविवार रात आदर्श नगर की एक गली में एबीसी लाइन टूट गई। जिसकी सोमवार सुबह मरम्मत की गई। सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही।

# नहर में नहाते समय डूबा किशोर, मौत

## परिजनों ने दोस्तों पर लगाया बेटे को डुबोकर मारने का आरोप ○ गोताखोरों की मदद से निकाला गया शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


अभी तिवारी।


बिलखते पिता। अमृत विचार

- घटना के बाद घर में मचा कोहराम, लोग सांत्वना देने में जुटे रहे
- सात दोस्तों के साथ नहाने गया था ई रिक्शा चालक का बेटा अभी तिवारी

**अमृत विचार।** माखी थानांतर्गत रुपऊ गांव में नहर में नहाते समय किशोर गहरे पानी में डूब गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसका शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। किशोर के पिता ने साथ गए दो युवकों पर बेटे को पानी में डुबोकर मारने का आरोप लगाया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी निवासी ई-रिक्शा चालक का 16 वर्षीय बेटा अभी तिवारी दोस्त रिषभ, वंश, राजा, मोहित सहित सात दोस्तों के साथ ई-रिक्शा से माखी थानांतर्गत रुपऊ गांव के पास से निकली नहर में नहाने गए थे, जहां गहरे पानी में जाने से अभी डूब गया। इसकी जानकारी रिषभ ने अपनी मां गुड्डी को दी और उसने अभी के घर जाकर उसके डूबने की बात बताई।

सूचना मिलने पर बदहवास परिजन माखी थाने पहुंचे और घटना की जानकारी दी। शुक्लागंज से आए गोताखोरों ने डूबने के स्थान से करीब 200 मीटर आगे से उसका शव खोज निकाला। परिजन बेटे का शव देखकर बेहाल हो गए। पोस्टमार्टम हाउस में पिता ने अभी के दोस्त रिषभ पर बेटे को घर से बुलाकर ले जाने और वंश के साथ मिलकर उसे डुबोकर मारने की आशंका जताई है। इस पर पुलिस ने रिषभ से पूछताछ की है।

### स्टेशन पर मिले शव की हुई पहचान

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास रविवार देर रात एक अज्ञात युवक का शव मिला था, पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया था। सोमवार को मृतक के भाई ने फोटो देखकर उसकी पहचान की। रविवार रात लगभग साढ़े नौ बजे गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव आस पास के लोगों ने पड़ा देखा था। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई थी। पहचान न होने पर शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया गया था। सोमवार को कंचन नगर मंशा खेड़ा निवासी रमेश तिवारी ने फोटो देखकर अपने भाई अजय तिवारी के रूप में पहचान की। उसने बताया कि उसका भाई मूलरूप से खाभामऊ, थाना बेहटा मुजावर का रहने वाला था। शुक्लागंज में रहकर मजदूरी का काम करता था।

# चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान कटकर गई जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- अयोध्या जाते समय ट्रेन से पानी पीने के लिए नीचे उतरा था वृद्ध

**अमृत विचार।** रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहा वृद्ध उन्नाव रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में पहिए के नीचे आकर कट गया। रेलवे पुलिस ने शव ट्रैक से हटवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जालौन जिला के आटा थाना क्षेत्र के कोहिना गांव निवासी भानु प्रताप (70) पुत्र स्व. गंगा सिंह खेती करते थे। बेटों के बड़े होने पर वे खेती की जिम्मेदारी उन्हें सौंपकर अधिकांश समय पूजा पाठ में व्यतीत करते थे। वह अक्सर तीर्थ स्थलों में दर्शन के लिए जाकर वहीं आश्रम में रहते भी थे। रविवार रात वह अयोध्या में राम लला के दर्शन करने जाने की बात कहकर घर से निकले थे। कानपुर सेंट्रल से वह गोरखधाम एक्सप्रेस में बैठ कर जा रहे थे। सोमवार सुबह उन्नाव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-तीन पर ट्रेन रुकने पर पानी लेने नीचे उतरे। तभी ट्रेन चल दी तो उन्होंने दौड़कर उसमें चढ़ने का प्रयास किया। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह ट्रेन के पहिए के नीचे आकर कट गए।

रेलवे पुलिस ने शव ट्रैक हटवाकर रूट क्लियर कराया और जामातलाशी में उनके पास मिली डायरी में लिखे फोन नंबर से परिजनों को घटना की सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उनकी मौत की सूचना पर पत्नी ऊषा सिंह सहित तीन बेटे रविंद्र, हरेंद्र व गजेंद्र रो-रोकर बेहाल गये । एसओ जीआरपी अरविंद पांडेय ने बताया कि रनओवर से वृद्ध की मौत हुई थी। पीएम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

## रेलवे ट्रैक किनारे करंट से झुलसा मिला युवक, भर्ती



**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी मूक-बधिर युवक बीती देरशाम रेलवे ट्रैक किनारे संदिग्ध परिस्थिति में करंट की चपेट में आने से झुलसा मिला। जानकारी होने पर ग्रामीणों के सहयोग से परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव कठिघरा निवासी सुरेश का 40 वर्षीय पुत्र सुनील रविवार देरशाम गांव के पास से गुजरी बालामऊ कानपुर रेलवे लाइन पर विद्युत लाइन के पोल के पास संदिग्ध अवस्था में झुलसा पड़ा मिला। ग्रामीण की सूचना पर पहुंचे पीआरवी सिपाहियों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचा युवक का भाई मिथिलेश उसे ग्रामीणों के सहयोग से फतेहपुर चौरासी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


मौके पर जांच पड़ताल करती आरपीएफ और गंगाघाट पुलिस। अमृत विचार

# पटरी पर रख दिया सिर ऊपर से गुजर गई ट्रेन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- शव ट्रैक पर पड़ा होने से रुकी वंदेभारत व अन्य ट्रेनें

**अमृत विचार।** सोमवार को कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित डाउन लाइन पर रश्मि लोक के पास कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही समर स्पेशल ट्रेन के आगे एक अज्ञात युवक ने अपना सिर रख दिया। जिससे सिर धड़ से अलग हो गया । शव ट्रैक पर पड़ा होने से वंदेभारत समेत कई ट्रेनें स्टेशन पर रुकी रहीं।

सुबह करीब ग्यारह बजे कानपुर से लखनऊ की ओर मुम्बई गोरखपुर समर स्पेशल ट्रेन जा रही थी, तभी रश्मि लोक के सामने खंभा नंबर 65/24 व 65/26 के पास एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक ने ट्रेन के सामने रेलवे पटरी पर अपना सिर रख दिया। ट्रेन के गुजरने से सिर धड़ से अलग हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद दूसरी ट्रेन गुजरी। जहां उसके चालक ने शव देखा। जिसकी जानकारी मगरवारा रेलवे स्टेशन को दी गई। जिस पर गंगाघाट एसएस को सूचना दी गई। सूचना पर आरपीएफ मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को ट्रैक से हटवा कर कब्जे में लिया । वहीं ट्रैक पर शव पड़ा होने के कारण वंदेभारत, झांसी पैसेंजर, आगरा कैंट को गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर रोका गया।

## एक नजर

### विद्युत करंट से झुलसा किशोर, भर्ती

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जिरिकपुर निवासी राजेश यादव का 15 वर्षीय पुत्र सुमित सोमवार सुबह घर में घरेलू विद्युत उपकरण दुरुस्त कर रहा था। तभी वह अचानक तेज करंट की चपेट आकर गंभीर रूप से झुलस गया। मां आशा आनन-फानन उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवती गंभीर, रेफर

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला सरांय निवासी प्रसाद की 20 वर्षीय बेटी नीलम सोमवार को घर में रोजमर्रा का काम कर रही थी। तभी अचानक घर में छिपे बैठे किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत नाज़ुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# वकीलों ने कानूनगो के खिलाफ किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

- अधिकारियों से की आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग

**अमृत विचार।** सदर तहसील में बीते शनिवार कानूनगो व अधिवक्ता के बीच में ईडब्लूएस पत्र बनवाने को लेकर विवाद हो गया था। अधिवक्ता का आरोप है कि कानूनगो व लेखपाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे बुरी तरह से पीटा। जबकि कानूनगो ने अभद्रता व मारपीट के आरोप को गलत ठहराया है। बार एसोसिएशन ने इसे गंभीरता से लेते हुए सोमवार को बैठक बुलाई। जहां धरना को लेकर मन्त्रणा हुई। सैकड़ों अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर हंगामा किया।

अधिवक्ता चंद्र प्रकाश राजपूत के साथ मारपीट होने को लेकर उन्नाव बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश शुक्ला व महामंत्री अरविंद दीक्षित ने बताया कि अधिवक्ता के साथ कानूनगो व लेखपाल ने मारपीट की है। इसमें तहसील के अन्य कर्मचारी भी रहे हैं। यही नहीं अधिवक्ता से अभद्रता, गालीगलौज के साथ उसको एसडीएम सदर के कक्ष तक खींचकर ले गये। एसडीमए सदर प्रज्ञा पांडे ने भी अधिवक्ता को अपमानित किया। इससे अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इसे लेकर बार एसोसिएशन की बैठक सोमवार को सुबह 10 बजे बार सभागार में बुलाई गई थी। अधिवक्ताओं ने मंत्रणा के आधार पर निर्णय लेकर एक सैकड़ा से अधिक अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया और अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने बताया कि अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता व मारपीट की घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्रवाई न होने तक हड़ताल जारी रहेगी।

## जहरीले कीड़े के काटने से बच्ची की मौत

**हसनगंज उन्नाव।** माता-पिता के साथ आम के बाग की रखवाली करने गई 6 वर्षीय बच्ची की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई। जानकारी होने पर गांव में हड़कम्प मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के मौला बाकीपुर गांव निवासी मो. अली पुत्र कासिम अली गांव के वीरप्रकाश सिंह के बाग की देखरेख करता था। वीरप्रकाश ने कुछ आम के पेड़ मो. अली को दे रखे थे। उन्हीं के साथ साथ वह बाग की भी निगरानी करता था। सोमवार दोपहर 2 बजे मो. अली अपनी पत्नी गुड्डी व बेटी शिफा के साथ आम के बाग में था। बेटी कुछ दूर पर खेल रही थी। तभी अचानक बेटी को जहरीले कीड़े ने काट लिया। बेटी ने कीड़े काटने की बात पिता से बताई। जानकारी पर आनन-फानन पिता बेटी को लखनऊ के निजी अस्पताल ले गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मां मुरादें पूरी कर दे हलुआ बाटूंगी...

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव


देवी गीतों पर झूमते भक्तजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के रंग उत्सव संस्था व विधिक सेवा संस्थान के सहयोग से जय मां दुर्गा मंदिर समिति के द्वारा द्वितीय जय मां दुर्गा मेले का आयोजन किया गया। मेले में दिन में विशाल भंडारा व रात में माता रानी का जगराता और सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जय मां दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर सोमवार रात मंदिर परिसर में माता रानी का जागरण हुआ। जागरण में भजन गायकों ने अपने भजनों से माहौल भक्तिमय कर दिया। माता रानी के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे।

जागरण की शुरुआत विघ्नहर्ता भगवान गणेश की वंदना के साथ हुई। मां शारदे व गुरु की स्तुति के बाद शुरू हुआ भजनों का सिलसिला रात भर चलता रहा। प्रिया तिवारी ने 'ऐ मां मुझको ऐसा घर दो जिसमें तुम्हारा मंदिर हो' और 'माता किसी गरीब की बिगड़ी संवार दे' भजन प्रस्तुत किए। तो श्रद्धालु भक्तिमय होकर झूमने लगे। सुंदरलाल ने 'भक्तों को दर्शन दे गई एक छोटी सी कन्या' और 'मां मुरादें पूरी कर दे हलुवा बांटूंगी' आदि भजन पेश किए। आरती के पश्चात भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। जागरण सुनने के लिए पहुंचे लोगों ने माता रानी के लिए चुनरिया, नारियल, मिठाई व पूजन सामग्री भेट की। इस कार्यक्रम में रंग उत्सव संस्था सचिव सूरज गौतम, अध्यक्ष अंशु कनौजिया, प्रेम सिंह, रुस्तम, राजू, शिवकांत जगपाल, मुकेश कश्यप, मौजी लाल यादव, मानसिंह, रवि नादान, प्रधान जितेंद्र राजपूत, संजय, पुत्तीलाल गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मां के भक्त मौजूद रहे।

# खेत की रखवाली कर रहे वृद्ध की बिगड़ी हालत, मौत

संवाददाता औरास उन्नाव


ओमप्रकाश मौर्य।

**अमृत विचार।** गर्मी में आम के बाग की रखवाली कर रहे वृद्ध की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी ले गये। जहां से डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। रास्ते में ही वृद्ध की मौत हो गई।

कस्बा औरास के मोहल्ला शांति नगर निवासी ओमप्रकाश मौर्य (65) कस्बा निवासी एक किसान के बाग की रखवाली कर रहे थे। बाग की रखवाली के दौरान गर्मी में लू लगने से बाग में ही बेहोश होकर गिर गए। जहां से परिजन उसकी हालत बिगड़ती देख नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टर उमर फारुक ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन, परिजन उसे निजी वाहन से लखनऊ ले जा रहे थे। तभी हाजीपुर गोशा के पास रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी रामकली बदहवास हो गई। शाम को उसके शव का गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं कस्बे में असमय मौत होने को लेकर कई चर्चाएं रहीं। जिसमें लोगों ने हीट स्ट्रोक की भी आशंका जताई है।

## अधेड़ ने घर में फांसी लगाकर की खुदकशी

**हसनगंज उन्नाव ।** कस्बा मोहान में संदिग्ध परिस्थिति में 50 वर्षीय व्यक्ति का शव सोमवार दोपहर घर के कमरे में कुंडे के सहारे फंदे पर लटकता मिला। मोहल्ले के लोग दरवाजा तोड़कर नीचे उतारते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

बता दें कि कस्बा मोहान के पकरा मोहल्ला निवासी राजू पुत्र राधे चौरासिया मोहान में विक्रम ऑटो पार्ट्स के नाम से दुकान किये था। परिजनों ने सोमवार दोपहर राजू को घर के अंदर कमरे में लगे कुंडे से फांसी पर लटका देखा तो बदहवास हो गए। आनन-फानन मोहल्ले के लोगों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर राजू को फंदे से नीचे उतारा लेकिन, तब तक उसकी सांसे थम चुकी थीं।

# महिला क्रिकेट टीम में चयन को दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


ट्रॉयल में शामिल महिला खिलाड़ियों को नियम बताते चयनकर्ता व डीसीए पदाधिकारी।

- यूपीसीए में पंजीकृत एक दर्जन क्रिकेटरों ने साबित की अपनी-अपनी प्रतिभा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) के बैनर तले जिला महिला क्रिकेट टीम गठन के लिए स्टेडियम में ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित हुई। पहले चरण के ट्रॉयल में 12 महिला प्रतिस्पर्धियों ने इसमें अपना दमखम दिखाया।

इन दिनों खेल सत्र 2024-25 के लिए डीसीए अलग-अलग वर्गों की टीम गठन के लिए ट्रायल प्रतियोगिताएं आयोजित करा रहा है। इसी क्रम में महिला टीम गठन के लिए पहले चरण का ट्रॉयल आयोजित कराया गया। इसमें यूपीसीए में पंजीकृत 12 प्रतिभागियों ने परस्पर प्रतिस्पर्धा की। खिलाड़ियों ने निर्धारित ओवर गेंदबाजी व बल्लेबाजी करते हुए स्वयं को साबित करने का प्रयास जारी रखा। इस दौरान चयनकर्ता के तौर पर मसूर खान, संजय श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव शंकर, नवीन सिन्हा व विकास सिन्हा ने प्रतिस्पर्धियों का मूल्यांकन जारी रखा।

इस दौरान डीसीए महासचिव पीके मिश्र भी खिलाड़ियों की प्रतिभा का आकलन करते रहे। इसके अलावा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गंजमुरादाबाद की शारीरिक शिक्षिका पूनम गुप्ता व ओम मिश्रा भी मौजूद रहे।

# डंपर की टक्कर से ट्रक चालक की गई जान, तीन घायल

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- पंचर ट्रक किनारे खड़ा कर सो रहे थे चालक और खलासी

**अमृत विचार।** असोहा थानाक्षेत्र के लालाखेड़ा चौराहा के पास खड़े ट्रक में डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे आगे पंचर खड़े ट्रक के पास सो रहे चालक की मौत हो गई। इसमें बगल में लेटा खलासी व डंपर चालक को चोटें आई हैं।

कानपुर जिला के बिधनू थानांतर्गत शंभुआ गांव निवासी राजू (25) पुत्र मेवालाल ट्रक चालक था। रविवार रात करीब एक बजे वह गांव के ही खलासी रामराज के साथ हमीरपुर से मौरंग लादकर लखनऊ जा रहा था। शाहाबाद गांव के पास उसके ट्रक का पिछला पहिया पंचर हो गया। इस पर वह और खलासी ट्रक के बगल में लेट गए। ट्रक के पीछे एक और ट्रक भी खड़ा था। तभी भल्लाफार्म की ओर से आए डंपर ने अचानक खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। इससे ट्रक के बगल में लेटे राजू को ऊपर उसी के ट्रक का पहिया चढ़ गया और उसकी मौत हो गई। हादसे में रामराज, दूसरे ट्रक का चालक संजीव, खलासी राजीव व डंपर चालक रामसेवक को चोटें आईं। पुलिस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। पति की मौत की खबर से पत्नी आकांक्षा, मां गुलाबदेई, बड़ा भाई विजय सहित अन्य बेहाल हो गये।

**लोकसभा चुनाव- 2024** प्रेक्षकों की मौजूदगी में सुबह सात बजे से शुरू होगी पोस्टल बैलेट की गिनती, सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

# मतगणना आज : कौन पहनेगा ताज, फैसला होगा आज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** मतदान के 21वें दिन मतों की गिनती पूरी होने के साथ तय हो जाएगा कि 18वीं लोकसभा में जिले का प्रतिनिधित्व करने का सेहरा किसके सिर सजेगा। भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि प्रेक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी की मौजूदगी में सुबह सात बजे से मतदान कार्मिक मतों की गिनती का कार्य शुरू करेंगे।

उल्लेखनीय है कि जिले में 13 मई को चौथे चरण के तहत मतदान कराया गया था। करीब 55 फीसदी मतदाताओं ने अपने-अपने मतदान बूथ पहुंचकर पंसदीदा प्रत्याशियों को निर्वाचित घोषित कराने के लिए मतदान किया था। इसके बाद से जिले का हर खास-ओ-आम लगातार चुनाव परिणामों को लेकर कयास लगाते आ रहे हैं। मतदान के दिन जहां सातवें चरण की वोटिंग और इसके बाद मतगणना दिवस के बीच काफी अंतर महसूस किया जा रहा था।

वहीं अब मतों की गिनती की उल्टी गिनती शुरू होने के साथ प्रत्याशियों सहित उनके करीबियों में परिणामों को लेकर बेचैनी बनी है। बीते कई दिनों से जिला निर्वाचन अधिकारी सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी मतगणना की तैयारियों में जुटे थे। अब मंगलवार को सुबह पांच बजे मतगणना कार्मिकों व प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं के पहुंचने के साथ मतगणना स्थल राजकीय भंडारण गृह में गहमा-गहमी बढ़ जाएगी। मतों की गिनती शांतिपूर्वक संपंन कराने को जिला प्रशासन ने सुरक्षा बलों की तैनाती कर चाक-चौबंद इंतजाम व्यवस्था कर रखी है।

### कांग्रेस प्रत्याशी रहते अन्नू टंडन को पड़े थे जमानत बचाने के लाले

- पिछले लोकसभा चुनाव में निवर्तमान सांसद भाजपा प्रत्याशी डा. साक्षी महाराज ने 7,03,507 यानी 67.87 फीसदी मत प्राप्त हुए थे। उन्होंने 4,00,956 मतों के अंतर से सपा प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ल अन्ना को मतों के बड़े अंतर से हराया था। वहीं इस बार मुख्य मुकाबले में शामिल मानी जा रहीं इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद अन्नू टंडन को कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर 15.1 फीसदी यानी 1,85,634 मत ही प्राप्त हो सके थे। वर्ष 2019 के चुनाव में मौजूदा सपा प्रत्याशी की जमानत नहीं बची थी।

### सबसे अधिक समय तक गिने जाएंगे भगवंतनगर क्षेत्र के मत

- बांगरमऊ व सदर विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती सबसे पहले पूरी होने की उम्मीद है। वहीं बूथों की संख्या अधिक होने से भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना सबसे अंत में पूरी होगी। बांगरमऊ विधानसभा क्षेत्र में 391 और सदर में 399 पोलिंगबूथ हैं। बांगरमऊ में 28 राउंड और सदर में 30 राउंड होंगे400 पोलिंग बूथ वाले सफीपुर और 401 पोलिंग बूथ वाले मोहान विधानसभा की गिनती पूरी होगी। पुरवा में 446 बूथों की मतगणना होनी है। भगवंतनगर में 461 बूथों की मतगणना होगी।

### आठ से नौ घंटे में विजेता को प्राप्त होगा जीत का प्रमाण पत्र

- माना जा रहा है कि विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गिनती का कार्य आठ-नौ घंटे में पूरा हो जाएगा। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए विधानसभावार 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। मतगणना हाल में मतदान कार्मिकों को गर्मी से राहत देने के लिए पंखों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। गणना हाल में कोई भी इलेक्ट्रानिक डिवाइस लेकर नहीं जाया जा सकेगा।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे रोपें

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


क्षेत्रीय निदेशक को पौधा भेंट करते नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी।

**अमृत विचार।** नेहरू युवा केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक श्रीकांत पांडेय ने कार्यालय भवन निर्माण स्थल पहुंचकर शिलान्यास किया। इसके अलावा कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद युवाओं के साथ बैठक करते हुए उन्होंने युवा मंडल के सदस्यों को पांच जून को अधिक से अधिक पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए पीपल, बरगद व नीम आदि के पौधे रोपित करना वर्तमान की आवश्यकता बन चुकी है।

क्षेत्रीय निदेशक सुबह तकरीबन सात बजे ही यहां पहुंच गए। उन्होंने स्थानीय स्टाफ की मौजूदगी में कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही भवन निर्माण के लिए जिला प्रशासन की ओर से लोधनहार के आगे उपलब्ध कराई गई भूमि पर पहुंचकर शिलान्यास किया। केंद्र के कार्यालय में युवा मंडल के सदस्य युवाओं की बैठक में उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है। इसलिए विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून को युवा मंडल के सभी सदस्यों को अभियान के तहत छाया प्रदान करते हुए प्राण वायु का अधिक उत्सर्जन करने वाले पौधों का रोपण करना चाहिए। इस दौरान जिला युवा अधिकारी विनीत गहलावत, जिला प्रभारी एनसीसी डा. विपिन सिंह, रवि रंजन, अनिल पांडेय, पंकज गुप्ता, भरत लोधी, धर्मेंद्र शर्मा, अभिषेक मिश्र, संजय, कुलदीप, अंकित, दीपेंद्र सिंह व तरन्नुम खान आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### मदरसे के लिए निकला छात्र लापता, गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला गिलजई से मदरसे में पढ़ने गया छात्र घर वापस नहीं लौटा परिजनों ने उसकी काफी तलाश के बाद पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला गिलजई निवासी अहमद जान ने बताया उसका पुत्र फैजान 2 जून को घर से मीरा बस्ती के मदरसे में पढ़ने गया था। देर शाम तक जब वापस लौटकर नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। उसने पुत्र के लापता होने की लिखित सूचना कोतवाली पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। छात्र की तलाश शुरू कर दी गई है।

### मारपीट में चार लोग घायल तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**मल्लावां, हरदोई।** झगड़े में बीच बराव करने गए तीन भाइयों को चार लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगत पुरवा निवासी अवनीश कुमार ने बताया कि रविवार की रात आठ बजे परिवार में ही विवाद हो रहा था, ज़िस पर वह बीच बराव करने लगा। बीच बराव से नाराज अमर सिंह, अंकित, शंकर लाल, शिवनंदन ने उसको मारने पीटने लगे। शोर सुनकर उसके भाई सुबोध व पप्पू बचाने आये तो हमलावरों ने उनको भी लाठी डंडे से मारपीट कर सभी के सिर फोड़कर घायल कर दिया। रात में ही उसने मारपीट की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पड़ताल शुरू की।

# आज होगी मतगणना, तैयारियां पूरी

## गल्ला मंडी में सुबह 8 बजे से शुरू होगी गिनती, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गल्ला मंडी में आज सुबह 8 बजे से मतगणना होगी। मतगणना की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गयी है। सुरक्षा के लिहाज से मंडी को 2 भागो में बांटा गया। इसको इनर कार्डन और आउटर कार्डन नाम दिया गया है। मतगणना हेतु पांच पण्डालों का प्रयोग किया जायेगा। इस पर टीनशेड पडा हुआ है, बैरीकेडिंग, टीन की चादरों व पर्दो से घिरा हुआ रहेगा।

मतगणना पण्डाल में प्रत्येक विधान सभावार 14 मतगणना टेबल तथा मध्य में एक रिटर्निंग आफीसर की टेबल बनायी गई हैं। प्रत्येक विधान सभा पण्डाल में तीन गेट बनाये गये है, प्रथम गेट से मतगणना कर्मी व उच्च अधिकारीगण, दूसरे गेट से मतगणना अभिकर्ता, प्रत्याशी, पत्रकार, पुलिसकर्मी तथा तीसरे गेट से ईवीएम को प्रवेश दिया जायेगा। ईवीएम सशस्त्र सुरक्षा बलों की उपस्थिति में मतगणना पण्डाल तक पैदल लाई जायेगी।

लोकसभा के लिए मतदान होने के बाद अब सबकी निगाहें मतगणना पर है। प्रत्याशी से लेकर उनके समर्थक और आम जनता आज होने वाली वोटों की गिनती का इंतजार कर रही है। मंडी में मतगणना होगी। एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने मतगणना में 2 एडिशनल एसपी, 7 सीओ, 27 इस्पेक्टर, 122 सबइंस्पेक्टर, 198 हेडकांस्टेबल, 779 कांस्टेबल, अर्धसैनिक बल और पीएसी की ड्यूटी लगाई है। 200 पुलिसकर्मी रिजर्व रहेंगे मतगणना में 210 कैमरे लगेंगे। मंडी के आसपास से मतगणना कक्ष तक जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। जरूरत के अनुसार थाना प्रभारियों की भी ड्यूटी लगाई गयी है। मंडी के आसपास जवान भ्रमणशील रहेंगे, ताकि कोई भी अराजक तत्व व्यवधान उत्पन्न न कर सकें। मतगणना स्थल पर 2 एएसपी और 7 सीओ भी भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहेंगे। जिले में धारा 144 लागू है, इसलिए कही पर भीड़भाड़ नही इकट्ठा होने दी जाएगी। सोशल मीडिया पर पूरी तरह से नजर रखी जायेगी। बिना पास के कोई भी अंदर नही जाएगा। इसके अतिरिक्त मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम व आसपास के क्षेत्र में ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाएगी। किसी भी आकस्मिक घटना से निपटने के लिए क्यूआरटी और रिजर्व टीम का गठन किया गया है। सोशल मीडिया विभिन्न प्लेटफार्म पर गलत व भ्रामक सूचना प्रसारित करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई करेगी। एसपी ने मोबाइल पार्टी, क्यूआरटी को भी भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए।


प्रशिक्षण में अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व सीडीओ सौम्या गुरुरानी।

### मतगणना के समय डाटा फीडिंग में बरतें विशेष सतर्कता

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतगणना की डाटा फीडिंग में लगे हुए अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने दायित्वों का पूरी तरह से निर्वहन सुनिश्चित करें। डाटा फीडिंग में विशेष सतर्कता रखी जाये। अपडेट वर्जन का कंप्यूटर ही प्रयोग में लाया जाये। प्रत्येक मतगणना हॉल के अंदर खान पान आदि की व्यवस्था के लिए एक नायब तहसीलदार की ड्यूटी लगायी जाये। प्रशिक्षण जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा द्वारा दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मतगणना निष्पक्ष होनी चाहिए : अनूप

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार

जनता ने इस बार चुनाव में परिवर्तन के लिए वोट किया है। बस निष्पक्ष रूप से मतगणना हो जाए, जो भी जनादेश आएगा वह हमें स्वीकार है। यह बात सपा के राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता ने सोमवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही।

श्री गुप्ता ने कहा कि विभिन्न एग्जिट पोल सत्ता के इशारे पर बनाए गए हैं। यह अधिकारियों को दबाव में लेने के लिए किया गया है। जनता अपना जनादेश दे चुकी है। अब उस जनादेश की निष्पक्ष गिनती हो। यह सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। मतगणना के बाद यही सेन्सक्स तेजी से गिरेगा। कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पूरी तरह मतगणना में मुस्तैद रहेंगे। श्री गुप्ता ने प्रशासन से भी निष्पक्ष मतगणना की अपेक्षा की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शराफत अली, उपाध्यक्ष अजय सिंह, रामज्ञान गुप्ता, हरिनाम यादव मौजूद रहे।


प्रेस वार्ता करते सपा नेता। अमृत विचार


सोमवार को रसखान प्रेक्षागृह में आयोजित प्रशिक्षण में मौजूद मतदान कार्मिक। अमृत विचार

### प्रेक्षक की मौजूदगी में हुआ मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** रसखान प्रेक्षागृह में प्रेक्षक बिलग्राम-मल्लावां व सांडी विधानसभा क्षेत्र टीवाई भट्ट की उपस्थिति व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद के निर्देशन में मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न हुई। कार्मिकों को ईवीएम से मतगणना की सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में बताया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना के दौरान पूरी सावधानी रखें। सभी लोग पूरी टीम भावना से कार्य करें। समय से सभी लोग मतगणना स्थल पर पहुंचें। सभी लोग अपनी निर्धारित टेबल पर पहुंचें। जिलाधिकारी ने बताया कि पोस्टल बैलट व ईवीएम की मतगणना पृथक पृथक हॉल में होगी। परिसर में किसी भी कार्मिक व एजेंट को मोबाईल सहित कोई इलेक्ट्रोनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। वाहनों की पार्किंग सीएसएन व आर आर कॉलेज में होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसके गले में पड़ेगा जीत का हार आज खत्म होगा सभी का इंतजार

संवाददाता, हरदोई



**अमृत विचार।** देश की सर्वोच्च पंचायत में बैठने का सपना सजाए तमाम उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज होगा। मतगणना से पहले प्रत्याशियों व उनके समर्थकों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं।

सोमवार की रात प्रत्याशी उपापोह की स्थिति में पूरी नींद सो नहीं पाए। नेताओं व कार्यकर्ताओं के पांच साल की मेहनत का परिणाम आज जारी होगा। जेठ के दूसरे मंगलवार को होने वाली इस गणना में किसके गले में हार पडेग़ा और किसको हार का सामना करना पड़ेगा। यह तो परिणाम आने के बाद ही पता चल सकेगा। परिणाम को लेकर प्रत्याशियों से ज्यादा उनके समर्थक उत्साहित हैं। तमाम समर्थकों ने अपने प्रत्याशी की जीत पर लंबी चौड़ी शर्ते लगा रखी हैं। अब सभी को मतगणना परिणाम का बेसब्री से इंतजार है। जो आज दोपहर बाद जारी हो जाएगा। बताते चलें कि जिले में हरदोई व मिश्रिख लोकसभा के लिए चौथे चरण में मतदान हुआ था। हरदोई लोकसभा क्षेत्र में सांडी, सवायजपुर, शाहाबाद, हरदोई, गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने मतदान किया था। यहां से भाजपा से जयप्रकाश रावत, सपा से ऊषा वर्मा, बसपा से बीआर अंबेडकर को अपना प्रत्याशी बनाया। इसी प्रकार मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में हरदोई जिले की बिलग्राम-मल्लावां, संडीला तथा बालामऊ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यहां भाजपा से अशोक रावत, सपा से संगीता राजवंशी तथा बसपा से बीआर अहिरवार प्रत्याशी थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में दोनों सीटों पर भाजपा के ही प्रत्याशी जीते थे। इस बार कौन प्रत्याशी संसद पहुंच पाएगा इसका फैसला आज दोपहर बाद हो जाएगा। हरदोई लोकसभा क्षेत्र (सवायजपुर, शाहाबाद, हरदोई, गोपामऊ, सांडी विधानसभा क्षेत्र ) में 10 लाख 98 हजार 820 मतदाता हैं जबकि मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र (बिलग्राम-मल्लावां, संडीला, बालामऊ विधानसभा क्षेत्र) में 10 लाख 49 हजार 630 मतों की गणना की जाएगी।



मतगणना स्थल पर तैनात सुरक्षा कर्मी व की गई बैरीकेडिंग।

# चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर, मुख्य गेट से होगी एंट्री

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मंडी समिति में सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। मतगणना एजेंट, प्रत्याशी, कर्मचारी राम जानकी मंदिर के पड़ोस वाले मुख्य गेट से मंडी में प्रवेश कर सकेंगे। अधिकारी व गणना में लगे भारी वाहन लखनऊ रोड से जाएंगे। मतगणना स्थल पर कोई वाहन नहीं जा सकेंगे। वाहनों को खड़ी करने की व्यवस्था सीएसएन कालेज, आरआर कालेज व आईटीआई में की गई है। मंडी के सामने निकलने वाले सरकुलर रोड पर यातायात चलता रहेगा, लेकिन समर्थकों का दबाव व भीड़भाड़ बढ़ती देखी गई तो इस मार्ग को भी बंद कर दिया जाएगा। जगह-जगह बैरियर लगाए गए हैं। मंडी परिसर में बिना तलाशी किसी को अंदर जाने नहीं दिया जाएगा। गणना पंडाल से पहले ही मोबाइल, कैमरा, ज्वलनशील पदार्थ, बीड़ी, सिगरेट व माचिश आदि बैरीरियर पर ही निकालने के बाद कोई ही अंदर जा सकेगा। मोबाइल रखने के लिए क्लार्क रूम बनाए गए हैं। पूरा परिसर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगा।


सोमवार को मंडी में छाया सन्नाटा।

### मतगणना के चलते बंद है सब्जी और फल मंडी, पसरा रहा सन्नाटा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** आज होने वाली मतगणना के लिए पिछले दो दिनों से मंडी बंद कर दी गई है। यहां पर मतगणना कराई जाएगी। सब्जी व फल मंडी बंद होने से वहां सन्नाटा छाया हुआ है। थोक सब्जी मंडी बंद होने का असर भी दिखाई दिया। मंडी में सब्जी न आ पाने के कारण फुट कर सब्जी विक्रेताओं ने दाम बढ़ा दिए, वहीं गली-मोहल्लों में ठेले पर सब्जी बेचने वाले भी नहीं दिखे। जिला मुख्यालय के आसपास गांवों के किसान अपनी सब्जियों को मोहल्ले में बेचते दिखे। बताते चलें कि मंडी समिति में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं, वहीं पर आज मतगणना होगी। मतगणना से पहले वहां पर बैरीकेटिंग आदि की गई, जिसके चलते रविवार से मंडी में कारोबार बंद है। तीन दिन सब्जी मंडी बंद रहने से सब्जी बेचकर रोजी-रोटी चलाने वालों को परेशानी हुई।

# ज्येष्ठ का दूसरा बड़ा मंगल आज, मंदिरों में होगी भीड़

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के दूसरे मंगल पर आज हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।

मंदिरों में जहां महाबली हनुमान के प्रति श्रद्धा और भक्ति का जनसैलाब उमड़ेगा तो वहीं जगह-जगह पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी चलेगा। ज्येष्ठ का महीना भीषण गर्मी और तपिश के लिए जाना जाता है तो वहीं महाबली हनुमान की विशेष पूजा अर्चना के लिए भी जाना जाता है। आआज शहर के विभिन्न हनुमान महाबली के मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करेंगे। वहीं विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगाकर शरबत, पूड़ी सब्जी, बूंदी आदि प्रसाद वितरण भी चलेगा। इसको लेकर तैयारियां को अमली जामा पहनाया दिया गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी महाबली हनुमान की पूजा अर्चना के लिए और भंडारा में प्रसाद वितरण के लिए पूरी तरह तैयार हैं।


राम जानकी मंदिर स्थित हनुमान की प्रतिमा का किया गया श्रृंगार।

मुफ्त स्वास्थ्य मेला
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
09 जून 2024, रविवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
कैम्प स्थान
श्री हर्ष पाण्डेय आदर्श इण्टर कॉलेज
शाहबाद, हरदोई
में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, दन्त रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग तथा मानसिक रोग आदि।
कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें
• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त • सामान्य दवायें मुफ्त
• हड्डी की जाँच (BMD) मुफ्त • ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त
कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें
• खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
• लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
• गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
• हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
• भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
• बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अन्य सुविधायें: 1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।

सिया मिश्रा पुत्री श्री अनुज मिश्रा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में
सौजन्य से :
श्री हर्ष पाण्डेय जी, अनुज मिश्रा, राजकुमार यादव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

कथा — बालाजी धाम लहराई में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भागवताचार्य अखिलेश शुक्ला महाराज ने कहा

# लंका के बहाने हनुमानजी ने जलाया था रावण का अहंकार

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** विकास खंड टड़ियावां के बालाजी धाम लहराई में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में भागवताचार्य कथा व्यास अखिलेश शुक्ला महाराज ने सोमवार को हनुमान जी की श्री राम के प्रति अपार भक्ति का विस्तार से वर्णन किया।

उन्होंने श्रीराम के दूत हनुमान द्वारा लंका दहन की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा हनुमान जी ने अभिमान में डूबे रावण को यह संदेश देने का प्रयास किया कि जब श्रीराम का दूत इतना बलशाली है, तो भगवान श्री राम से कैसे पार पाया जा सकता है। कथा व्यास ने प्रसंग में बताया जब हनुमान, सीता जी से कहते हैं कि माता रास्ते में आते हुए मुझे काफी भूख लगी है अगर आपकी आज्ञा हों तो मैं कुछ फल खा लूं। इस पर वह कहती हैं कि ठीक है आप फल खा लीजिए। इस पर हनुमान जी अशोक वाटिका में लगे फलों को खाकर इधर उधर भी फेंकने लगते हैं और इस बात की जानकारी रावण तक पहुंचती है। रावण कहता है कि उस वानर को पकड़ कर मेरे पास लाओ मे। रावण के सैनिक हनुमान को पकड़ने कई उपयोग करते हैं, लेकिन वह सफल नही होते। रावण अपने पुत्र अक्षय को भेजते हैं लेकिन वह भी सफल नही होते हैं और इस घटना के बाद रावण अपने पुत्र मेघनाद को भेजते है और वह हनुमान जी को ब्रह्मफांस में बांधकर लंका ले जाता है। रावण, हनुमान जी से यहां आने का कारण पूंछते हैं कि एक दूत को बन्दी बनाकर उससे यह सवाल पूछना उचित नही तब वह आदेश देते हैं कि इसको खोल दो। तब हनुमान जी अपने आने का प्रयोजन बताते हैं रावण सैनिकों को आज्ञा देते है वानर की पूंछ में आग लगा दो और पूछ में आग लगते ही हनुमान लंका में आग लगाकर वापस सीता जी के पास पहुंचते हैं और उनसे आज्ञा लेकर हनुमान वापस पंचवटी पहुंचते हैं। इस मौके यजमान बजरंगदास सर्वेन्द्र तिवारी ने लोक कल्याण की कामना की। कथा श्रवण के दौरान अनुज तिवारी, मयंक तिवारी, विकास अग्निहोत्री आदि भारी तादात में भक्तगण मौजूद मौजूद रहे।



कथा सुनाते भागवताचार्य अखिलेश शुक्ला व मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

## एक नजर

### नल में उतरे करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** रविवार की देर शाम करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। मामला सुरसा थाने के गंगापुर का बताया गया है। सुरसा थाने के गंगापुर निवासी मदरेश की पत्नी रिंकी (32) रविवार कि देर शाम घर में पानी के लिए नल चला रही थी। अचानक बिजली आ गई जिसका करंट मोटर से लगे नल में आ गया, जिससे रिंकी करंट की चपेट में आ गई। उसी बीच घर में खेल रहे बच्चे उसे तड़पता हुआ देख कर चीख-पुकार मचाने लगे। उसे देख कर आस-पड़ओस के लोग जब तक पहुंचते,उससे पहले वह बुरी तरह से झुलस चुकी थी। उसे आनन-फानन में घरवाले उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले कर पहुंचे, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

### श्री गौपाल गौशाला में रुद्राभिषेक आज

**हरदोई।** श्री गौपाल गौशाला के अध्यक्ष संदीप कैलाश गुप्ता ने बताया कि ज्येष्ठ माह के त्रियोदशी के अवसर पर मंगलवार को शाम 5 बजे मंगली पुरवा स्थित श्री गौपाल गौशाला में भगवान आदिगुरु शिव शम्भू के पूजन स्वरूप रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। उसके बाद प्रसाद वितरण होगा।

### नाले से बरामद अधेड़ के शव की हुई शिनाख्त

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के रसखान प्रेक्षागृह के बाहर रविवार शाम को नाले से बरामद अधेड़ के शव की शिनाख्त हो गई है। लोनार थाने के जगदीशपुर से आए कुछ लोगों ने अधेड़ की शिनाख्त उसी के गांव निवासी रावेन्द्र उर्फ गुड्डू पुत्र रामेश्वर के रूप में की। उसके घर वालों ने बताया कि रावेन्द्र उर्फ गुड्डू का दिमागी संतुलन ठीक नहीं रहता था,वह इधर-उधर घूमता-फिरता रहता था। लापता होने के बाद उसकी तलाश की जा रही थी। लेकिन कहीं पता नहीं चला था। पुलिस उससे जुड़ी और भी जानकारी जुटा रही है।

# दंगा भड़काने की कोशिश में बसपा नेता और उनके 200 समर्थकों पर रिपोर्ट दर्ज

## पुलिस के सामने जुलूस निकाल कर सरकार के खिलाफ की थी नारेबाजी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद भी युवराज सिंह हत्याकांड के बाद से पैदा हुआ तनाव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। लॉ एंड आर्डर को बनाए रखने के लिए वहां कई इंस्पेक्टर और काफी पुलिस फोर्स तैनात है। बावजूद इसके कोई न कोई माहौल खराब करने की कोशिश में लगा हुआ है। रविवार को बसपा नेता राजवर्धन सिंह राजू अपने सैकड़ों समर्थको के साथ इस्माइलपुर पहुंचे, पुलिस के लाख मना करने के बावजूद जुलूस निकाल कर सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए न सिर्फ आचार संहिता का उल्लघंन किया, बल्कि दंगा भड़काने की कोशिश की। पाली में तैनात एसएसआई वीर बहादुर सिंह की तहरीर पर बसपा नेता और उनके करीब 200 समर्थकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।




एसएसआई वीर बहादुर सिंह ने अपनी तहरीर में कहा है कि 30 मई को पाली में हुए युवराज सिंह हत्याकांड के बाद से वहां पुलिस की तैनाती की गई है। रविवार को उनकी तैनाती इस्माइलपुर मंदिर के पास थी,साथ में एसएचओ पचदेवरा रमेश चन्द्र पाण्डेय, एसएचओ पिहानी धर्मदास सिद्धार्थ, एसएचओ सवायजपुर शेष नाथ सिंह और टड़ियावां अशोक कुमार सिंह के साथ काफी पुलिस फोर्स तैनात था,उसी बीच बसपा नेता राजवर्धन सिंह राजू अपने करीब 200 समर्थकों के साथ 40 से 50 गाड़ियों से पहुंचे और नारेबाज़ी करते हुए जुलूस निकालने लगे, पुलिस ने उन्हे ला एंड आर्डर को बनाए रखने और आचार संहिता का हवाला देते हुए मना किया, लेकिन फिर भी उन्होंने अपनी ज़िद पूरी करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए तमाम तरह के अपशब्द बोल कर माहौल खराब करने की कोशिश की।

# ट्रांसफार्मर के सामने लगाए गए कूलर

बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** इन दिनों बढ़ती गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अब तक 45 डिग्री तापमान से विधुत विभाग के ट्रांसफार्मर भी हर 10 मिनट में गर्म हो रहे हैं। ट्रांसफार्मर अब अपनी लोड कैपेसिटी भी खो रहे हैं, ऐसे में बिजली आपूर्ति ठप होने लगी है।

बिजली व्यवस्था सुचारू रखने के लिए विद्युत विभाग कूलरों की मदद से ट्रांसफार्मर को ठंडा रखने के साथ ही पानी की बोछार कर रहा है। भीषण गर्मी के कारण अचानक बढ़े लोड से ट्रांसफार्मरों का तापमान 80 डिग्री तक पहुंच रहा है। बढ़ती गर्मी से ट्रांसफार्मर हीट हो रहे हैं। 33/11 केवी तहसील बिलग्राम बिजली घर के ट्रांसफार्मर में ओवरलोड के चलते बिजली ट्रांसफार्मर पर पानी का छिड़काव व कूलर चलाकर ट्रांसफार्मर को ठंडा किया जा रहा है। जेई विजय कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर के बढ़ते हुए टेंपरेचर को कम करने के लिए ट्रांसफार्मरों पर पानी की बौछार की जा रही है। इसके अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के सामने दो कूलर रखें गए हैं, जिससे तापमान कम रहे।



ट्रांसफार्मर के सामने लगाया गया कूलर। अमृत विचार

# माल गोदाम की बाउंड्रीवाल न होने से हो चुकी है घटना

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** पानी की टंकी पर युवक के चढ़ने के मामले में कहीं न कहीं रेल अधिकारियों की बड़ी लापरवाही निकलकर सामने आ रही है। रेल अधिकारियों की लापरवाही के चलते युवक पानी की टंकी पर चढ़ने में सफल हुआ।

बताते चले कि जहां पर पानी की टंकी बनी है वहां से कुछ ही दूरी पर माल गोदाम की साइडिंग है, जहां कुछ वर्ष पहले एक किशोर द्वारा गिल्ली उठाने के लिए मालगाड़ी पर चढ़ गया था। जिसकी हाइटेंशन तार से चिपकने से दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसके बाद मंडल के रेल अधिकारियों की नींद टूटी थी और हरदोई रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर माल गोदाम के साइडिंग की। बाउण्ड्री वाल कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आज तक हरदोई रेलवे स्टेशन के जिम्मेदारों द्वारा न ही माल गोदाम की ओर जाने वाली साइडिंग पर बाउंड्रीवाल बनाई गईं और न ही कोई अन्य व्यवस्था की है। डीआरएम ऑफिस से लेकर हरदोई के जिम्मेदार अगर अब भी नहीं जागे तो आने वाले दिनों में एक बार फिर कोई ना कोई व्यक्ति पानी की टंकी पर चढ़कर मनमानी करता नजर आ सकता है। साथ ही माल गोदाम स्थित साइडिंग पर बाउंड्रीवाल न होने से कभी भी कोई भी यात्री, मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति या किशोर हादसे का शिकार हो सकता है। जिस स्थान पर माल गोदाम की साइडिंग है और पानी की टंकी है वहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है।

# पानी की टंकी पर चढ़कर युवक ने छकाया

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पानी की टंकी पर चढ़ा वीरू सारे दिन पुलिस के लिए सिरदर्द बना रहा। रुपये और कोल्ड ड्रिंक की मांग पूरी कराने के बाद भी वह नीचे नहीं उतरा। देर रात दो युवक उसे उतारने के लिए किसी तरह टंकी पर चढ़ तो गए, लेकिन सिरफिरा उनके साथ भी नहीं उतरा बल्कि खुद मरेंगें। साथ ले डूबेंगे कहते हुए ऊपर से छलांग लगा दी। काफी ऊंचाई से गिरकर तीनों घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

मामला रेलवे स्टेशन के टिकटघर के सामने पानी की टंकी का है। रविवार की देर रात तकरीबन 3 बजे 28 वर्षीय युवक उसी टंकी पर चढ़ गया। सुबह होने पर लोगों को पता चला तो



मेडिकल कालेज में भर्ती घायल।

उसे नीचे उतारने का प्रयास होने लगा। इसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी, सीएमओ, पुलिस और दमकल विभाग की टीम भी मौजूद रही। उसकी हर बात मानने को तैयार पुलिस ने रुपये और कोल्ड ड्रिंक की मांग पूरी की, फिर भी कोई हल नहीं निकला। उस बीच कुछ लोगों ने आगे निकल कर उसे टंकी से उतारने की कोशिश की तो उसने उल्टे पत्थरों से हमला कर दिया। जिसमे एक युवक का सिर भी फट गया। हाई वोल्टेज ड्रामा होते-होते सुबह से शाम और शाम से रात हो गई। उसके बाद रात 11 बजे शहर में रेलवे गंज की गुप्ता कालोनी निवासी 20 वर्षीय रामजी गुप्ता और वहीं की नई बस्ती निवासी 25 वर्षीय अमित गुप्ता उसे उतारने के लिए टंकी पर चढ़े। बताते है कि सिरफिरे ने पहले उन दोनों को छकाया फिर खुद तो मरेंगें, लेकिन साथ ले डूबेंगे कहते हुए नीचे छलांग लगा दी। तीनों लोग इतनी ऊंचाई से गिर कर ज़ख्मी हो गए। जिन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। सिरफिरे युवक ने अपना नाम आदित्य पुत्र अयोध्या प्रसाद बताया, पुलिस सब कुछ पता करने के लिए उससे पूछताछ कर रही है।

### रेलवे प्रशासन की लापरवाही का नतीजा

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर पानी की टंकी पर चढ़े युवक ने कई घंटे तक ड्रामेबाजी के बाद वहीं से छलांग लगा दी। उसने दो अन्य युवकों को भी अपने साथ घायल करा दिया। युवक का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। इस मामले में हरदोई रेलवे स्टेशन के जिम्मेदारों की भी लापरवाही सामने आई है। रेलवे स्टेशन पर बनी पानी की टंकी की चहारदीवारी और मुख्य गेट काफी नीचा है। मुख्य गेट को कोई भी व्यक्ति हाथ डालकर खोल सकता है। साथ ही चहारदीवारी को भी फ़ांद कर कोई भी शख्स पानी की टंकी के ऊपर पहुंच सकता है जिस स्थान पर यह पानी की टंकी बनी है। वहीं पर आरक्षित और अनारक्षित टिकट काउंटर है जहां से टिकट लेने के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में रेल यात्री मौजूद रहते हैं। रविवार को पानी की टंकी पर चढ़े युवक द्वारा ऊपर से पथराव किया गया था। रविवार होने के चलते आरक्षित काउंटर बंद था, जिसके चलते स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ कम थी। जब रेलवे स्टेशन पर निर्माण हुआ तो इस बात का ध्यान जिम्मेदारों द्वारा नहीं रखा गया था।

# बाइक सवार ने वृद्ध महिला को रौंदा, मौत

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** वृद्ध महिला को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार वृद्ध महिला कुंदनी 70 वर्षीय पत्नी शिव राम निवासी ग्राम मोहकमपुर थाना सुरसा बाजार करने के लिए सेमरा चौराहे पर आई थीं, बाजार करने के बाद वह घर को घर को वापस जा रही थी, तभी रास्ते में तेज गति से जा रही बाइक ने उनको टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। ग्रामीणों की मदद से उसे आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया।

# सड़क हादसे में मरने वालों की संख्या हुई चार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सण्डीला-गौसगंज रोड रविवार की देर रात हुए सड़क हादसे में ज़ख्मी हुए बच्चे की सोमवार को लखनऊ में मौत हो गई। बच्चे का पिता अपने मौसेरे भाई के साथ उसकी दवा लेकर बाइक से घर लौट रहा था, वहीं दूसरा बाइक सवार अपने ननिहाल जा रहा था। उसी बीच हादसा हो गया था। शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

रविवार को कासिमपुर थाने के अलावलपुर निवासी राकेश उर्फ छोटू अपने ढ़ाई साल के बच्चे को ले कर मौसेरे भाई सोनू निवासी बेहंदर खुर्द के साथ दवा लेने जरहा गया हुआ था। वहीं से तीनों लोग घर लौट रहे थे। उधर उन्नाव ज़िले के नैनपुर थाना औरास का शीबू अपने ननिहाल जरियारी जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में जरहा के पास दोंनों की बाइक आमने-सामने भिड़ गईं,नतीजतन शीबू की वहीं मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने राकेश उर्फ छोटू,उसके बेटे अभिषेक और उसके मौसेरे भाई सोनू को एम्बुलेंस-108 की मदद से सण्डीला सीएचसी पहुंचाया, जहां राकेश उर्फ छोटू व सोनू ने दम तोड़ दिया। जबकि डाक्टरों ने अभिषेक को लखनऊ रिफर कर दिया,जहां सोमवार को उसकी भी मौत हो गई। इसकी खबर जैसे ही अलावलपुर पहुंची,वहां मौत का मातम बरपा हो गया। उधर सोनू के घर में चीख-पुकार मची हुई है।

### शराब पीकर तेज गति से जा रहे थे मौसेरे भाई


जरहा के पास हुए हादसे के बारे में बताया गया है कि जरहा में अभिषेक की दवा लेने के बाद मौसेरे भाइयों ने वहीं ठेके पर शराब पी। कुछ देर रुकने के बाद घर की तरफ चल पड़े। वहीं के कुछ लोगों ने बताया कि बाइक स्टार्ट होते ही हवा से बातें करने लगी और वहां से लगभग 500 मीटर की दूरी पर हादसा हो गया। कहा जा रहा है कि रफ्तार कम होती तो शायद इतना बड़ा हादसा सामने नहीं आता।



मृतक राकेश



सोनू



शीबू

**दुर्घटना**

**रविवार की देर रात दो बाइकों की भिड़ंत में हुई थी तीन की मौत, सोमवार को एक अन्य ने दम तोड़ा**

# साइबर ठग ने बर्फ विक्रेता के खाते से निकाले एक लाख

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर के बर्फ विक्रेता पप्पू के बैंक खाते से दस-दस हज़ार कर एक लाख रुपया निकाल लिया गया। यह गरीब जब 18 मई को बैंक में जब खाता चेक कराया तो रकम एक लाख सफा चट हो चुकी थी। जिसके बाद वह रिपोर्ट लिखाने के लिए भटक रहा है।

पप्पू ने बताया कि उसका खाता बैंक आफ इंडिया बिलग्राम की शाखा में है फरवरी 2024 तक उसके खाते में एक लाख 73 हज़ार रुपए जमा थे । 18 मई को वह जब खाता चेक कराने बैंक गया तो उसके खाते से 10-10 हज़ार कर के 10 बार में एक लाख रुपए निकाल लिए गए उसके यह ट्रांजेक्शन 21 फरवरी से 10मार्च तक दस बार खाते से दस दस हज़ार कर रुपए निकाले गए। उसने बताया कि वह अपनी फरियाद बैंक के अधिकारियों से लेकर थाना पुलिस और सायबर क्राइम थाना हरदोई तक में दे चुका है पर न तो बैंक ने सुनवाई की न ही पुलिस ने वह लगातार भटक रहा है। कोतवाल नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि दरखास्त मिलने पर जांच कर कारवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाते डीजे राजकुमार सिंह। अमृत विचार

### प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरदोई, अमृत विचार। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजकुमार सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को जनपद मुख्यालय व समस्त तहसीलो में 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु हरी झंडी दिखाकर जनपद न्यायालय परिसर से रवाना किया। उन्होंने आम जनमानस से अपील की कि 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने विवादों को निस्तारित कराकर अवसर का लाभ उठायें। इस अवसर पर अध्यक्ष परमानेंट लोक अदालत सुनील कुमार मिश्रा, अपर जिला जज-प्रथम प्रीती श्रीवास्तव, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत हेमेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिला जज/सचिव भूपेन्द्र प्रताप, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लाल बहादुर गौड़, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह, स्मिता गोस्वामी, अपर सिविल जज जूडि श्रेयांश श्रीवास्तव, महामंत्री अधिवक्ता संघ महेन्द्र प्रताप सिंह, लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता, अन्य अधिवक्तागण, वादकारी उपस्थित रहे।

### दहेज़ के लिए महिला की हत्या का आरोप, केस दर्ज

**हरदोई, अमृत विचार।** आए दिन दहेज़ की मांग कर रहे ससुरालियों ने आखिरकार अपनी बहू की हत्या कर दी। पुलिस ने पिछले महीनें हुई वारदात के 30 दिन बाद भाई की तहरीर पर पति के अलावा सास-ससुर, ननद और देवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्नाव ज़िले के सिरधारपुर पतासिया कोतवाली बांगरमऊ निवासी जाफर अली ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि साल 2021 में उसकी बहन साबरीना की शादी बघौली थाने के काईमऊ निवासी आरिफ पुत्र भूरा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले साबरीना को दहेज़ के लिए प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि 2 मई को साबरीन उसकी ससुराल में हत्या कर दी गई। साबरीना के एक 8 महीने की बच्ची है। पुलिस ने दी गई तहरीर पर छानबीन करने के बाद पति आरिफ, ससुर भूरा, सास ज़ैतुन्ना, ननद मरजीना और देवर आसिफ के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इसके साथ पुलिस ने आरोपी पति व सास-ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक ने छत के पंखे में लटक कर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** मज़दूरी पेशा युवक ने अपने कमरें में छत वाले पंखे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। उसी बीच घर वालों ने देख लिया,आनन-फानन में उसे फांसी के फंदे से उतार कर उसे निजी हास्पिटल ले गए,लेकिन उसकी वहीं पर मौत हो गई। बेनीगंज कोतवाली के बाज़ार टोला निवासी 28 वर्षीय सोनू पुत्र मनोज ने रविवार की रात को अपने घर के कमरें में छत के पंखे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। घर वालों ने उसे ऐसा करते हुए देख लिया, उसे फंदे से नीचे उतार कर एक निजी हास्पिटल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मज़दूरी कर अपना और अपने बच्चों का गुज़र-बसर करने वाले सोनू से दो बड़े और एक उससे छोटा भाई है। उसकी शादी हो चुकी थी, तीन महीनें की एक बच्ची है। घर वालों का कहना है कि सोनू मानसिक तौर पर बीमार रहता था। एसएचओ बेनीगंज संजय त्यागी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तीन बच्चों की मां ने फांसी लगाकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** तीन बच्चों की मां ने रविवार की रात घर के कमरे में साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। हालांकि पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। जैसा कि कुछ लोगों ने बंद ज़ुबान से बताया कि इधर कुछ दिनों से एक पड़ोसी युवक से नज़दीकी बड़ी हुई थी। शायद वही आत्महत्या की वजह हो सकती है,लोग ऐसी ही बाते कर रहें है। बघौली थाने के अंटा मजरा महरी निवासी संदीप की 35 वर्षीय पत्नी सरोजनी ने रविवार की रात कमरें की कुंडी में अपनी साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होने पर बघौली पुलिस और फोरेंसिक टीम वहां जांच करने में जुटी हुई है। सरोजनी के दो बेटी और एक बेटा है। मां की मौत से उनका रोते-रोते बुरा हाल हो गया। जैसा कि बताया गया है कि पड़ोस के युवक से मिलना-जुलना रहता था,उसी बीच दोनों के बीच नज़दीकी भी बढ़ गई थी। ऐसी चर्चा है कि उसी को ले कर हुई बात पर सरोजनी ने ऐसा कदम उठाया। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है,उसकी रिपोर्ट आने पर आगे कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल जांच की जा रही है।

# कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव, जांच शुरू

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** दुकान पर सेल्समैन का काम करने वाले एक 18 वर्षीय युवक ने अपने घर में कमरें के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। वजह पूछने पर उसके घर वाले बस इतना ही बोले,क्या बताएं..। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया और जांच कर रही है।

बताया गया है कि हरपालपुर थाने के पलिया निवासी अनिरुद्ध प्रताप सिंह के 18 वर्षीय पुत्र मौसम सिंह ने रविवार की रात में घर के कमरें के अंदर रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही उसके घर वालों के बीच कोहराम मच गया। शोर सुन कर आस-पड़ोस वाले भी वहां पहुंच गए। बताया गया है कि मोसम किसी दुकान पर सेल्समैन था। उसकी शादी नहीं हुई थी। कुछ का कहना है कि उसका घुमक्कड़ लोगों से काफी याराना रहता था,जबकि घर वाले इसके खिलाफ थे। लेकिन जब उन्ही घर वालों से इसकी वजह पूछी गई तो उन्होनें कुछ नहीं बताया, बस इतना ही बोले कि...क्या बताएं, पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। सारे मामले की जांच की जा रही हैं।

# ट्रैक्टर की टक्कर से क्रांसिंग का गेट टूटा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कछौना में सोमवार सुबह 8 बजे ट्रैक्टर की टक्कर से रेलवे फाटक क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद रेलवे फाटक पर लगभग आधे घंटा जाम लगा रहा। कर्मचारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था करके आम जनमानस को फाटक पार करवाया। इसके चलते फाटक के दोनों और एक-एक किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गई। मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर यातायात सुचारू रूप से करवाया।

जानकारी के अनुसार कस्बे के चौराहा से स्टेशन रोड स्थित रेलवे फाटक पर ट्रैक्टर की टक्कर से रेलवे फाटक क्षतिग्रस्त गया, जिसके कारण करीब आधे घंटे तक रेलवे फाटक पर जाम लगा रहा। कस्बे के बीचों-बीच स्थित यह फाटक कस्बे को दो भागों में बांटता है जिसके कारण वैसे भी हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में फाटक के टूट जाने से फाटक के दोनों ओर करीब एक एक किलोमीटर लंबी कतारें लग गई, जिसके कारण लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह हादसा उस वक्त हुआ जब बंद होते फाटक को एक ट्रैक्टर ने तेज गति से पार करने की कोशिश की।



ट्रैक्टर की टक्कर से टूटा रेलवे फाटक। अमृत विचार

# ट्रेनों में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान

**हरदोई।** इन दिनों ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ है। इस दौरान चोरी चपाटी की तमाम घटनाएं हो रही हैं, वहीं सोमवार को मतगणना भी होनी है। इसके चलते रेलवे पुलिस ने भी सुरक्षा की दृष्टि से सघन चेकिंग अभियान चलाया। ट्रेनों में इन दिनों अत्यधिक भीड़ के घटनाएं भी बढ़ रही है। जीआरपी पुलिस ने हरदोई रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का निरीक्षण किया। इसके अलावा प्लेटफार्म, वेटिंग हॉल, ओवरब्रिज आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। अभियान के दौरान यात्रियों के बैग आदि भी चेक किए गए। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे लखनऊ हृषीकेश यादव ने निरीक्षण के दौरान अर्दली रूम किया।

**मौसम का असर** | 42 डिग्री सेल्सियस रहा तापमान, छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलीं हवाएं

# एक दिन की राहत, आसमान से फिर बरसी आफत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रविवार को जिले में मौसम कुछ ठीक रहा। गर्मी से लोगों को राहत मिली, लेकिन सोमवार को फिर वही हाल हो गया। जिले का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाओं ने सड़कों पर सन्नाटा कर दिया।

गर्मी का सितम कम होता नहीं दिखाई पड़ रहा है। सोमवार को बढ़े तापमान के चलते दोपहर में बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। जरूरी काम से बाहर निकले लोग सिर ढक कर ही बाहर निकले। गर्मी के वलते इन दिनों लोग काफी परेशान हैं। गर्मी के चलते शहर के तमाम मोहल्लों में जल स्तर गिर गया है, जिससे पेयजल का संकट गहराता जा रहा है। गांवों में भी तालाब-पोखर सूख चुके हैं। इस कारण पशु पालकों को अपने पशुओं को नहलाने व पानी पिलाने में काफी दिक्कतें आ रही हैं। शासन के तमाम निर्देशों के बावजूद पंचायतों में अब तक तालाब भराने का काम शुरू नहीं किया है। गांवों में करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए आदर्श तालाबों में धूल उड़ रही है।




नारियल पानी पीते लोग। अमृत विचार

### नारियल की बिक्री बढ़ी

बढ़ती गर्मी में ठंडी तासीर की चीजों की मांग बढ़ गई है। जिला मुख्यालय पर इन दिनों कई स्थानों पर नारियल पानी की बिक्री की जा रही है। भीषण गर्मी में गला तर करने के लिए लोग नारियल पानी का भी जमकर सेवन कर रहे हैं। हालांकि महंगाई का असर नारियल पानी पर भी पड़ा है। 60 से 70 रुपये का नारियल पानी इन दिनों बेचा जा रहा है, लेकिन बढ़ती गर्मी में शरीर को कुछ राहत देने के लिए नारियल पानी का लोग जमकर उपयोग कर रहे हैं। नगर के बड़े चौराहे पर लस्सी व मिल्क बादाम की कई दुकानें हैं इस कारण शाम होते ही यहां पर शौकीनों की भीड़ जमा हो जाती है।

# उर्स में आए जायरीनों ने कव्वाली का लिया आनंद

संवाददाता, बावन, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बा बावन में हजरत मखदूम जहानिया जहांन गस्त रहमतुल्लाह अलैह का उर्स मुबारक अकीदत के साथ मनाया गया। उर्स के दौरान मिलाद शरीफ का आयोजन हुआ और उसके बाद गुस्ल शरीफ हुआ जायरीनों ने मजार-ए-अकदस पर चादर और गुलपोशी कर दुआ-ए-खैर मांगी। फातिहा के बाद तबर्रुक और लंगर को तकसीम किया गया।

वहीं इस मौके पर क़व्वाली महफिले समां का प्रोग्राम हुआ। जिसमें फेमस क़व्वाल नियाज अली फराज अली और लेडीज क़व्वाल सूफिया चिस्ती ने अपनी क़व्वाली से समा बांधा। जायरीनों ने कव्वाली भरपूर लुत्फ उठाया। कमेटी अंजुमन यादगार ए हुसैन के संचालक इरशाद खान, मेराज खान, जीशान खान ने बताया कि हर साल होने वाले बाबा के उर्स मुबारक के मौके पर क्षेत्र ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों के जायरीनों की भीड़ लगती है। मेला भी लगता है जिसमें दूर दराज से दुकानदार आते हैं। अलग-अलग तरह के झूले लगते हैं। मंगलवार को जबाबी कव्वाली होंगी। जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल तस्लीम आसिफ और लेडीज कव्वाला बेबी डिस्को जरा डिस्को के बीच जवाबी कव्वाली होगी।

## एक नजर

### कार ने साइकिल को मारी टक्कर, महिला घायल

**मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में बिसवां मार्ग पर पकरिया धर्म कांटे के पास बिसवां की तरफ आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार महिला गम्भीर रुप से घायल हो गई। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से महिला को निजी वाहन से इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल ले जाया गया। गांव कैम्हारा निवासी उत्तम अपनी पत्नी सीमा (40 वर्ष) को साईकिल से खैराबाद की तरफ बुखार की दवा लेने के लिए जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हो गई। जिसमें उत्तम को कुछ चोटें आई और पीछे बैठी सीमा गंभीर रूप से घायल हो गई।

### चोरों ने गायब किया हजारों का माल

**इमलिया सुल्तानपुर।** थाना इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र के हाता गांव निवासी अरविंद कुमार के घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए करीब 50 हजार के माल पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जगे परिजन घर मे बिखरा पड़ा सामान देखकर दंग रह गए। पीड़ित ने चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। वहीं सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान

**कमलापुर।** मास्टर बाग फाटक के निकट ट्रेन के आगे कूदकर फत्तेपुर पोस्ट धवरपारा थाना सदना का निवासी बृजेश 22 पुत्र रामनरेश ने अपनी जान दे दी। उसके पास से एक सुसाइट नोट भी मिला है। जिसमें उसने अपने मां को लिखा है कि उसका लाड़ला इस दुनिया से जा रहा है। किसी परेशानी का भी उसमें जिक्र है। परिजनों ने बताया वह शनिवार से घर से गायब था। उसके पास से बरेली से सीतापुर का एक टिकट भी मिला है। थाना प्रभारी कृष्ण बली सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# 22 लाख से भरा एटीएम उखाड़ ले गए बदमाश

## लहरपुर में एटीएम को पुलिस ने टुकड़ों में किया बरामद, दूसरा एटीएम उखाड़ने में रहे असफल

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** जिले में नकाबपोश बदमाशों ने पुलिस को चुनौती देते हुए दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एटीएम उखाड़ कर ले जाने की वारदातों को अंजाम दिया। बदमाश 22 लाख से अधिक रुपयों के कैश से भरा एक एटीएम मशीन को तो अपने साथ ले जाने में सफल रहे, लेकिन एक एटीएम का शीशा टूटने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने जगने पर बदमाश एटीएम को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। बैंक के कंट्रोल रूम से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही। एक ही रात में भारतीय स्टेट बैंक के दो एटीएम मशीनों को लूटने की वारदातों ने पुलिस की नींद उड़ा दी है। बताया जाता है कि पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर एटीएम उखड़ने की वारदात हो गई और पुलिस को भनक तक नहीं लगी।

जानकारी के अनुसार, एटीएम उखाड़कर ले जाने की पहली वारदात लहरपुर कोतवाली इलाके की है। यहां लहरपुर तंबौर मार्ग पर स्थित ग्राम गौरिया प्रहलादपुर में भारतीय स्टेट बैंक शाखा के समीप लगे स्टेट बैंक एटीएम मशीन के शटर का ताला तोड़कर रविवार देर रात अज्ञात बदमाश एटीएम को उखाड़कर उसे लेकर रफूचक्कर हो गये। बताया जाता है कि आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने किसी अज्ञात वाहन से किसी पट्टे के सहारे एटीएम को खींचकर जड़ से उखाड़कर अपने साथ लेकर फरार हो गए। सुबह जब लोग नमाज पढ़ने के लिए सड़कों पर निकले तो लोगों को एटीएम चोरी की वारदात की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस और पुलिस अधीक्षक ने मौका मुआयना कर जल्द से जल्द से घटना के खुलासे के निर्देश दिए। पुलिस ने गहन छानबीन के बाद एटीएम मशीन को टुकड़ों में धोंधी इलाके के किसान पुतान के खेत में बरामद किया। बावजूद इसके बदमाश एटीएम में मौजूद कैश को लेकर पहले ही फरार हो चुके थे। पुलिस अधीक्षक ने टीमें बनाकर घटना के खुलासे के लिए लगाया है।



सदरपुर में एटीएम के बाहर पड़ी मशीन।


मशीन उखाड़ने के बाद तकनीकी मुआयना करते बैंक कर्मचारी व स्टॉफ। अमृत विचार

**▸▸ सदरपुर में पुलिस चौकी के समीप हुई वारदात**

> लहरपुर-तम्बौर मार्ग पर बैंक शाखा के समीप लगे एटीएम मशीन को अज्ञात गैंग के द्वारा उखाड़ कर ले जाने की सूचना मिली थी। मौके पर जांच पड़ताल कर टीमों को घटना के खुलासे के लिए लगाया गया है। जल्द ही घटना का अनावरण किया जायेगा।
>
> -चक्रेश मिश्र, पुलिस अधीक्षक

### पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की पड़ताल

लहरपुर इलाके में बैंक शाखा से उखाड़े गये एटीएम मशीन से कैश गायब होने के बाद पुलिस के होश फाख्ता हो गये। लहरपुर शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि एटीएम मशीन में 22 लाख 30 हजार 500 रूपये नकद कैश था। पुलिस ने शाखा प्रबंधक की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।


बैंक में कोतवाली प्रभारी से जानकारी लेते सीओ लहरपुर। अमृत विचार

### टूटा एटीएम छोड़कर भागे बदमाश

एटीएम मशीन को उखाड़ने की दूसरी वारदात सदरपुर थाना इलाके की है। यहां गोड़ैचा चौराहे पर पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर रविवार देर स्थित स्टेट बैंक के एटीएम को अज्ञात बदमाश पिकअप के सहारे बांधकर खींचकर उखाड़ने का प्रयास कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि एटीएम मशीन के उखड़ते ही शीशे टूटने की तेज आवाज के साथ मशीन बाहर आ गई। आवाज सुनकर स्थानीय लोग बाहर निकले तो विरोध करने पर बदमाश पिकअप वाहन को लेकर मौके से फरार हो गए और बदमाश एटीएम मशीन ले जाने में असफल रहे। स्थानीय लोगों के विरोध पर बदमाशों ने गोली मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। बैंक कंट्रोल रूम से मिली सूचना के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। मौके पर जांच पड़ताल के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। हालांकि अभी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर हुई बदमाशों द्वारा एटीएम लूट की वारदात ने पुलिस की रात्रिगगश्त की पोल खोल दी है।

## सार-संक्षेप

### कटिया डालकर गन्ने की सिंचाई करते चेकिंग टीम ने पकड़ा


विद्युत उपकेंद्र झरेखापुर के अवर अभियंता चेकिंग के दौरान अपनी टीम के साथ।

**हरगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** विद्युत उपकेंद्र झरेखापुर के अवर अभियंता कामता प्रसाद वर्मा के नेतृत्व मे सोमवार को संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने हरगांव थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर सरांवा निवासी अशोक तिवारी तथा अंगेठा गांव निवासी अशोक मिश्रा एलटी लाइन में कटिया डालकर बिजली चोरी करके गन्ने की सिंचाई करते हुये पकड़ा। दोनों लोगों के खिलाफ विभागीय थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। अवर अभियंता कामता प्रसाद वर्मा ने बताया कि आगे भी क्षेत्र मे यह चेकिंग अभियान जारी रहेगा और बिजली चोरी करते हुए पकड़े जाने पर एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।

### आग लगने से हजारों की संपति जली

**थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** सोमवार की दोपहर अचानक एक हातानुमा घर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। धुआं और आग की लपटें देख ग्रामीण कुछ समझ पाते कि इससे पूर्व ही आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। थानगांव क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर निवासी प्रदीप पुत्र बहादुर के हातानुमा घर में अचानक आग लग जाने से उसमें रखी दो साइकिलें, चार कुन्टल शीशम की लकड़ी, जानवरों के खाने का भूसा लकड़ी का खोखा व घर पर रखे चार छप्परों सहित लगभग 50 हजार रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया है। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई है।



### प्रेशर से मेंथा टंकी का ढक्कन निकला, मामा-भांजी झुलसे


दुर्घटनास्थल पर पड़ा मेंथा टंकी का ढक्कन। अमृत विचार

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली महमूदाबाद के अंतर्गत मुबारकपुर गांव में मेंथा की टंकी का ढक्कन प्रेशर की वजह से निकल गया। जिससे मामा-भांजी झुलस गए। आनन फानन में परिजन गंभीर रूप से झुलसी नगमा को लखनऊ स्थित एक निजी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया, जबकि साजिद का गांव के ही निजी चिकित्सक द्वारा इलाज किया जा रहा है। बीती रात साजिद पुत्र मुकीम गांव में स्थित मेंथा की टंकी पर पेराई का कार्य कर रहा था। उसे महसूस हुआ के टंकी के ऊपर स्थित ढक्कन के बोल्ट कुछ ढीले हैं। जिन्हें टाइट करने के लिए वह ढक्कन के ऊपर चढ़कर बोल्ट कसने लगा। तभी मेंथा टंकी में बने प्रेशर के परिणामस्वरूप ढक्कन दूर जा गिरा और साजिद भी दूर जा गिरा। जिससे उसकी आंख एवं हाथ पैरों में चोट लग गई, जबकि पास ही खड़ी उसकी भांजी नगमा टंकी से निकलने वाले गर्म पानी से गंभीर रूप से झुलस गई। नगमा की पीठ की झुलसने की स्थिति देखकर परिजन उसे लेकर लखनऊ स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल पंहुचे। जहां उसका इलाज चल रहा है जबकि साजिद का इलाज घर पर ही एक निजी चिकित्सक द्वारा किया गया।

### प्रभु श्रीराम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का किया नाश

**सीतापुर, अमृत विचार।** रौना के दानेश्वर बाबा मंदिर पर चल रही नवम श्रीरूद्र महायज्ञ के दौरान मानस मर्मज्ञ महेंद्र मधुकर महाराज ने कथा सुनाते हुये कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। कथावाचक ने कहा कि राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। जिसके बाद राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते है। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। कथावाचक ने कहा की श्री राम के जन्म से ठीक 6 दिन बाद भगवान हनुमान के जन्म की घटना को आप भले ही महज संयोग मान सकते हैं। वहीं इसको लेकर तुलसीदास जी हनुमान चालीसा में लिखते हैं कि भीम रूप धरि असुर संहारे। रामचंद्रजी के काज संवारे। इसका मतलब है कि भगवान श्री राम सबके बिगड़े काम बनाते हैं, लेकिन उनके काम हनुमानजी बनाते हैं। इस दौरान मुख्य यजमान लालाराम यादव, श्रीकृष्ण यादव, दिलीप कुमार, राजवीर सिंह, पुत्तीलाल, शिवराम, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मां संकटा देवी धाम की प्रबंध समिति के अध्यक्ष बने रमेश

**महमूदाबाद।** प्रसिद्ध मां संकटा देवी धाम की प्रबंध समिति के गुप्त मतदान के द्वारा संपन्न हुए चुनाव में रमेश वाजपेई विरल को अध्यक्ष, शिवम गुप्त विक्रांत को महामंत्री तथा शिवदास पुरवार को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी अनूप सूरज द्वारा निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराए गए चुनाव में धाम समिति के 41 लोगों ने गुप्त मतदान किया। अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष के लिए हुए मतदान में समिति के सदस्यों को एक प्रिंटेड स्लिप पर अपनी पसंद के प्रत्याशी का नाम लिखकर मतपेटिका में डालना था। मतदान के बाद काउंटिंग कराई गई, जिसमें कुल 41 वोट पड़े। जिसमें से अध्यक्ष पद के लिए रमेश वाजपेई विरल को व महामंत्री के लिए शिवम गुप्त विक्रांत को पूरे के पूरे वोट मिले। कोषध्यक्ष के लिए शिवदास पुरवार को 33 वोट मिले। समिति के अन्य पदाधिकारियों के चयन व समिति के पुनर्गठन के लिए त्रिलोकी नाथ मौर्य, शिवम गुप्त, आरजे वर्मा, शिवदास पुरवार, अशोक नाग को अधिकृत किया गया।

# कटीले तारों में करंट उतरने से पिता-पुत्री की मौत, मां झुलसी

हरगांव/सीतापुर

**अमृत विचार।** थाना इलाके में खेतों में आवारा मवेशियों से छुटकारा पाने के लिए लगे कटीले तारों में करंट दौड़ने से दर्दनाक हादसा हो गया। यहां करंट की चपेट में आने से पिता-पुत्री की मौत हो गई जबकि बचाने के उद्देश्य से पहुंची मां भी चपेट में आकर झुलस गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर झुलसी महिला को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव फत्तेपुर मीराबेहड के मजरा मकसूदपुर निवासी संजय कुमार की पुत्री सोनिका (12) सोमवार को शरीफ के गन्ने के खेत में शौच के लिए गई थी। बताया जाता है कि खेत के चारों ओर लगे कंटीले तारों में अनिल कुमार के सब्मर्सिबल पर गये जर्जर केबिल से अचानक करंट उतरने से पुत्री सोनिका तार के संपर्क में आने से मौके पर ही मौत हो गयी। काफी देर तक लड़की के शौच से वापस न आने पर पिता संजय भी ढूंढते हुये मौके पर पहुंच गया और लड़की को तार से चिपका हुआ देखकर उसे बचाने का प्रयास करने लगा। परंतु तार के चपेट में आने से पिता संजय (40) की भी मौके पर मौत हो गयी।

सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची बालिका की मां सरोजनी देवी ने भी बेटी और पति दोनों को बचाने का अथक प्रयास किया। किन्तु वह भी लापरवाही के कारण तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गयी। स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची हरगांव पुलिस ने घायल सरोजनी को तत्काल सीएचसी हरगांव में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक हरगांव अरविन्द कुमार पाण्डेय ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने पर विधिक कार्यवाई की जाएगी।


खेतों में आवारा मवेशियों से बचाने के लिए लगा कटीला तार।


घटना के बाद मौके पर मौजूद सैकड़ो ग्रामीण। अमृत विचार

**हादसा**

**▸▸ खेत गई पुत्री को बचाने के दौरान पिता भी आया चपेट में, कटे तारों से उतरा करंट**

### तीन पुत्री व पुत्र से उठा पिता का साया

मृतक संजय बहुत ही गरीब परिवार से था। मजदूरी करके पूरे परिवार की रोजी रोटी चलाता था। एक पुत्री की मौत के बाद उसके तीन पुत्रियां व एक पुत्र शेष है। उसकी बड़ी बेटी की शादी तय थी जो जुलाई में होनी थी। आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा।

## कॉलेज प्रबंधक पर रुपये लेने का आरोप

**तंबौर।** इलाके के रायम डोर के रहने वाले इकबाल ने थाना तंबौर में तहरीर देकर राईन गर्ल्स इंटर कालेज के प्रबंधक आमिर पर आरोप लगाया कि वजीफा दिलवाने के नाम पर प्रबंधक ने 75 हजार रूपये ले लिये। जब एक पत्रकार ने इस संबंध में प्रबंधक का पक्ष जानना चाहा तो उसने फोन पर अभद्रता की। पुलिस ने प्रबंधक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोप है कि रायमरोड निवासी इकबाल पुत्र नियामत अली को वजीफा दिलवाने की एवज में राईन गर्ल्स इंटर कालेज प्रबंधक आमिर ने 75 हजार रुपए सरकार से वजीफा दिलाने के लिए घूस लिए थे। इसी बात को लेकर एक पत्रकार ने फोन किया तो प्रबंधक आमिर ने फोन पर अभद्रता की। ऐसे में पत्रकारों ने तम्बौर थाने पहुंच कर प्रार्थना पत्र दिया। फिलहाल मामले में प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# संदिग्ध बुखार से पीड़ित 15 लोगों के भेजे नमूने


लोगों की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

**लहरपुर, अमृत विचार।** विकासखंड परसेंडी के ग्राम पंचायत गोड़रिया के ग्राम जमलापुर में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी की स्वास्थ्य टीम ने क्षेत्र में चल रहे वायरल फीवर, डेंगू, मलेरिया आदि रोगों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर सदस्य जिला पंचायत प्रतिनिधि प्रहलाद कुमार कन्नौजिया ले लगवाया। जिसमें 40 मरीजों के स्वास्थ्य की जांचकर उन्हें दवाएं वितरित की गईं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि जमालापुर में वायरल फीवर की सूचना मिलने पर डॉ. नौशाद अली, डॉ. आशुतोष, फार्मासिस्ट समरजीत, एलटी अरुण, आशा सोनी, विपिन ने मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की। डॉ. नौशाद अली ने बताया कि संदिग्ध बुखार से पीड़ित 15 मरीजों की स्लाइड बनाकर जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जानवर बांधने को लेकर भिड़े दो पक्ष, दर्जनों घायल

**सदरपुर, अमृत विचार।** दो पक्षों में खेत के पास जानवर बांधने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में लगभग दर्जन भर लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। एक पक्ष की ओर से कमला पत्नी ब्रह्मा द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया है कि वह अपने घर से सामने लगे पेड़ की छांव में अपने जानवर बांध रही थी, तभी अनुज पुत्र सियाराम जिनका पड़ोस में खेत है, आए और बेवजह वाद विवाद व गाली गलौज करने लगे। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से उर्मिला पत्नी अनिल कुमार द्वारा दी गई तहरीर ने कहा गया है जब वे अपने घर खाना बना रही थी तभी धनेश, कैलाश, रंजीत, बाबू मेरे घर आ धमके और वेवजह गाली गलौज करने लगे। मना करने पर वे लोग मुझे मारने लगे। पुलिस ने दोनों पक्षो की तहरीर के आधार पर डॉक्टरी मुआयना व इलाज के लिए सभी को अस्पताल भेज दिया है।

**अनदेखी** — सफाई नहीं होने से एटीएम बना गंदगी का अड्डा, नहीं सुन रहे जिम्मेदार

# एटीएम में नहीं हैं गार्ड, एसी व दरवाजे भी खराब

**सकरन, सीतापुर, अमृत विचार।** कस्बे के चैराहे पर वर्मा मार्केट स्थित इण्डिया वन एटीएम गन्दगी का अड्डा बन गया है। यहां प्रतिदिन सैकडों लोग एटीएम से राशि निकासी करने पहुंचते हैं। अधिकारियों को सूचना देने के बावजूद साफ सफाई नहीं हो रही है, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं सहित क्षेत्र और मार्केट वासियों के बीच काफी आक्रोश व्याप्त है। एटीएम गेट खुले रहने के कारण रात के समय इनमें बेसहारा गोवंश व अन्य आवारा पशु बैठते हैं। वह एटीएम के अंदर व बाहर गोबर कर देते हैं। दुर्गंध के कारण उपभोक्ताओं को एटीएम से रुपए निकालने में परेशानी होती है।

नियमानुसार प्रत्येक एटीएम में गार्ड व एसी होना चाहिए, इसके अलावा एटीएम की नियमित रुप से सफाई होनी चाहिए। एटीएम न तो गार्ड हैं और न सफाई की जाती है। एटीएम में लगा सायरन खराब होने के कारण काम नहीं करता है। साफ सफाई न होने के कारण लगे कैमरे भी गन्दे हैं। एटीएम में एसी न होने के साथ-साथ गेट खराब हो गए हैं। इसके चलते रात के समय बेसहारा गोवंश इनके अंदर घुस जाते हैं और गंदगी एटीएम के फैलाते हैं। इसके अलावा सफाई न होने से एटीएम में ट्रांजेक्शन के दौरान निकलने वाली स्लिप बिखरी पड़ी रहती है, जो उपभोक्ताओं के लिए परेशानी की वजह बनती है। हिमांशु, अमित, प्रभात, राकेश, पूरन, शतीश आदि ने सकरन में लगे इण्डिया वन एटीएम में गार्ड की तैनाती कर साफ सफाई सहित अन्य कमियों को दूर किए जाने की मांग की है।



गेटविहीन एटीएम। अमृत विचार

## शौच गई बालिका की नदी में डूबने से मौत

**लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतौली में शारदा नदी के किनारे शौच के लिए गई 12 वर्षीय बालिका की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतौली निवासिनी निशा पुत्री शत्रोहन 12 वर्ष गांव के निकट शारदा नदी के किनारे शौच के लिए गई हुई थी, तभी अचानक पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि, शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# सरकार के दबाव में किये एग्जिट पोल

## इंडिया गठबंधन को हर वर्ग का मिला समर्थनः सपा जिलाध्यक्ष

**सीतापुर, अमृत विचार।** मतगणना में गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हम जनता के बीच गये हैं। हमें हर वर्ग का समर्थन मिला है। जनपद की चारों लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन जीत रहा है। ऐसे में ये एग्जिट पोल सरकारी के दबाव में किया गया है। ये बातें सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव ने सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जो बीजेपी कह रही थी, वहीं चैनलों ने दिखा दिया है, लेकिन सपा कार्यकर्ता किसी के दबाव में आने वाले नहीं हैं।

सपा जिलाध्यक्ष ने जिला प्रशासन से अपील कि मतगणना निष्पक्ष कराई जाये। फार्म-17 को सभी एजेंटों को दिखाया जाये। लहरपुर विधायक अनिल वर्मा ने कहा कि भाजपा ने जनता के मुद्दों पर कोई बात नहीं की। सिर्फ मंगलसूत्र, भैंस, मुजरा आदि पर जनता को बहकाते रहे। भाजपा ने राम-रहीम के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम किया। अगर किसी ने रोजगार की बात की तो उसे हिदूं-मुसलमान में उलझा दिया। गोदी चैनलों ने बता दिया है कि सीतापुर से भाजपा जीतेगी, लेकिन हम कह रहे हैं कि जनपद की चारों सीटें इंडिया गठबंधन जीतने जा रहा है। अरे लोकसभा तो छोड़िये, एक भी विधानसभा बीजेपी नहीं जीत रही है। इसीलिए सपा कार्यकर्ताओं का मनोबल डाउन नहीं है। उनकी एक-एक वोट और एक-एक मशीन पर नजर रहेगी। इस दौरान पूर्व मंत्री रामहेत भारती सहित अन्य तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।


मीडिया से बात करते सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव व विधायक अनिल वर्मा।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# चुनाव आयोग की सीख

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में इस बार लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया है। झुलसाती गर्मी व तूफान के बावजूद सात चरणों वाले लंबे चुनाव अभियान में मतदाताओं का उत्साह दुनिया को भारतीय लोकतंत्र की ताकत दिखाता है। दुनिया की सबसे बड़ी मतदान प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल और डेढ़ करोड़ से अधिक मतदान तथा सुरक्षा कर्मी शामिल रहे। इस दृष्टि से लोकसभा चुनाव 2024 विश्व के लोकतांत्रिक इतिहास में भारत का कीर्तिमान कहा जा रहा है। महत्वपूर्ण है कि तमाम सांस्कृतिक, भौगोलिक व राजनीतिक रुझान में विविधताओं वाले इस देश में चवालीस दिन की सबसे लंबी अवधि वाले आम चुनाव की प्रक्रिया विश्वसनीय मानी जाती है। लोकतंत्र के इस उत्सव में चुनाव आयोग से जो अपेक्षाएं थीं, उन पर खरा उतरने के लिए तैयारियां भी की गई थीं। परंतु भारतीय चुनावों की प्रणाली ऐसी है कि इसमें चुनाव के बाद भी जांच की गुंजाइश होती है। इस बात को मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी स्वीकार किया है। इसलिए आयोग के कामकाज को लेकर शिकायतें भी रहीं। आम चुनावों में ईवीएम को लेकर भी कई सवाल उठे।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआए) और कॉमन कॉज नाम की दो संस्थाओं ने अदालत में एक आवेदन देकर इस बार के चुनावों में मतदान प्रतिशत के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग उठाई। ऐसे में चुनाव आयोग ने देश में चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिए आयोग द्वारा की गई व्यवस्थाओं को सोमवार को पुनः रेखांकित करते हुए कहा कि चुनाव के बारे में अनर्गल बातें फैलाने का बाजार एक बड़ा खतरा बन गया है और इसके खिलाफ सावधानी बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर झूठी अफवाहों से निपटने के लिए बहुत तत्पर रहने की जरूरत है। इस चुनाव की कुछ महत्वपूर्ण सीख हैं, एक तो हमें भीषण गर्मी को देखते हुए यह चुनाव एक माह पहले पूरा करा लेना चाहिए था। दूसरी सीख है, (आयोग की व्यवस्थाओं के बारे में) अनर्गल प्रचार से निपटने की जरूरत का सबक। उन्होंने कहा कि इन चुनाव को संपन्न कराने में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ काम किया गया है और आयोग ने विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों की ओर से आए सुझावों को माना है। क्योंकि ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि आयोग सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार रुख दिखा रहा है। ध्यान रहे निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के जरिए ही देश में लोकतंत्र सुरक्षित रखा जा सकता है। ऐसे में निश्चित रूप से चुनाव आयोग के लिए सुगम मतदान की व्यवस्था करना चुनौतीपूर्ण कार्य था।

# गप्प सुनो भाई सप्प नाव में नदिया डूबी जाय



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भाषण देने वाले नेता लोग प्रायः अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं, उनका अंकुरण होता है, उनको सींचा जाता है, उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं।

लोकसाहित्य में गप्प भी एक महत्वपूर्ण विधा है और गप्पों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। यह सच है कि लोग मिलते हैं तो जैसे किस्सा - कहानी कहते हैं,वैसे ही गप्पें भी हांकते हैं, गप्पें सुनते भी हैं और उनसे मनोविनोद भी करते हैं। गप्पें लोगों को जोड़ती भी हैं,गप्पों में लोगों का मन लग जाता है। गप्पों का अध्ययन भी किया जा सकता है। गप्पें हांकना हर एक आदमी के वश की बात नहीं है।

कुछ लोग तो गप्पों के एक्सपर्ट होते हैं। गप्पें मनोरंजन तो करती ही हैं,लोगों को उत्तेजित भी कर देती हैं। आकर्षित भी करती हैं। कभी-कभी आत्मविज्ञापन के लिए गप्पें हांकी जाती हैं तो कभी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ने के लिए गप्पों का उपयोग किया जाता है,लेकिन कुछ गप्पी बहुत कमाल के होते हैं,वे ऐसी गप्पें हांकते हैं कि बहुत दिनों तक उनकी सच्चाई सामने नहीं आती और लोग उनकी गप्पों को प्रामाणिक तथ्य मान लेते हैं तथा दूसरों से भी आग्रह करते हैं कि वे भी उन गप्पों को ऐतिहासिक सच के रूप में ग्रहण करें। ऐतिहासिक, राजनैतिक,धार्मिक,सामाजिक, आर्थिक-व्यापारिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक आदि वर्गों में गप्पों का वर्गीकरण किया जा सकता है।

भाषण देने वाले नेता लोग प्रायः अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं,उनका अंकुरण होता है,उनको सींचा जाता है,उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं। गप्पों पर कितनी ही फिल्में बन चुकी हैं,अब भी बनाई जा रही हैं ताकि पब्लिक का दिल बहला रहे। एक दिन एक गप्प फिल्म का प्रोग्राम सुन रहा था। हालांकि वे इसे इतिहास बतला रहे थे तो कोई बात नहीं इतिहास को अब गप्प का ही एक दूसरा नाम समझा जाना चाहिए। इधर देश में राजनैतिक क्षेत्र की गप्पों का चलन बढ़ गया है। व्यापारिक गप्पें उत्पादों को लेकर हांकी जाती हैं। इस उत्पाद को खरीद लोगे तो घर में स्वर्ग ही आ जाएगा। धार्मिक मत के प्रचारक लोग अपने संप्रदाय अथवा पंथ की महिमा के लिए इतनी गप्पें हांकते हैं कि उन पर पूरी पुस्तक लिखी जा सकती है। मध्यकाल के भक्त कवियों के संबंध में भी ऐसी गप्पें प्रचलित हैं,वहां प्रोफेसर लोग इन गप्पों का उपयोग करते हैं और आग्रह करते हैं कि यह गप्प नहीं,ऐतिहासिक सच है। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। अब इतिहासकार भी गप्प सामग्री का प्रचुर उपयोग करने लगे हैं। ऐसी गप्प,जो इतिहास बन गया या बना दिया गया। इतिहास की गप्प कहो या गप्पों का इतिहास कहो। गूगल, वाट्सऐप,फेसबुक आदि पर गप्पों के विश्वकोष मिल सकते हैं,लेकिन लोकजीवन की गप्पें बड़ी सरल होती हैं,क्यों कि वे गप्प की तरह ही पेश आती हैं,धोखा देने का उनका इरादा नहीं होता। देहाती भाषा में इसे टल्ल भी कहते हैं।

> इतिहास? वह तो घंटाघर की सुई की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा,क्योंकि राजा समय का पक्का है,जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना।

इतिहास के नाम पर अपने-अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं,कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है,कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। जनता का इतिहास तो अभी तक किसी ने लिखा ही नहीं है,जो है वह सत्ता का इतिहास है। भारतीय साहित्य में आर्य शब्द कम से कम दो हजार साल पुराना तो है ही, आज तक कोई ऐसा इतिहासकार नहीं हुआ, जो जाति या प्रजाति के अर्थ में आर्य शब्द का एक भी प्रयोग प्रमाणित रूप से बतला सके,लेकिन लिखे जा रहे हैं। आज भी फेसबुक पर ऐसा ही प्रकरण देखा था। सर्वे पंडित मानिनः। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। गप्प भी कैसी जिसमें अपने स्वार्थ और मतलब छिपे हैं,अपने-अपने वैमनस्य और वैर भाव छिपे हैं। अपने-अपने मन की ग्रंथियां हैं,कुंठा हैं,जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं,वे इतिहास को जीवनभर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं। संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं,संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी हैं। भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा,किसी ने वर्ण को खोजा,किसी ने वर्ग को खोजा,किसी ने युद्ध को खोजा,किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म को खोजा, सामान्य मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? वे इतिहासकार,जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं,सत्ता के गीत गाते हैं,उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? मुगल-दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों का जयजयकार किया,ब्रिटिश-इतिहासकारों ने कहा कि आर्य बाहर से आए थे,यदि हम भी बाहर से आ गए तो इसमें नया क्या है?


इतिहास? वह तो घंटाघर की सुई की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा,क्योंकि राजा समय का पक्का है,जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना। राजा सबेरे सात बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं,शाम के छह बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं,क्योंकि राजा समय का पक्का है। सत्ता कुचक्री होती है। भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है,जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है,सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है,बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है,अलंकारों से सम्मानित करती है। सत्ता के हजार हाथ हैं।

कहानी है तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बनाकर उन्होंने इतिहास रच दिया। हिटलर के जमाने में शारीरिक मानव शास्त्रियों ने नस्ली- निर्णायकवाद का प्रतिपादन किया था कि मानवजीवन का निर्णायक तत्व नस्ल ही होता है। महायुद्ध के बाद सांस्कृतिक मानवशास्त्र आया। यही काम भारत में इतिहास ने किया, कल भी और आज भी, वर्तमान से ध्यान हटाने के लिए आज हम इतिहास में शत्रुताओं को खोज रहे हैं ताकि घृणा-विद्वेष का प्रसार किया जा सके। जातियों को जातियों से और मजहब को मजहब से लड़ाया जा सके। कल की ही तो बात है,जब कबीर और तुलसी को जाति के आधार पर बांटा गया। कोई इतिहास अंतिम नहीं है,इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं,अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं,लोक के साथ आज भी कितने हैं? किस इतिहासकार ने लोक जीवन में पैठ कर के इतिहास लिखा है। वह इतिहास तो तुम्हारे वर्ग की चीज है। तुम्हारे हितों से प्रेरित है। तुम लोकमन को नहीं समझ सके। तुमने अपने को लोकमन से ऊपर मान लिया,तुम पढ़े-लिखे हो न? तुम्हारा इतिहास लोकमन से अपरिचित है। तुम आसमान में रहते हो और लोक जीवन धरती पर रहता है। इसीलिए हिन्दू मन, मुस्लिम मन, धार्मिक मन और धर्मनिरपेक्ष मन, ब्राह्मण मन,शूद्र मन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं। देश के भिन्न-भिन्न जनसमूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म,वर्ग,वर्ण,ऊंच-नीच,राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं,उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है,आप यों कहें कि मनुष्य के भीतर का मनुष्य। राजनैतिक मतवाद की पुष्टि करने के लिए इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के जहर की खेती की।

सचमुच इतिहास बहुत निष्ठुर है। फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। यदि इतिहास हमें बदला लेने के लिए कहता है तो सचमुच वह इतिहास मनुष्य के लिए दुर्भाग्य का हेतु ही सिद्ध होगा। हां ,यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य जीवन को गतिशील बना सकता है। इतिहास को हम इसलिए पढ़ें,इसलिए रचें,इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिले,भविष्य उज्ज्वल हो, इतिहास में जाकर शत्रुताओं को खोजना ,शत्रुताएं सामने खड़ी करना सामाजिक विवेक कैसे कहा जाएगा? वह इतिहास,जो बदला लेने को प्रवृत्त करता है, बदला लेने की भावना जगाता है,पैरों की बेड़ी की तरह है,वह एक बंधन है। बदले का कहीं भी अंत नहीं हो सकता।

## प्रसंगवश

# राजधर्म और धर्मदंड



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

सभ्यता संस्कृति के विकास क्रम में पहले मानव समुदाय बना फिर मानव समाज। समाज से राष्ट्र बनने के संबंध में मनुस्मृति के सप्तम अध्याय के श्लोक दो में कहा गया है कि जगत में राजा न होने से सब भय व्याकुल होते हैं। इसलिए समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा उत्पन्न किया। राजा का अर्थ राज्य अथवा स्टेट से है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी लोक रूपी जनार्दन जो जनता है वह राज्य-स्टेट स्थापित करता है। लोकतांत्रिक अवधारण का एक मूल तत्व है कि जैसे-जैसे लोकतंत्र सुदृढ़ होता जाएगा, लोक और जनार्दन का शासन होगा। मानव समाज में राज्य बनने की प्रक्रिया वैदिक काल में लोकतांत्रिक ही रही है। अथर्ववेद में कहा गया है कि हे राजा राज्य के लिए जनता तुम्हें वरण करती है अर्थात् राजा का बेटा ही राजा नहीं होता। आगे कहा गया है कि राज्य राजा की संपत्ति नहीं होती,बल्कि प्रजाजनों के कल्याण के लिए होती है। मनुस्मृति में ही राज्य धर्म और धर्म दंड की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि राजा के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्म रूप और ब्रह्मतेज रूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्न किया है। देशकाल, शक्ति व शास्त्र को भली-भांति देखकर अन्याय करने वाले को यथा योग्य दंड राजा को देना चाहिए। वस्तुतः दंड ही राजा,दंड ही पुरुष,दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक है। ऋषियों ने दंड को ही चारो आश्रमों के धर्म का साक्षी कहा है। दंड सब प्राणियों पर राज्य करता है और दंड ही सब प्राणियों की रक्षा करता है। जब सब लोग सो जाते हैं तो दंड ही जगाता रहता है,पंडित लोग दंड को ही धर्म कहते हैं। वह दंड यदि पूर्ण रीति से विचार कर दिया जाए तो सब प्राणी सुखी रहते हैं और बिना विचारे देने से सबका विनाश हो जाता है। वैदिक काल के राज्य और आधुनिक युग के लोकतांत्रिक राज्य जो ईश्वर और जनार्दन द्वारा बनाए गए उसके बीच में अनेक अन्य प्रकार के ईश्वर भी गढ़े गए। सत्ता की लिप्सा का ईश्वर,युद्ध की हिंसा के प्रभुत्व का ईश्वर,कुटनीतिक चालों का ईश्वर,जाति-धर्म और संप्रदाय के उन्माद का ईश्वर जैसे तमाम ईश्वर पुराण इतिहास में बने और उन्होंने अपने आत्मजों को राजा बनाया जिनका धर्म दंड उनके अंहकार और उनकी इच्छा की सीमा में ही बंधे रहे।

# अधर में लटकी जमरानी बांध परियोजना



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी,पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा।

उत्तराखंड में कुमाऊं के तराई भावर क्षेत्र तथा हल्द्वानी नगर को पेयजल और सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लंबे समय से गौला नदी पर जमरानी बांध बनाने की मांग चली आ रही है। हर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जमरानी बांध एक प्रमुख मुद्दा बनकर उभरता है,लेकिन इसके बावजूद 48 साल से यह बहुउद्देशीय बांध परियोजना महज फाइलों में ही दौड़ रही है। कुमाऊं के प्रवेश द्वार काठगोदाम से लगभग 12 किलोमीटर दूर भीमताल क्षेत्र से आने वाली गौला नदी पर प्रस्तावित जमरानी बांध से हल्द्वानी व उत्तर प्रदेश के बरेली, मुरादाबाद और पीलीभीत की सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि पर सिंचाई तथा पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्युत उत्पादन का भी लक्ष्य रखा गया था।

26 फरवरी 1976 को केंद्र की कांग्रेस सरकार के तत्कालीन ऊर्जा मंत्री के.सी. पंत ने परियोजना का शिलान्यास किया था तथा उक्त अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता उस समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे नारायण दत्त तिवारी ने की थी। इन दो दिग्गज नेताओं से जुड़े होने के बावजूद चार दशक में बांध के नाम पर काठगोदाम में बैराज,कुछ किमी लंबी नहरे, कॉलोनी तथा गेस्ट हाउस ही बन पाए। अधिकतर लोग और बांध स्थल के स्थानीय ग्रामीण यह मानते हैं कि जमरानी बांध के.सी. पंत और नारायण दत तिवारी की आपसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की भेंट चढ़ गया था। शिलान्यास के बाद दोनों ही नेताओं ने बांध निर्माण में कोई ज्यादा रुचि नहीं दिखलाई, जबकि दोनों ही कांग्रेस सरकार में उच्च पदों पर रहे। हालांकि बाद में के.सी. पंत भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। देखा जाए तो राजनीतिक उठापटक और सरकारी खामियों का जिंदा स्मारक बनकर रह गई है यह परियोजना। 1976 में यह तय हुआ था कि जमरानी बांध परियोजना का 75 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार और 25 प्रतिशत तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार को देना था। अब तक के निर्माण की बात करें तो लगभग 24 करोड़ रुपए की धनराशि बैराज,नहरें तथा कॉलोनियों के निर्माण पर खर्च की गई है,लेकिन असल कार्य अर्थात् बांध का निर्माण प्रारंभ होना अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी,पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा। चारों ओर सन्नाटा पसरा है,अगर शोर है तो उन डंपरों का जो बांध स्थल के पास बड़े पैमाने पर रेता-बजरी का खनन कर रहे हैं। पर्यावरण के जानकार बताते हैं कि नियमानुसार बांध स्थल पर खनन पर पाबंदी होनी चाहिए,लेकिन यहां ऐसा नहीं है। कई पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक बांध निर्माण पर प्रश्न चिह्न भी लगाते हैं। उनका कहना है कि हिमालय के उच्च भूकंपीय जोन चार व जोन पांच के मध्य में आने वाले क्षेत्र में यह बांध बनाया जाना है। निचले हिमालय की यह पहाड़ियां कमजोर पहाड़ियां हैं,जो समय-समय दरकती रहती हैं। हालांकि 48 साल बाद ही सही,लेकिन अब लोगों में बांध बनाने को लेकर कुछ उम्मीद बंधी है।

पिछले साल 150.60 मीटर ऊंचे इस बांध निर्माण को केन्द्र सरकार ने अपनी मंजूरी दी और कहा कि मार्च 2028 तक इस परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है,जिस पर 2584 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें 1557 करोड़ रुपए केंद्र सरकार व्यय करेगी। इस परियोजना के जरिए 57065 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के दायरे में लाया जाएगा। इसमें 9458 हेक्टेयर भूमि उत्तराखंड की और 47607 हेक्टेयर भूमि उत्तर प्रदेश की है। यह भी तय हुआ है कि काठगोदाम में पहले से मौजूद बैराज में दो नई नहरों का निर्माण किया जाएगा तथा 207 किलोमीटर लंबी मौजूदा नहरों का जीर्णोद्धार भी होगा। इस परियोजना से 14 मेगावाट की बिजली उत्पन्न की जाएगी तथा हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्र को 42 मिलियन क्यूबिक मीटर पेयजल उपलब्ध होगा।

इन सबके बीच सबसे बड़ा मुद्दा बांध से प्रभावित गांवों के लोगों के पुनर्वास का भी है। इसके लिए टिहरी बांध प्रभावितों के पुनर्वास व विस्थापन के लिए वर्ष 2013 की नीति को आधार बनाया गया है। कई जगहों पर जमीन ढूंढने के बाद अंत में यह निर्णय हुआ कि विस्थापन के लिए उधमसिंह नगर जनपद में किच्छा के पास पराग फॉर्म की खाली पड़ी 300 एकड़ भूमि में बांध विस्थापितों का पुनर्वास किया जाएगा। बहरहाल अब देखना यह है कि क्या सरकार 2028 तक जमरानी बांध परियोजना को पूर्ण कर पाती है अथवा नहीं।

## सोशल फोरम

# नून और नोनिया



सचिदानंद सिंह
मुंबई

मध्य युग की शुरुआत में ही चीन में बारूद की खोज हो गई थी। चीनी बारूद में गंधक, पोटेशियम नाइट्रेट और कुछ वनस्पति रहते थे। बारूद का उपयोग सदियों से बस आतिशबाजी में होता रहा,पर नौवीं सदी आते-आते उसके सामरिक उपयोग शुरू हुए। चीनियों से बारूद के सामरिक प्रयोग मंगोल लोगों ने सीखा और मंगोल सेना के साथ बारूद मध्य एशिया और पश्चिम एशिया गया।

बारूद का एक महत्वपूर्ण घटक है पोटेशियम नाइट्रेट। इसका स्वाद तीखा, नमकीन होता है। फारसी लोगों ने इसे चीन के दलदल का नमक या नमक शूरा चीनी कहा है। शायद इसी शूरा से पोटेशियम नाइट्रेट को भारत में निमक-ए-शोरा या निमकी शोरा या बस शोरा कहा जाने लगा। शोरा यानी पोटेशियम नाइट्रेट रसायन विज्ञान की दृष्टि से एक नमक (सॉल्ट) है,किंतु इसकी संभावना कम है कि मध्य युग के कीमियागरों ने इसे नमक (सॉल्ट) समझा था। अधिकतर कीमियागर इसे क्षार मानते थे। इसे "निमकी शोरा" इसके स्वाद के चलते कहा जाने लगा। नमक को भारत में अनेक जगह नून कहा जाता है। यहां से शोरा का एक नाम नून आया और नून बनाने वाले लोग नोनिया कहलाने लगे। यह नून विशेष जगह की मिट्टी से बनता था। मिट्टी का काम करने वाले बेलदार जाति से आते थे। बिहार में सभी नोनिया बेलदार जाति से ही आए। वे कहलाते थे नोनिया, लेकिन उनकी जाति बेलदार ही थी।

बेलदारों का एक विशेष त्यौहार था लाढ़ा का पूजन। लाढ़ा लोहे का एक भारी दंड था जिससे पत्थर या पकी ईंटों को तोड़कर उनका चूर्ण बनते थे जिसे चूने के साथ मिलाकर मजबूत गारा/मसाला (मॉर्टर) बनता था। हाल तक सुर्खी-चूने के मसाले से ईंटें जोड़ी जाती रहीं। सुर्खी बनाना बेलदारों का काम था। एक रोचक तथ्य है कि शोरा जो विध्वंस का औजार बारूद बनाता था वही उर्वरक के रूप में फसलों की उपज भी बढ़ाता था।

**-फेसबुक वॉल से**

# चाह गई चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाह



अनूप शुक्ल
कानपुर

> पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव।

आज सुबह टहलने निकले तो गेट के बाहर ही कुत्ते भौंकते दिखे। ऐसा लगा कि किसी बड़े चैनल में प्राइम टाइम बहस हो रही हो। थोड़ी देर में अपने आप शांत भी हो गए जैसे बहस के बीच कमर्शियल ब्रेक होने पर होता है। थोड़ा आगे सड़क पर पत्तियां बिखरी हुई थीं। मानों यूकेलिप्टिस के पेड़ ने हमारे रास्ते में पलक पांबड़े बिछा दिए हों। वीआईपी भाव ने मन पर कब्जा कर लिया।

एक मोर सड़क पर इतराता हुआ टहल रहा था। ऐसे जैसे सड़क रैंप हो और वह कोई सुंदर मॉडल। टहलते हुए मोड़ उचककर एक घर के अंदर टहलने लगा। पार्क के पास कुछ बच्चे नीचे उतरकर पोज देते हुए पालथी मारकर बैठे फोटो खिंचा रहे थे। टेढ़े होते हुए उंगली से वी बनाते हुए। फोटोबाजी के बाद बच्चे चले गए। टहलते हुए उस जगह से गुजरे जहां शाखा लगती है।

पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव। इसके बाद मुफ्त बंटने वाले अनाज की खराब क्वालिटी, महंगाई और दीगर समस्याओं का जिक्र करते हुए सरकार के प्रति मुक्तकंठ, सेंसर विहीन प्रेम प्रदर्शन करते रहे दोनों बुजुर्ग। अपन चुपचाप उनके द्वारा अभिव्यक्ति के अधिकार का उपयोग होते सुनते रहे। अपन तमाम सरकार समर्थक मित्रों की बातें भी इसी तरह सुनते रहते हैं। आजकल दुनिया में हर बात के समर्थन में अनगिनत रेडीमेड तर्क सर्वसुलभ हैं। हाल यह कि इंसान अपना कत्ल करने वाले के पक्ष में भी तर्क करते हुए अपनी गर्दन उसके सामने झुकाने में लिए तैयार रहता है-'ले भाई काट ले गर्दन मेरी बिना किसी संकोच के।'

शाखा में एक नए बुजुर्ग का स्वागत पहले से मौजूद बुजुर्गों ने 'युवा साथी' कहते हुए किया। मेसेजिंग घराने की बातचीत का पुराना चलन है यह। बिना 'बेबी' कहे लोगों को जवानी का एहसास नहीं होता। सारे 'बुजुर्ग बेबी' लोग आपस में मजे लेते हुए बतियाने लगे। अपन बाहर निकल आए। पार्क में कुछ बच्चे क्रिकेट खेलने के लिए टीम बना रहे थे। टीम बनाने के बाद बच्चों ने चंदा जमा करके 'दांव' लगाया। दस-दस, बीस-बीस रुपये इकट्ठा करके सौ रुपये का 'दांव' लगाया एक टीम ने। दूसरी ने उकसाते हुए कहा-'अरे, बढ़ा के दांव लगावो यार।'लेकिन शायद उस टीम के साथियों के पास और पैसा नहीं था इसलिए दांव आगे नहीं बढ़ा। खेल शुरू हुआ। ओपनिंग करने वाले बच्चे ने पहले ओवर में ही 20 रन बना डाले। बॉलर बिना विचलित हुए गेंद फेंकता रहा। ईंटों का विकेट था। एक बच्चा गेंदबाज के पास से अंपायरिंग कर रहा था। दूसरा अंपायर विकेट के पीछे फिसलपट्टी पर बैठा लेग अंपायर का रोल निभा रहा था। दूसरे ओवर की पहली गेंद टेढ़ी-मेढ़ी पड़ी। उस पर भी छक्का पड़ गया। कप्तान ने पहली गेंद के बाद ही बॉलर बदल दिया। खेल आगे बढ़ गया। अपन भी। रास्ते में यूट्यूब पर जस्टिस काटजू जी का इंटरव्यू सुनते गए। काटजू जी अपने अंदाज में बोल रहे थे। किसी सवाल के जवाब में एंकर को हड़का भी दे रहे थे-'आप सुनती तो हैं नहीं। हम जवाब दे तो रहे हैं।' काटजू जी के बेबाक इंटरव्यू के खत्म होने से पहले एंकर ने पूछा-'आप सरकार की इतनी खिलाफत करते हैं। कहीं आपके खिलाफ कोई कार्रवाई हो गई तो क्या होगा?' काटजू जी ने जवाब में दोहा सुनाया-चाह गई, मिटी, मनुआ बेपरवाह, जिनको कछू न चाहिए, वे शाहन के शाह। हमारा भी मन करता है कि अपन भी अपना यूट्यूब चैनल शुरू करें। रोजनामचा का वीडियो बनाया करें,लेकिन फिर सोचते हैं कि इतने यूट्यूब चैनल चल रहे हैं। एक ठो और चालू करके ध्वनि प्रदूषण फैलाने से क्या फायदा। लिखना होता रहे नियमित यही बहुत है। है कि नहीं?

# चुनाव: सेटिंग या संयोग



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा चुनाव संपन्न हो गए। ये पंक्तियां आप तक पहुंचने तक परिणाम धड़ाधड़ आ रहे होंगे। वही जनादेश होगा और तदानुसार सरकार का गठन होगा। हालांकि इस बीच यह देखने में आया है कि विपक्ष या अन्य स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा पद्धति और व्यवस्था के प्रति जो भी आपत्तियां उठाईं गईं,उनमें एक भी मान्य नहीं हुई। फोरम कोई भी रहा हो। प्रारंभ में विपक्ष ईवीएम से चुनाव न कराकर बैलट से कराने की बात करता रहा है,जिसे सिरे से खारिज कर दिया गया। हालांकि साफ्टवेयर पद्धति है तो हैकिंग क्यों नहीं हो सकती है।

अमेरिका में बैलट से चुनाव होते हैं,जहां तकनीक अपनी उच्चतम स्थिति में है। पश्चात् यह बिंदु उठाया गया कि मशीनों से मतदान के बाद प्रदर्शित होने वाली वीवीपैट पर्चियों का कम से कम 50 प्रतिशत मिलान/गिनती करवा ली जाए,इससे ज्यादा पारदर्शिता आ जायगी। आखिर यह देश की सरकार बनाने का जनादेश है। यह विपक्षी प्रयास भी विफल रहा। विपक्ष ने एक छोटी सी यह मांग भी रखी कि गणना के समय पहले डाक मतपत्र गिनवा लिए जाए। इसे नहीं माना गया। हालांकि यह मांग चुनाव आयोग से फिर की जा रही हैं जिसके माने जाने की संभावना न के बराबर है। बताते चलें कि निर्वाचन आयोग गठन हेतु जो चयन समिति है,उसमें प्रधानमंत्री नामित उनकी कैबिनेट का एक मंत्री तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होता है। स्पष्ट है कि इसमें सत्तारूढ़ दल जो चाहेगा,वही होगा। यानी चुनाव आयोग और सरकार एक दूसरे के पर्यायवाची हो गए। कभी सुप्रीमकोर्ट ने कहा था कि जब तक चयन संबंधी कानून न बने, तब तक एक न्यायिक सदस्य भी इसमें रखा जाए। इसके बाद सरकार ने कानून बनाकर सुप्रीमकोर्ट की इस मंशा को विफल कर दिया और संप्रति यह समिति सरकार जैसी ही है। ऐसे में विपक्ष के प्रति चुनाव आयोग न्यायप्रिय कैसे होगा?

इस चुनाव आयोग ने संपन्न हुए चुनावों के शुरुवाती दो चरणों का मतदान प्रतिशत तत्काल कुछ और घोषित किया,लेकिन हफ्तों बाद लगभग पांच प्रतिशत की इसमें बढ़ोतरी करके आंकड़े बता दिए। यह सरासर संदेह उत्पन्न करने की स्थिति है। इससे एक करोड़ सात लाख मत ज्यादा पड़े बताए जा रहे हैं। इस बिंदु पर एक एनजीओ द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में प्रार्थना की गई कि मतदान बाद तैयार किया गया फार्म 17 सी चुनाव आयोग अपनी वेब साइट पर शत प्रतिशत प्रख्यापित करे जिससे पारदर्शिता आ जाए,क्योंकि इस फार्म में किसी बूथ पर हुए मतदान की पूरी जन्म कुंडली रहती है। विपक्ष और लोकतांत्रिक संगठनों का दुर्भाग्य रहा कि उच्चतम न्यायालय ने यह प्रार्थना ठुकरा दी। कुल मिलाकर सांविधानिक मंचों पर सभी विपक्षी याचनाएं अमान्य ही रहीं। अब इसे प्रबल सत्ता पक्ष की जबरदस्त 'सेटिंग' कहा जाए या संयोग,यह तय करना बड़ा मुश्किल है। अनुमान जो जैसा लगावे। बहरहाल असहाय विपक्ष का दुर्भाग्य तो साफ नजर आ रहा है।

# ईवीएम के लिए राउंडवार लगीं 14 टेबल

## 716 मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई, सबसे पहले डाकपत्रों की होगी मतगणना

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** जिले में सीतापुर लोकसभा सीट पर किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला आज हो जायेगा। सुबह 8 बजे से डाक पत्रों की गिनती के साथ मतगणना शुरू होगी और साथ ही ईवीएम मशीनों की राउंडवार गणना होगी। प्रत्येक विधानसभा में ईवीएम मशीनों के लिए राउंड वार 14 टेबल लगाई गई है। विधानसभाओं के रुझान में सबसे पहले सेउता विधानसभा से रुझान आयेंगे क्योंकि इस सीट पर सबसे काम राउंड में मतगणना को संपन्न कराया जायेगा। जिला प्रशासन ने मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए कुल 716 मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी लगाई है। सुबह तीन पहरों में चेकिंग के बाद ही मतगणना कार्मिकों को ही मतगणना स्थल पर प्रवेश मिलेगा।

जिले की लोकसभा सीट सीतापुर में भाजपा सांसद और गठबंधन प्रत्याशी में सीधी टक्कर मानी जा रही है। इसके साथ ही लोकसभा धौरहरा की महोली और हरगांव विधानसभा, मिश्रिख लोकसभा सीट की मिश्रिख विधानसभा और मोहनलालगंज की सिधौली विधानसभा सीट का रुझान भी एपीटीसी हाल से आयेगा। सुबह साढ़े छह बजे स्ट्रांग रुम से ईवीएम मशीनें निकाली जाएगी। मतगणना मे सिर्फ प्रत्याशी, मतगणना अभिकर्ता, प्रत्याशी अभिकर्ता व मीडियाकर्मियों का प्रवेश पास से ही प्रवेश दिया जायेगा। मतगणना एजेंट सिर्फ गणना के लिए कागज व पेन ही ले जा सकते है। प्रत्याशी व उनके अभिकर्ता के वाहन ही मुख्य गेट तक जा सकते है। मतगणना हाल में किसी भी अभिकर्ता प्रत्याशी जनप्रतिनिधि व मतगणना कर्मी द्वारा पानी की बोतल, मोबाइल, धूम्रपान की सामग्री यथा माचिस, सिगरेट, बीड़ी, गुटखा आदि तथा अन्य प्रतिबन्धित वस्तुयें मतगणना हाल में नहीं ले जायी जायेगी।


मतगणना स्थल की तरफ जाते डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्र। अमृत विचार

### डीएम व एसपी ने मतगणना के लिए की ब्रीफिंग

लोकसभा चुनाव की मतगणना के मद्देनजर सोमवार को डीएम अनुज सिंह और एसपी चक्रेश मिश्र ने ड्यूटी में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पुलिस लाइन स्थित सरदार पटेल सभागार में ब्रीफिंग की। मतगणना के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारियों संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार व दक्षिणी डा. प्रवीण रंजन सिंह,समस्त क्षेत्राधिकारी, मौजूद रहे।

### 14 टेबल पर होगी गिनती

सभी विधानसभाओं में ईवीएम मशीनों की गिनती के लिए 14 टेबल लगाई गई है। बताया जाता है कि एक राउंड में एक साथ में 14 ईवीएम मशीनों की गिनती होगी। सभी मतगणना एजेंट सुबह सात बजे तक मतगणना टेबल पर पहुंचेगें। स्ट्रांग रुम से साढें छह बजे से मशीनें निकाली जाएगी। बताया जाता है कि करीब पांच घंटे में मतगणना पूरी हो जाएगी। जिसमें सीतापुर लोकसभा का परिणाम ही घोषित होगा। लोकसभा धौरहरा को लखीमपुर खीरी, मिश्रिख का हरदोई तथा मोहनलालगंज का चुनाव परिणाम लखनऊ जनपद से घोषित होगा।

### इन बैरकों में होगी मतगणना

सीतापुर लोकसभा सीट की सदर विधानसभा की 11 वीं वाहिनी मतगणना पीएसी की बैरक नंबर 5, लहरपुर की बैरक नंबर 4, बिसवां की बैरक नंबर 7 प्रथम व सेउता की बैरक नंबर 7 भूतल तथा महमूदाबाद की एपीटीसी की बैरक नम्बर 3 में होगी। धौरहरा लोकसभा की विधानसभा महोली की मतगणना 11 वीं वाहिनी पीएसी के बैरक नम्बर 12 में होगी। इसके साथ ही हरगांव विधानसभा की मतगणना बैरक 11 में होगी। मिश्रिख विधान सभा की एपीटीसी बैरक नम्बर 1 व मोहनलालगंज की 11 वीं वाहिनी बैरक नम्बर दस में होगी।

### विजय प्रत्याशी नहीं निकाल सकेंगे जुलुस

जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि जिले में धारा 144 लागू है। ऐसे में विजयी प्रत्याशी जुलूस नही निकाल सकते है। उन्होने बताया कि विजयी प्रत्याशी 4 समर्थकों के साथ अपना प्रमाण पत्र लेने जा सकते हैं।

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार।** अज्ञात कारणों की वजह से एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी मायके में थी। ऐसे में जानकारी होने पर मृतक का साला बहन को लेकर गांव पहुंचा और थाने पर तहरीर देकर पीएम की माँग की। रविवार की देर शाम क्षेत्र के ग्राम औंरिशहपुर निवासी पिन्टू 36 ने अपने घर पर फाँसी लगा ली। ऐसे में मृतक की ससुराल में सूचना दी गई, क्योंकि उसकी पत्नी बच्चों के साथ मायके में थी। खबर मिलते ही मृतक का तंबौर निवासी साला राकेश अपनी बहन को लेकर गांव औंरिशहपुर पहुंचा और पुलिस को तहरीर देते हुए पीएम की मांग की।

### मामूली विवाद में चाचा-भतीजे में मारपीट

**रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना रेउसा इलाके में नल में पानी को लेकर चाचा भतीजे में जमकर हुई मारपीट दोनों तरफ से दो लोग घायल हो गए। सभी घायलों का पुलिस ने मेडिकल कराया। कुसमौरा निवासी शरीफ का अपने भतीजे नबी अहमद से नल पर पानी को लेकर विवाद हो गया। जिसके लिए जमकर मारपीट हुई और लाठी डंडे चले। जिससे दोनों पक्ष से नबी अहमद व फरीद अहमद घायल हो गये। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं थाना प्रभारी घनश्याम राम ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया गया है।

### आग से जले तीन घर, आठ बकरियां भी जिंदा जली

**पलिया कलां, अमृत विचार।** थाना मझगई के ग्राम बबौरा में आतिशबाजी के दौरान चिंगारी गिरने से मुन्नालाल के घर आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते। आग ने पड़ोस के टुन्ने व बोधे के घरों को भी चपेट में ले लिया। मुन्नालाल के घर में रखी हजारों की नगदी सहित काफी सामान जल गया। उनकी आठ बकरियां भी जलकर मर गईं। पड़ोसी टुन्ने व बोधे के घरों में रखा सामान आग की भेंट चढ़ गया।

### घर में घुसकर तीन महिलाओं से मारपीट

**पसगवां, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़िया चूड़ामणि में पांच दिन पहले मारपीट के मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष की रिपोर्ट भी दर्ज की है। लक्ष्मी देवी पत्नी लालू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 28 मई की रात दस बजे उसके घर में घुसकर लालमुनि, लाल जीत और सुरजीत ने आकर गाली गलौज किया। मना करने पर उसकी लात घूसों और थप्पड़ों से पिटाई कर दी। उसे बचाने आई उसकी सास प्रेमवती और ननद विमला की भी पिटाई कर दी। पुलिस ने पांच दिन बाद घटना की रिपोर्ट दर्ज कर चोटिलों का चिकित्सकीय परीक्षण सीएचसी में कराया है।

## सार-संक्षेप

### प्रत्येक विधानसभा के लिए प्रेक्षक तैनात

**सीतापुर, अमृत विचार।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत मतगणना आज सुबह आठ बजे से एपीटीसी एवं 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर की बैरकों में सम्पन्न करायी जायेगी। मतगणना सकुशल, पारदर्शी व निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्रावार आवंटित विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रेक्षक की नियुक्त की गयी है जो 11वीं वाहिनी पीएसी के क्लब संख्या-14 में आवासित हैं। प्रेक्षकगणों में नंद कुमार बबनराव कटकर, कक्ष संख्या-1 को लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र 30-सीतापुर की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 150-सेवता एवं 151-महमूदाबाद, जिनका दूरभाष नम्बर-05862-298859 है। पी. शिवा शंकर, कक्ष संख्या-2 को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 30-सीतापुर की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 146-सीतापुर, 148-लहरपुर एवं 149-बिसवां, जिनका दूरभाष नम्बर-05862-298857 है। तस्सादुक हुसैन मीर, कक्ष संख्या-3 को लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र 34-मोहनलालगंज की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 152-सिधौली, जिनका दूरभाष नम्बर-05862-298858 है। अराधना, कक्ष संख्या-4 को लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र 32-मिश्रिख की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 153-मिश्रिख, जिनका दूरभाष नम्बर-05862-298853 है। निवेदिता प्रष्टी, कक्ष संख्या-5 को लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र 29-धौरहरा की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 145-महोली एवं 147 हरगांव, जिनका दूरभाष नम्बर-05862-298856 है, को नियुक्त किया गया है।

### चार दिन से पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए चक्कर काट रही मां

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** सात माह के मासूम की मौत के मामले में पुलिस का रवैया अभी भी शिथिल है, मासूम की माँ को बीते चार दिनों से पोस्टमार्टम रिपोर्ट न देकर उसे टरकाया जा रहा है। जिसको लेकर पीड़ित माँ ने मुख्यमंत्री के पोर्टल सहित महिला आयोग व एसपी सीतापुर से शिकायत की है और कोतवाली प्रभारी पर सुलह करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। मालूम हो कि नगर के मोहल्ला कटरा निवासिनी कैसर जहाँ ने 24 मई को कोतवाली में तहरीर देते हुए अपने सात माह के मासूम बच्चे की हत्या का आरोप अपनी देवरानी पर लगाया था, बड़ी मुश्किल के बाद हत्या का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया था। डीएम के आदेश के बाद मजिस्ट्रेट की निगरानी में बीती 29 मई को कोतवाली पुलिस ने कब्र खोदकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। दूसरे दिन पोस्टमार्टम के बाद वापस सुपुर्द-ए-खाक किया गया था। गौरतलब है कि मृतक मासूम की माँ कोतवाली के चार दिन से चक्कर लगा रही है। आरोप है कि ऐसे में कोतवाली प्रभारी न तो उसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट की कॉपी मुहैया करा रहे हैं बल्कि आरोपी देवरानी और उसके मायके के गांव के प्रधान गुड्डू मौर्य संग मिलकर सुलह का दबाव बनाते हुए धमकाते हैं कि सुलह न करने पर मासूम की हत्या के मामले में उसे ही जेल भेज देंगे। ऐसे में सोमवार को पीड़ित माँ ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री और महिला आयोग सहित एसपी से शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि हत्या का मुकदमा दर्ज है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सरायं नदी में नहाने गये दो सगे भाइयों समेत मामा की डूबकर मौत

**हादसा**

▶▶ गर्मी से निजात पाने के लिए गांव के पांच बच्चों के साथ गये थे घाट पर नहाने

**सीतापुर, अमृत विचार।** कमलापुर थाना इलाके में नदी में नहाने गये तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब तीनों बच्चे नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने लगे। डूबने से मरने वालो में दो सगे भाई और मासूम मामा शामिल है। तीनों बच्चों की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार महोली कोतवली इलाके के ग्राम भुजिया निवासी महेंद्र बाजपेई के दोनों पुत्र उमंग बाजपेई (11) वर्ष, अनिकेत बाजपेई (10) वर्ष अपनी मां के साथ स्कूल की छुट्टियां होने पर अपने ननिहाल कमलापुर थाना इलाके के ग्राम रायपुर गये थे। बताया जाता है कि भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए रिश्ते में लगने वाले मामा विवेक शुक्ला (11) वर्ष पुत्र रामशंकर ने अपने दोनों भाजों के साथ गांव के बाहर निकली सरायं नदी किनारे महादेवा घाट पर नहाने के योजना बनाई और घर से चुपचाप बिना किसी को बताये ही घर से निकल लिए। रास्ते में गांव के ही दो अन्य बच्चे रवि (15) पुत्र रामशंकर और प्रशांत (14) पुत्र जयशंकर के साथ घाट पहुंचकर नहा रहे थे। सकुशल बाहर निकलकर बाहर आये बच्चों ने बताया कि नहाने के दौरान अचानक विवेक का पांव फिसल गया और वह डूबने लगा, तो उसको बचाने के प्रयास में कान्हा और मोहन भी उसी तरफ चले गए। तीनों को डूबते देखकर गांव के बच्चे रवि और प्रशांत गांव की तरफ भागकर आए और गांव में लोगों को जानकारी दी।

ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर डूबे रहे तीनों बच्चों को निकालने के लिए नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय ग्रामीण राजेंद्र ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकालकर परिजन लेकर जिला पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।


उमंग बाजपेई।


अनिकेत बाजपेई।


विवेक।(फाइल फोटो)


दो बेटों को एक साथ खोने वाली मां अस्पताल में भाई के साथ रोती बिलखती। अमृत विचार

### घर के दोनों चिराग बुझने से मां बेहाल

अपस्ताल में डॉक्टरों द्वारा उमंग और अनिकेत को मृत घोषित करते ही मां =दहाड़ा मारकर रोने लगी। घर के दोनों चिराग एक साथ खोने से बेहाल मां की चीखे जिला अस्पताल में गूज गई। मरीजों के तीमारदार से लेकर अस्पताल पहुंचा हर शख्स उस महिला की चीख के पीछे की वजह जानकर दांतो तले उंगली दबाने को मजबूर था। रोते हुए मां ने बताया कि उसके दोनों बेटे महोली स्थित एमकेडी स्कूल में पढ़ते थे। स्कूल की छुट्टियां होने पर हम बच्चों के साथ ननिहाल आये थे। भगवान ने यह कर दिया कि मेरे दोनों चिराग मुझसे छीन लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दोस्तों के साथ नदी नहाने गया युवक डूबा, मौत

**तम्बौर, सीतापुर, अमृत विचार।** सोमवार की दोपहर थाना इलाके के अकबरपुर गांव में स्थित शारदा नदी में अपने तीन दोस्तो के साथ तम्बौर कस्बे के मोहल्ला नवाब साहब पुरवा निवासी जीशान उम्र 17 वर्ष पुत्र मुख्तार गया था। नहाते समय वह गहराई में चला गया। जहा वह डूब गया। आसपास के ग्रामीणों द्वारा इसको नदी से बाहर निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तम्बौर लाया गया। जहा चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बगैर किसी को सूचना दिए शव को सिपुर्दे खाक कर दिया।

# पंचायत भवन अधूरा, नहीं मिल रही सुविधा

**रामपुर मथुरा सीतापुर, अमृत विचार।** विकास कार्यों पर खर्च होने को आवंटित धनराशि में सेंध लगाकर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सरकारी धन का बंदरबांट कर लिया जाता है और निर्माण कार्य अधूरा का अधूरा रह जाता है। कुछ इसी तरह का मामला रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत पारा रमनगरा से प्रकाश में आया है।

उक्त ग्राम पंचायत में पंचायत भवन के निर्माण हेतु करीब 18 लाख से अधिक वित्त स्वीकृत हुआ था। निर्माण कार्य लगभग 3-4 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था, लेकिन पंचायत भवन निर्माण भ्रष्टाचार के दलदल में ऐसा फंसा कि दो वर्ष से अधिक का समय गुजर गया लेकिन पंचायत भवन निर्माण कार्य नहीं पूर्ण हो सका है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिछले प्रधानी कार्यकाल में पूर्व प्रधान ने निर्माण कार्य प्रारंभ कराया था। तत्पश्चात प्रधान पद का चुनाव हुआ और ग्राम प्रधान बदल गए। तभी से पंचायत भवन निर्माण अधर में लटका हुआ है और शासन की मंशा फेल साबित हो रही है। उप्र सरकार ग्राम पंचायत स्तर पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा कर रही है, लेकिन यहां पर जिम्मेदार योजना में सेंध लगाकर सुविधा के दावों को खोखला कर रहे हैं।

ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंचायत भवन निर्माण पर करीब 18 लाख से अधिक वित्त भी स्वीकृत हुआ और पंचायत सहायक की भी नियुक्ति हुई। इतना सब होने के बावजूद भी सरकार के मंसूबे पर जिम्मेदार पानी फेर रहे हैं। जब इस संबंध में रामपुर मथुरा खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार से बात की गई तो कहा कि उक्त प्रकरण को दिखवाया जाएगा।


पंचायत भवन के सामने लगे गोबर व कंडे। अमृत विचार

## महिला की पिटाई में चार पर केस दर्ज

**खरगूपुर, अमृत विचार:** विवाहिता की ससुराल में दहेज के मांग को लेकर पिटाई किए जाने के मामले में पीड़िता ने पति, ससुर, सास एवं देवर पर मुकदमा दर्ज कराया है।

मामला खरगूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुनही हरदोपट्टी के मजरा जलालजोत का है। करीब चार साल पहले इसी थाना क्षेत्र के तेंदुआ चौखड़िया गांव की रहने वाली रेनू देवी पुत्री राजेंद्र प्रसाद की शादी जलाल जोत के राम सहाय के पुत्र अनिल कुमार के साथ हुई थी। विवाहित रेनू देवी का आरोप है कि उसके पति अनिल कुमार, ससुर राम सहाय, सास सुमन देवी तथा देवर दिलीप कुमार द्वारा मायके से दहेज के नाम पर बाइक तथा सोने की चैन की मांग की जाती है। मांग पूरी न होने पर सभी प्रताड़ित करते हैं।

## पाल्हापुर हत्याकांड के मृतकों के लिए किया शांति पाठ


मृतकों के चित्रों पर पुष्प अर्पित करते लोग। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** 11 मई को हुए पाल्हापुर नृशंस हत्याकांड के मृतकों के निज निवास पर शांति पाठ का आयोजन किया गया। जिसमे मृतक अनुराग सिंह, मां सावत्री सिंह, पत्नी प्रियंका सिंह, लड़के आद्विक, लड़की आरना, अश्वी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके मृतकों के लिए सभी लोग एकत्रित होकर मौन सभा की उसके बाद शांति पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें आरपी सिंह, यसवर्धन सिंह सुरैचा स्टेट, सर्वेंद्र सिंह, शिवशंकर दुबे ,नवीन सिंह, एसएन वर्मा, प्रभाकर प्रताप सिंह, विभा सिंह, अजय सिंह, आशुतोष सिंह, अमित सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बाजार गली में संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला युवक का शव

निघासन

**अमृत विचार।** शनिवार की सुबह घर से मजदूरी करने गए युवक का शव उसके घर से कुछ दूरी पर गली में संदिग्ध अवस्था मे बरामद हुआ है। सोमवार सुबह राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस पड़ोस के लोगों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नगर पंचायत निघासन के वार्ड गांधीनगर निवासी मौजी लाल (38) शनिवार की शाम को परिजनों को बगैर बताए घर से निकला था। सुबह उसका शव घर से कुछ दूरी पर बाजार वाली गली स्थित एक किराने की दुकान के सामने से बरामद हुआ है।

**धर्मकर्म**

निबिहा रमवापुर हरदौपट्टी में प्रज्ञा पुराण की कथा एवं पंचकुंडीय महायज्ञ का समापन

# गायत्री साधना से होगा युग परिवर्तन : जवाहर

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गायत्री परिवार के श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के मुख्य यजमान उमानाथ त्रिपाठी अनिल त्रिपाठी, अशोक त्रिपाठी के निज निवास ग्राम निबिहा रमवापुर हरदौपट्टी इटियाथोक में चल रहे प्रज्ञा पुराण की कथा एवम पंचकुंडीय महायज्ञ का समापन तथा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ।

गायत्री परिवार से कथावाचक जवाहर मिश्र ने सद्बुद्धि की भावना एवम सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कथा वाचक ने युग ऋषि परमपिता गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य के त्याग और बलिदान पर विशेष बल देते हुए राष्ट्र निर्माण और नवयुग की संकल्पना पर विशेष चर्चा हुई। कथा व्यास ने कहा कि परम पूज्य श्री राम शर्मा आचार्य ने अपना पूरा जीवन देश की अखंडता, एकता तथा युग निर्माण में ही लगा दिया। युग निर्माण को लक्ष्य बनाते हुए परिवार में संस्कारों पर विशेष बल देते हुए परिवार को सुंदर एवम सफल बनाने पर विशेष जोर दिया। नैतिक उन्नयन तथा स्वयं के आचरण में सुधार कर सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में परिवार बिखर रहे हैं। युवाओं में नशे की बढ़ती आदतों को छोड़ने तथा संस्कारवान बनाए जाने पर बल दिया गया। कथा में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को यह शपथ दिलाई गई की हम देश और समाज को नशामुक्त करने का प्रयास करेंगे। श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा के पूरे कार्यक्रम में प्रतिदिन पंचकुंडीय यज्ञ का तथा एक हजार एक दीपक जलाकर विराट एवं भव्य दीपयज्ञ तथा रंगोली का आयोजन किया गया। कथा में मेवाराम शुक्ला, रामनाथ त्रिपाठी, रमाकांत, राधामोहन, प्रदीप, अंकित, जितेन्द्र द्विवेदी, आयुष्मान, सारिका, अंकिता, प्रज्ञा समेत सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। कथा के समापन दिवस पर पंचकुंडीय महायज्ञ का विशेष आयोजन व पूर्णाहुति के साथ हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों को हरिद्वार महाकुभ से आया गंगाजल, मां गायत्री का चित्र, साहित्य, गायत्री चालीसा एवम विभिन्न पुस्तकों के साथ प्रसाद वितरण भी किया गया।


महायज्ञ में शामिल भक्त।

# सरयू नहर में पहले छोड़ा पानी, फिर किया बंद

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** नहरों की मुख्य शाखा में पानी का स्तर कम होने के बाद किसान ठगा सा महसूस कर रहे हैं। अधिकारियों ने वाहवाही लूटने लिए मुख्य नहरों में पानी छोड़ दिया लेकिन उप शाखाओं में पानी नहीं पहुंचा। सरयू नहर परियोजना पर प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये सरकार के द्वारा खर्च किया जा रहे है, लेकिन हकीकत यह कि मुख्य शाखाओं में पानी छोड़ने के बाद उप शाखाओं में पानी नहीं आ रहा है। ऐसी स्थिति में किसानों के सामने सिंचाई की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समय गन्ने की फसल को सप्ताह में एक बार पानी देना होता है। क्षेत्र के सरयू नहर खंड चार की उप शाखाएं कई वर्षों से सफेद हाथी बनकर किसानों को चिढ़ा रहे हैं। ग्रामीण इलाके में नहर सिंचाई का प्रमुख साधन है। इन दिनों गन्ने व अन्य फसलों को पानी की जरूरत है। अधिकतर सूखे नहरे होने से सिंचाई के अभाव में हजारों बीघा फसलें प्रभावित हो रही है। मानसून के असर भी नहीं दिखाई पड़ रहे है। तेज धूप व गर्मी से फसलों को सुरक्षित करना चुनौती बनी हुई है। फसलों को बचाने के लिए किसान को निजी पंपिंग सेट से सिंचाई करने के लिए मजबूर हो रहे तथा लागत अधिक लग रही है। क्षेत्र की नहरें व शाखाएं रूपईडीह के प्रथम व द्वितीय, छितौनी, कोचवा, सजनवा, कौड़िया, फरेंदा शुक्ल, गौसिहा, रामापुर, परसिया, अनन्तपुर कमडावा सहित क्षेत्र के कई माइनरों में पानी नहीं आ रहा है, जिससे गन्ने सहित अन्य फसलों की सिंचाई के अभाव में फसले खराब हो रही है। कुलाबा की नालियों ध्वस्त पड़ी है सिंचाई के पर्याप्त साधन न होने से किसान मायूस हो रहे हैं। क्षेत्र में सूखी नहरों में पानी छोड़े जाने को लेकर रघु बाबा समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार दुबे ने बताया कि विभागीय अधिकारियों के द्वारा मुख्य नहरों में पानी छोड़ कर इति श्री कर दिया जाता है और उप शाखाओं में पानी नहीं पहुंच रहें हैं फसलों को गर्मी व उमस से कैसे बचाया जा सके। इस सम्बन्ध में अवर अभियंता संयोग्य गुप्ता ने बताया कि किसानों के सिंचाई के लिए अभी पानी नहीं उपलब्ध हो सका है अभी तालाबों में पानी भरने का कार्य किया जा रहा है।


सरयू नहर में ठप हुआ पानी का बहाव। अमृत विचार

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहे गोकना गांव के लोग

## गांव के एक दर्जन से अधिक हैंड पाइप खराब, अधिकारी दे रहे बजट के अभाव का हवाला

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार**। दक्षिण वाहिनी गंगा के तट गोकर्ण ऋषि के घाट पर स्थित गोकना गांव भारी पेयजल संकट से जूझ रहा है। मां गंगा की गोद में स्थापित इस गांव के एक दर्जन से अधिक हैंड पाइप खराब है। गांव के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।

गोकना गांव की आबादी करीब एक हजार से अधिक है। धार्मिक और पौराणिक रूप से गौरवशाली अतीत को लिए यह गांव आज मूलभूत जरूरतों के लिए जद्दोजहद कर रहा है। गांव में विभिन्न निधियों ने दर्जनों इंडिया मार्का हैंड पाइप लगाए गए थे, जिसमें से अधिकांश हैंड पाइप खराब हो चुके हैं। भारत सरकार की हर घर जल योजना भी इस गांव में अभी तक धरातल पर नहीं उतरी है। जून माह की भीषण गर्मी में हलक तर करने के लिए गांव के लोग परेशान है। गांव के रमेश सिंह, सुनील सिंह, देशराज सिंह, आशाराम, राम लखन सिंह आदि ग्रामीणों के घरों के पास स्थापित हैंड पाइप अरसे से खराब पड़े है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से शिकायत की तो ग्राम पंचायत अधिकारी ने कागज पर कुछ हैंड पाइप को ठीक बताकर आख्या रिपोर्ट लगा दी। यही नहीं कुछ हैंड पाइप को रिबोर के लिए बताया गया, किंतु बजट के अभाव में रिबोर कराना संभव नहीं बताया जा रहा है। ऐसी दशा में ग्रामीणों के सामने पेयजल का भारी संकट पैदा हो गया है। जिम्मेदार ग्रामीणों की इस समस्या पर आंख बंद किए हुए हैं।




ऊंचाहार के गोकना गांव में खराब पड़े इंडिया मार्का हैंड पाइप। अमृत विचार

# मेगा हेल्थ कैम्प आज

**रायबरेली,अमृत विचार**। उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के सचिव लवकुश सोनकर ने बताया कि कर्मचारियों की सेहत को लेकर संजीदा उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के तत्वाधान में आज मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन रेलवे स्टेशन अस्पताल में होगा। आज लखनऊ के इंडोर अस्पताल के सात चिकित्सकों की टीम रेलवे अस्पताल पहुँच कर्मचारियों परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी।

# 48 घंटे से अंधेरे में डूबी हजारों की आबादी, बेहाल है लोग

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार**। बेतहाशा गर्मी ने जनजीवन बेहाल कर रखा है। ऐसे में बिजली की समस्या ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। क्षेत्र के शिव नगर कंदरावा में विगत 48 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित है। ऐसे में लोग बिलबिला उठे है।

गांव के विजयपाल ने बताया कि उनके गांव को जाने वाली मेन लाइन की केबिल जल गई है जिसके कारण हजारों की आबादी को बिजली नहीं मिल पा रही है। इस बारे में बिजली विभाग को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों शिकायतें की गई, किंतु खराब विद्युत केबिल को ठीक नहीं किया गया है जिससे ग्रामीण परेशान हैं। सबसे बड़ी समस्या छोटे-छोटे मासूम बच्चों को हो रही है। भीषण गर्मी के कारण लोग बेहाल है। राहत पाने के लिए लोग बागों में जाकर काफी समय बिता रहे हैं।

## एक नजर

### समिति के डायरेक्टर का हुआ निधन, शोक

महाराजगंज, रायबरेली। श्री बाला जी पवन तनय संकट मोचन सेवा समिति हलोर के डायरेक्टर दिलीप कुमार श्रीवास्तव के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की सूचना मिलते ही उनके घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। उनके ज्येष्ठ पुत्र संदीप कुमार ने डलमऊ घाट पर अपने पिता को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। इस मौके पर दिवंगत डायरेक्टर दिलीप श्रीवास्तव के पारिवारिक जन, ईस्ट मित्र तथा तमाम भक्त मौजूद रहे।

### दुष्कर्म की घटना में वांछित आरोपी को भेजा जेल

**जगतपुर, रायबरेली**। दुष्कर्म की घटना में वांछित चल रहे एक आरोपी को जगतपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजा निवासी घुरवारा थाना डलमऊ के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष बबिता पटेल ने बताया कि दुष्कर्म की घटना में वांछित चल रहे आरोपी को जेल भेजा गया है।

# मतगणना: किसके सिर सजेगा ताज, फैसला आज

## जिला प्रशासन ने मतगणना को लेकर तैयारी की पूरी, सुबह आठ बजे से होगी गिनती, एक से डेढ़ घंटे में आने लगेंगे रुझान

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार**। रायबरेली संसदीय सीट के लिए 20 मई को हुए मतदान के बाद लगभग 14 दिनों तक प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच हार जीत को लेकर प्रयास बाजियां चल रही थी। किसके सिर पर जीत का सेहरा होगा और किसको मात मिलेगी इस बात को लेकर जिले के सियासी गलियारों में ही नहीं बल्कि आमजन में भी खूब चर्चा हो रही। हालांकि अब इन सियासी सरगर्मियों पर विराम लगने में महज चंद घंटे ही बचे है।

रायबरेली से दावेदारी करने वाले प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद है और वह आज सुबह आठ बजे खुल जाएगा। रायबरेली संसदीय क्षेत्र से वर्तमान कांग्रेस की सोनिया गांधी सांसद थी, जो अब राज्यसभा की सदस्य है। वही इस बार भाजपा से दिनेश प्रताप सिंह, कांग्रेस से राहुल गांधी व बसपा से ठाकुर प्रसाद सहित आठ उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। इनके तकदीर का फैसला आज मंगलवार को कैद ईवीएम से बाहर आए परिणाम से होगा।

मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। 20 मई को हुए चुनाव में जिले के 2236 मतदेय स्थल पर मतदान हुआ था। शहर के गोरा बाजार स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बने मतगणना स्थल पर विधान सभावार मतगणना कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबल लगाई गई है। सभी छह विधनसभाओं के लिए 84 टेबल लगाए गए है कुल टेबल 114 है। रायबरेली संसदीय क्षेत्र के साथ ही अमेठी संसदीय क्षेत्र के सलोन विधानसभा की मतों की गणना भी रायबरेली में होगी। जिले के 2236 मतदान केंद्रों पर पड़े मतों की गणना को लेकर जिला प्रशासन अब पूरी तरीके से तैयार है। सोमवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व एसपी अभिषेक अग्रवाल ने मतगणना स्थल पहुंच व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रत्येक टेबल पर चार मतगणना कर्मी होंगे। जिनमें एक सुपरवाइजर, दो मतगणना सहायक व एक माइको आब्जर्वर होंगे।




मतगणना स्थल की तैयारियों पर अफसरों से बातचीत करतीं डीएम हर्षिता माथुर।

### एक में होगी पोस्टल बैलेट की गिनती

मतदान के बाद मतगणना को लेकर प्रशासन अपनी मुकम्मल तैयारी कर लिया है। आज ईवीएम से मतों की बरसात होगी। पल-पल में माहौल अपडेट जानने के लिए लोग उत्सुक रहेंगे। गोरा बाजार में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बने मतगणना स्थल में छह कमरों में ईवीएम में पड़े मतों की गिनती की जाएगी, वही एक कमरे में पोस्टल बैलट की गिनती की जाएगी। अब तक लगभग 1900 बैलट प्राप्त हो चुके है और अभी इनके और बढ़ने की उम्मीद है।

### तीसरी आंख का रहेगा पहरा

मतगणना स्थल की हर गतिविध की सीसीटीवी से निगहबानी रहेगी। इसको लेकर सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई है। हीटवेव से बचाव को लेकर भी पर्याप्त इंतजाम किए गए। वहीं सभी विधानसभाओं के लिए प्रेक्षक भी नियुक्त कर दिए गए है। बछरांवा, हरचंदपुर व सदर विधानसभा के लिए प्रियातु मण्डल, सरेनी, ऊंचाहार के लिए रुचि शर्मा व अमेठी संसदीय सीट के तहत आने वाली सलोन विधान सभा के लिए शिली थॉमस को बनाया गया है।

"मतगणना को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से तैयार है। बेहतर सुरक्षा व्यवस्था रखना हमारी जिम्मेदारी है। एक हजार से अधिक सुरक्षा कर्मियों की अलग-अलग स्थानों पर ड्यूटी लगाई है। इसके संबंध में सभी को दिशा निर्देश दे दिए गए है। सामान्य पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस की सभी यूनिटें सक्रिय रहेगी और हर गतिविधि पर बराबर नजर रहेगी। -**अभिषेक अग्रवाल**, एसपी रायबरेली"

"सुबह आठ बजे मतों की गिनती शुरू होगी। तैयारी पूर्ण कर ली गई है। पहले प्री काउंटिंग होगी। गर्मी को लेकर पर्याप्त इंतजाम किये गए है। पेयजल के साथ मेडिकल टीम भी लगाई गई है। मतगणना में लगे कर्मियों के लिए पंखे, कूलर व एसी की भी व्यवस्था की गई है। पूरी प्रक्रिया के दौरान सीसीटीवी कैमरे चलते रहेंगे। -**हर्षिता माथुर**, डीएम, रायबरेली"

# आज इन मार्गों पर रहेगा रूट डायवर्जन

**रायबरेली**। प्रभारी यातायात निरीक्षक अजय सिंह तोमर ने बताया कि शहर के गोरा बाजार स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आज होने वाली मतगणना के दौरान रूट डायवर्जन रहेगा। जिसके तहत परशदेपुर की तरफ से आने वाले सभी चार पहिया वाहन मतगणना एजेंट, प्रत्याशी व कर्मचारी के वाहनों की अतिरिक्त सभी भारी वाहन सुंदरगंज डीह चौराहा से सूची होकर भदोखर, दरियापुर व मुंशीगंज होकर अपने गन्तव्य की ओर जाएंगे। वहीं, डीह की तरफ से आने वाले दो पहिया, चार पहिया वाहन मतगणना एजेंट प्रत्याशी कर्मचारियों के वाहनों को शारदा नहर से भदोखर, दरियापुर, मुंशीगंज होकर रायबरेली की ओर जा सकेंगे। सिविल लाइन से परशदेपुर की तरफ आने-जाने वाले सभी वाहन मतगणना एजेंट प्रत्याशी व कर्मचारी के वाहनों के अतिरिक्त मलिकमऊ, मीरगंज व शारदा नहर जगदीशपुर होकर जाएंगे। मतगणना एजेंट व प्रत्याशियों के वाहनों को गोरा बाजार मैदान में खड़ा कराया जाएगा।

# शिक्षा के साथ संस्कार जरूरी

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार**। श्री बाल्हेश्वर धाम ऐहार में ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय श्री बाल्हेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित बाल संस्कारशाला के समापन एवं दीक्षांत समारोह का शुभारंभ समाजसेविका राजकुमारी वाजपेई ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर मेनका, रिया, अनिवेश, आयुष ने मंत्रोच्चारण द्वारा पूजा अर्चना कराई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मांडलिक मंत्री लखनऊ व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्कार के बिना अधूरी है। शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का उन्नत होना भी बहुत आवश्यक है। पंचवटी विकास समिति के सचिव महान पर्यावरणविद् डा एमडी सिंह द्वारा बच्चों को संस्कारों का महत्व बताया गया। मुख्य वक्ता साहित्यकार श्याम मनोहर शुक्ला ने अपने उद्बोधन में काव्य पाठ के द्वारा संस्कारों के महत्व को समझाया तथा बच्चों को बताया कि राम, कृष्ण बुद्ध, नानक आज जन-जन के आदर्श केवल अपने संस्कारों के द्वारा ही बने हुए हैं। बालकों में संस्कारों के विकास के लिए समिति के आयोजन की सराहना की। समिति द्वारा प्रशिक्षक के रूप में बच्चों में योग एवं संस्कार की जागृति के लिए कीर्ति मनोहर शुक्ला, मनोज कुमार पांडेय, अतुल मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, आलोक मिश्रा को सम्मानित किया गया।



पुरस्कृत किए गए संस्कार शाला के बच्चों के साथ प्रबुद्ध जन।

# बिना गिट्टी के बनाई जा रही सड़क

ऊंचाहार, रायबरेली

▸▸ **निर्माण के नाम पर केवल पूरी की जा रही औपचारिकता**

**अमृत विचार**। लोक निर्माण विभाग द्वारा नगर से जुड़े सैतहा का पुरवा गांव के लिए बनाई जा रही सड़क पूरी तरह से मजाक है। सड़क पर ने गिट्टी डाली गई न जीरा, केवल तारकोल का लेप लगाकर सड़क निर्माण की औपचारिकता निभाई जा रही है।

ऊंचाहार नगर से जुड़े कबीर बाबा चौराहा से सैतहा का पुरवा गांव तक कुल 500 मीटर सड़क का निर्माण होना है। इसमें 400 मीटर डामर रोड और 100 मीटर सीसी रोड बननी है। लखनऊ- प्रयागराज राजमार्ग से सड़क निर्माण का काम शुरू हुआ है जिसमें सारे मानक को धता बता दिया गया है। सड़क निर्माण में केवल तारकोल का लेप किया जा रहा है। नियमानुसार पहले गिट्टी फिर जीरा गिट्टी की कुटाई करने के बाद तारकोल डालना चाहिए था, किंतु सबकुछ मनमाना किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग इस सड़क के लिए लाखों रूपए का भारी भरकम बजट स्वीकृत किया है, किंतु जमीन पर पूरा काम केवल औपचारिक है।



घटिया सामग्री से कराया जा सड़क का निर्माण। अमृत विचार

# 200 किसानों के खेत से लिए मिट्टी के नमूने

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार**। महराजगंज क्षेत्र के कृषि वानिकी हरदोई में इफको के सचल मृदा परीक्षण वाहन दल ने शिविर लगाकर मृदा परीक्षण किया। मृदा परीक्षण अभियान के तहत इफको की सचल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला में गांव से 200 मिट्टी नमूने मंगा कर जांच की गई एवं उसके परिणामों से किसानों को अवगत कराते हुए किसानों को परिणाम पत्र वितरित किए गए।

किसान सभा के माध्यम से उसके परिणाम की जानकारी के हर पहलू पर किसानों को विस्तार से बताया गया। साथ ही किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी तथा सागरिका का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. विनोद सिंह ने बताया कि किस प्रकार से किसान साथी खेती में बोरी वाली रासायनिक की मात्रा को आधा कर सकते हैं। इस अवसर पर विनय कुमार चौधरी, आम सभा सदस्य, इफको नई दिल्ली सहित करीब 70 कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन डा विनोद कुमार सिंह द्वारा किया गया।




हरदोई गांव में मिट्टी की जांच करती प्रयोगशाला की टीम।

# पासबुक प्रिंटिंग मशीन खराब, खाताधारक परेशान

संवाददाता, डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार**। बैंक में लगी पासबुक प्रिंटिंग मशीन महीनों से खराब पड़ी है। पासबुक प्रिंटिंग के लिए बैंक आने वाले खाताधारक परेशान हैं। लगातार बैंक के चक्कर काटने के बाद भी उनकी पासबुक प्रिंट नहीं हो पा रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा डलमऊ में लगी हुई पासबुक प्रिंटिंग मशीन पिछले कई माह से खराब पड़ी है। मशीन की स्थिति को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह मशीन कई महीने से चली ही नहीं। मशीन खराब होने को लेकर बैंक अधिकारी भी इसके प्रति संजीदा नहीं है। सोमवार को बैंक के खाताधारक रामनरेश, शिवहरण, दिनेश, महेश ने बताया कि वह पिछले कई माह से पासबुक प्रिंट कराने के लिए बैंक के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उनकी पासबुक प्रिंट नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि बैंक अधिकारियों को जब अपनी समस्या से अवगत कराते हैं तो वह प्रिंटिंग मशीन खराब है कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। उन्होंने बताया कि पासबुक प्रिंट कराने के लिए उन्हें मजबूरन रायबरेली व लालगंज के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।



खराब पड़ी पासबुक प्रिंटिंग मशीन

# आगजनी मामले में सपा विधायक समेत 5 दोषी करार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। लंबे इंतजार के बाद सोमवार रात को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत पांच आरोपियों को कोर्ट ने दोषी करार दिया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 300 पन्नों के सबूत व 18 गवाहों को पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपियों को रंगदारी व षड़यंत्र की धाराओं में सभी को दोष मुक्त करार दिया। फैसला आते ही दोषी इजरायल आटेवाला की पत्नी गश खाकर गिर पड़ी। दोषियों के परिजनों ने जिला प्रशासन पर फर्जी फंसाने का आरोप लगाते हुए हंगाम शुरू कर दिया। फैसले के मद्देनजर तैनात पुलिस बल से उनकी तीखी झड़प हुई। एडीजीसी ने बताया कि मामले में दोषियों को 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। कोर्ट सात जून को मामले में फैसला सुनाएगी।

सात नवंबर 2022 को जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगा दी गई थी। नजीर फातिमा ने आठ नवंबर 2022 को जाजमऊ थाने में सीसामऊ विधानसभा सीट से सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, शौकत अली, इजरायल आटेवाला व मुरसलीन खान उर्फ भोलू, अज्जन उर्फ एजाज समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद से सपा विधायक महाराजगंज जेल में व बाकी अन्य आरोपी कानपुर कारागार में बंद हैं। मामले में अभी तक सिर्फ एक आरोपी मो. शरीफ को जमानत मिली है। आरोपियों के खिलाफ मामला एमपीएमएलए सेशन सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में विचाराधीन था।

पुलिस ने मामले तीन बार में आरोपियो के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए, जिसमें नौ दिसंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान व 19 दिसंबर 2022 को दूसरा आरोप पत्र शौकत अली, मो शरीफ व इजरायल आटेवाला के खिलाफ दाखिल किया गया था। अज्जन व मुरसलीन खान के खिलाफ 20 फरवरी 2023 को आरोप पत्र दाखिल किए। सेशन कोर्ट में सपा विधायक, रिजवान, शौकत अली, मो. शरीफ व इजरायल आटेवाला के खिलाफ एक मार्च को ट्रायल पूरा हो चुका था। सोमवार को कोर्ट में मामले में सुनवाई की गई। जिसमें रिजवान सोलंकी, शौकत अली, मो. शरीफ व इजरायल आटेवाला को कोर्ट में पेश हुए, जबकि इरफान सोलंकी वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से जुड़े। कोर्ट ने सुनवाई पांचों आरोपियों को घर में ज्वलनशील पदार्थ से आग लगाने,धमकी देना, बलवा समेत दो अन्य धाराओं में दोषी करार दिया। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि आगजनी समेंत छह अन्य धाराओं में सपा विधायक समेत समेत पांच आरोपियों को दोषी पाया गया है। सभी आगजनी की धाराओं में दोषी पाए गए है, जिसमें 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा है।

# हल्की बारिश में टापू बन गई ऊंचाहार नगर की सड़क



ऊंचाहार के ओवरब्रिज के नीचे सर्विस रोड में भरा पानी।

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

▸▸ **सड़क के गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे राहगीर**

**अमृत विचार**। लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग से यदि आप ऊंचाहार एनटीपीसी के लिए जा रहे हैं तो संभलकर जाना होगा। नगर के रेलवे क्रासिंग के पास ओवर ब्रिज की सर्विस रोड टापू में तब्दील है और इसमें बने बड़े-बड़े गड्ढे आपके जीवन को जोखिम में डाल सकते हैं।

दो दिन पहले हुई हल्की बरसात से ही नगर के रेलवे क्रासिंग ओवर ब्रिज की सर्विस रोड पर पानी भरा हुआ है। घुटनों तक भरे पानी से लोग आवागमन कर रहे है। इस सर्विस रोड पर बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे है।

पानी भरा होने के कारण गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता हैं, जिसमे उलझकर रोज दर्जनों लोग हादसे का शिकार होकर घायल हो रहे है। सबसे ज्यादा परेशानी साइकिल, मोटर साइकिल व ऑटो चालकों को होती है। क्योंकि इनके पहिए इसमें डूब जाते हैं। कई बार पलटने की नौबत तक आ जाती है। रविवार की सुबह एक ई-रिक्शा इन्ही गड्ढों में पलट गया, जिसमें सवार बच्चे और तीन महिलाएं घायल हुई हैं। इसके अलावा प्रदीप मौर्य, तबरेज, अजीत यादव, रामपाल प्रजापति, मेराज अहमद, सिराज और बब्बू यादव ने बताया कि उन लोगों का निवास इसी जलभराव के पास है, दिन भर वह लोग चोटिल लोगों की मदद करते रहते हैं।

### जलनिकासी न होने से होता है भराव

एनएचएआई द्वारा ओवरब्रिज निर्माण के सात सर्विस रोड का निर्माण किया गया था। यह निर्माण इतना घटिया था कि कुछ समय बाद ही इसमें गड्ढे हो गए। जिसकी आज तक मरम्मत नहीं की गई। इसके अलावा सर्विस रोड के दाईं ओर ओवरब्रिज है और बाईं ओर लोगों के मकान हैं। जलनिकासी के लिए न तो कोई नाली बनी है और न ही कोई अन्य रास्ता है। ऐसी दशा में बरसात का पानी पूरे समय इसी सड़क पर भरा रहता है।

**प्रेरणा** प्रगतिशील कृषक नन्दकिशोर तिवारी और पत्नी अनुपमा तिवारी से लोग ले रहे प्रेरणा, राष्ट्रपति द्वारा नन्दकिशोर तिवारी किए जा चुके हैं सम्मानित

# आदर्श एवं उन्नतशील बागवानी से महक उठी जीवन की बगिया

अंगद राही, शिवगढ़

**रायबरेली, अमृत विचार**। इंसान वही जो रोते हुए को हंसा दे, विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी पहचान बना ले, न रुके, न थके जो किसी भी हाल में, किसान वहीं है जो ऊसर भूमि में भी फूल खिला दे।

इन पंक्तियों को शिवगढ़ नगर पंचायत के भवनपुर के रहने वाले पूर्व पिपरी प्रधान एवं प्रगतिशील कृषक नन्द किशोर व उनकी धर्मपत्नी पूर्व प्रधान अनुपमा तिवारी ने चरितार्थ कर दिया है। 1980 में नन्दकिशोर तिवारी अपनी पत्नी अनुपमा के साथ सघन संस्थान लखनऊ गए थे और वहीं पर उनके मन में विचार आया कि क्यों न पर्यावरण को बचाए रखने के लिए गांव में एक आदर्श एवं उन्नतशील बागवानी तैयार की जा जाए जिससे लोग प्रेरणा लें। किन्तु उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती थी। जिस जमीन पर उनके बाबा और पिताजी बाग लगाए थे। वह मिट्टी ऊसरीली थी। जिसके चलते अधिकांश पेड़ सूख चुके थे। एक आदर्श,उन्नतशील बागवानी तैयार करने के लिए उसरीली मिट्टी को उपजाऊ बनाना था। मन में दृढ़ संकल्प के साथ लखनऊ से लौटे नन्दकिशोर तिवारी जैविक एवं गोबर की खाद डालकर उसरीली मिट्टी को उपजाऊ बनाने में जुट गये। जिन्होंने कठिन मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति से करीब एक हेक्टेयर में गोबर की खाद डालकर मिट्टी को ऐसा बना दिया कि कश्मीर में पैदा होने वाले सेब, नाशपाती, लीची, चीकू, तमिलनाडु, कर्नाटक में पैदा होने वाले नारियल, मोसम्मी, कमरख, किन्नू, फासला, संतरा अलूचा, नींबू, देशी आम, दशहरी,चौसा,सफेदा, अलूचा, मलीहाबादी, इलाहाबादी अमरूद, राजस्थानी अमरुद, खिन्नी, अंजीर, अंगूर, शरीफा, एप्पल बेर, पपीता की आदर्श बागवानी तैयार की इसके साथ ही फूलों में गुलाब, हर श्रंगार, गुड़हल रातरानी, चमेली, चंपा, चांदनी, बेवन बेलिया, बेला, मालती, वाटर ब्रश, गेंदा, गुल्दावरी आदि की उन्नतशील खेती को कुछ ही सालों में उनकी बागवानी को देखने के लिए लोग बाहर से आने लगे।आदर्श बागवानी से गांव में सृजित हुए स्वच्छ वातावरण से निर्मल भारत ग्राम योजना के तहत श्री तिवारी को वर्ष 2007 में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उन्हें ग्राम पंचायत के विकास के लिए ढाई लाख का पुरस्कार दिया गया। नंदकिशोर तिवारी बताते हैं कि यह बागवानी केवल मेहनत पर आधारित है जिसमें उनकी धर्म पत्नी अनुपमा का पूरा सहयोग है।



प्रगतिशील कृषक नंदकिशोर तिवारी व उनकी पत्नी अनुपमा तिवारी। अमृत विचार

### खेत में नहीं करते रासायनिक खाद का प्रयोग

नन्दकिशोर तिवारी ने बताया कि बागवानी और फसलों में रासायनिक खादों का प्रयोग नहीं करते हैं जिसके चलते उनकी बागवानी से उत्पादित फल और खेतों से उत्पादित फसलें सेहत के लिए फायदेमंद होती है।

### खेती को उपजाऊ बनाने के लिए किया पशुपालन

बागवानी के लिए नंदकिशोर तिवारी सन 1982 से पशुपालन भी कर रहे हैं। जिससे अच्छा दूध उत्पादन करने के साथ ही खेत और बागवानी के लिए गोबर की खाद तैयार करते हैं। साथ ही उनके यहां गोबर गैस से घर का खाना भी बनता है।

## एक नजर

### ई-मंडी से 20,750 लाइसेंस जारी, प्रक्रिया हुई आसान

अमृत विचार, लखनऊ : मंडियों में डिजिटल कारोबार के साथ लाइसेंस बनवाना भी आसान हो गया है। प्रदेश में ई-मंडी योजना से पिछले वर्ष 20,450 लाइसेंस जारी हुए हैं। इससे ऑनलाइन डिजिटल कारोबार को रफ्तार मिली है ई-मंडी योजना के अंतर्गत डिजिटल कारोबार के लिए व्यापारियों के पास ई-लाइसेंस जरूरी है। इससे व्यापारी किसानों से ऑनलाइन कहीं से उनकी उपज खरीद सकते हैं। नई व्यवस्था लागू होने पर मंडी परिषद ने 2023-24 में 20,750 ई लाइसेंस बनाए हैं। इन लाइसेंस से कारोबारियों को बाहरी मंडियों से उपज खरीदने की सुविधा मिली है।

# 81 मतगणना स्थलों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा, एक लाख सुरक्षाकर्मी तैनात

▸▸ सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई तो सख्त कार्रवाई को तैयार रहें : डीजीपी

▸▸ मतगणना स्थल पर बनाई गई है मीडिया गैलरी, सूचना अधिकारी होंगे प्रभारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों और 04 विधानसभा सीटों के उपचुनाव की मतगणना मंगलवार सुबह आठ बजे से 07 पुलिस कमिश्नरेट एवं 68 जनपदों में कुल 81 स्थानों पर होगी। मतगणना केंद्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर मतगणना स्थल पर एक लाख पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सीआरपीएफ और पीएसी की कंपनियों को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबरों, अफवाहों के खंडन एवं सत्यता की जानकारी कर कार्रवाई के लिए प्रत्येक कमिश्नरेट और जिलों में सोशल मीडिया टीम द्वारा 24 घंटे मॉनीटरिंग की जा रही है। ये जानकारी लोकभवन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार ने दी।

**प्रथम घेरा सीआरपीएफ के हवाले:** डीजीपी ने बताया कि मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए 81 स्थानों पर 160 उपायुक्त एवं अपर पुलिस अधीक्षक, 476 सहायक पुलिस आयुक्त एवं पुलिस उपाधीक्षक, 2248 निरीक्षक, 12883 उपनिरीक्षक, 20876 महिला आरक्षी, 50697 आरक्षी और 6149 होमगार्ड्स को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सीआरपीएफ की 145 और पीएसी की 102 कंपनियां तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से मतगणना केन्द्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके तहत प्रथम घेरे (इनरमोस्ट कार्डन) की सुरक्षा सीएपीएफ, द्वितीय घेरे (इनर कार्डन) की सुरक्षा पीएसी एवं जनपदीय पुलिस बल और तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) की सुरक्षा व्यवस्था जनपदीय पुलिस बल के साथ अन्य अनुपूरक बलों द्वारा सुनिश्चित की गई है। तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) के 100 मीटर दूरी का दायरा स्टेराइल रखा गया है।

### सीसीटीवी से लैस किए गए मतगणना स्थल

अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में बने मतगणना स्थलों की सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर मीडिया गैलरी भी बनाई गई है। इसके प्रभारी सूचना अधिकारी होंगे, जो समय-समय पर पत्रकारों को मतगणना हाल का भ्रमण कराएंगे।

### चेकिंग के बाद ही प्रवेश

डीजीपी ने बताया कि मतगणना केंद्र पर अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश करते समय प्रत्येक व्यक्ति को डीएफएमडी, एचएचएमडी द्वार फ्रिस्किंग और चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा। इस दौरान आपत्तिजनक वस्तु, सामग्री ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। महिलाओं की चेकिंग एवं फ्रिस्किंग उनकी निजता को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जायेगी। वहीं मतगणना स्थल के आस-पास जाम न लगे इसके भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों के संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस और रिजर्व क्यूआरटी टीमों को लगाया गया है।

## 30 तक दर्ज कर सकेंगे संपत्ति का ब्योरा

**अमृत विचार, लखनऊ:** शासन ने राज्य के उन पीसीएस अधिकारियों को अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा पोर्टल पर दर्ज कराने का अंतिम अवसर दिया है जिन्होंने बीती 28 फरवरी तक यह विवरण दर्ज नहीं कराया है। शासन ने ऐसे अधिकारियों के लिए समय सीमा बढ़ाकर 30 जून कर दी है जिसमें उन्हें 31 दिसंबर 2023 तक अर्जित संपत्ति की जानकारी देनी होगी। शासन ने हर हाल में उक्त तारीख तक पीसीएस अधिकारियों से अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज कराने की उम्मीद की है।

# रखरखाव की कमी से बंद हो रहीं बिजली इकाइयां

## अब तक बंद हो चुकी हैं आधा दर्जन यूनिट, एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से खरीदनी पड़ रही महंगी बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में समय पर रखरखाव न होने से उत्पादन बिजली इकाइयां ठप हो रही हैं। अब तक करीब आधा दर्जन इकाइयां बंद होने से बिजली उत्पादन प्रभावित हो चुका है। कुछ इकाइयां अभी तक चालू नहीं हो पाई हैं। नतीजा यह है कि पावर कॉरपोरेशन को एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। भविष्य में इसका असर उपभोक्ताओं की बिजली दरों पर पड़ना तय है।

बीते माह में भीषण गर्मी के कारण अब तक एनटीपीसी की ऊंचाहार इकाई के साथ ही, ओबरा, रोजा, ललितपुर, अनपरा, टांडा, बारा, जवाहरपुर व पारीछा की इकाइयों में उत्पादन ठप हो चुका है। सूत्रों के अनुसार राज्य विद्युत उत्पादन निगम के साथ ही केंद्रीय सेक्टर के बिजलीघरों का रखरखाव साल में एक बार होने का प्रावधान है, पर लगातार बिजली की मांग बने रहने व वित्तीय दिक्कतों के कारण इकाइयां का समुचित रखरखाव नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह है कि उन्हीं इकाइयों का रखरखाव हो पा रहा है, जो इकाइयां तकनीकी कारणों से बंद हो जा रही हैं। इकाइयों के बंद होने पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को एनर्जी एक्सचेंज से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के निदेशक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि इकाइयों के लगातार बंद होने के बाद भी बिजली मांग के अनुसार लोगों को बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जा रही है।



▸▸ लगातार बिजली की मांग बने रहने व वित्तीय दिक्कतों के कारण नहीं हो पा रहा रखरखाव

### अधिकतम मांग की स्थिति

| राज्य | मेगावाट |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 29,727 |
| पंजाब | 14,000 |
| हरियाणा | 12,000 |
| दिल्ली | 8,300 |

### फिर चार उत्पादन इकाइयां ठप

ललितपुर की छह सौ मेगावाट, रोजा की तीन सौ मेगावाट, अनपरा की पांच सौ मेगावाट व ओबरा सी की छह सौ मेगावाट क्षमता की इकाइयां बीती देर रात ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट बढ़ गया है। पिछले दिनों ठप हुई सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट व अनपरा की पांच सौ मेगावाट की ठप इकाइयों को सोमवार को चालू करने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता रात में ही इन इकाइयों के चालू होने की उम्मीद जताते रहे, जबकि ओबरा सी के चार जून व अन्य इकाइयों के पांच जून को चालू होने की संभावना है।

### गर्मी को प्राकृतिक आपदा घोषित करे केंद्र सरकार: शैलेंद्र

बिजली की मांग को देखते हुए ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर हीट वेव को प्राकृतिक आपदा घोषित करने की मांग की है। एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने पत्र की प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को भी भेजी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश समेत उत्तर भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण उत्तरी राज्यों में बिजली की मांग चरम पर है। 30 मई को उत्तरी क्षेत्र में रिकॉर्ड मांग 86.7 गीगावॉट पर पहुंच गई थी।

**मांग में कुछ कमी, अधिकतम मांग 28,456 मेगावाट दर्ज**

गर्मी में कुछ कमी होने के कारण प्रदेश में बिजली की मांग भी घट गई है। सोमवार को अधिकतम बिजली मांग 28,456 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि बीते एक जून को बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड टूट गया था। बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई थी। इससे पहले 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट, 24 मई को 29,197 मेगावाट, 25 मई को 29,215 मेगावाट, 26 मई को 29,084 मेगावाट, 27 मई को 29,261 मेगावाट,, 28 मई को 29,282 मेगावाट व 29 मई को 29,077 मेगावाट दर्ज हुई थी। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि अगर तापमान में कमी बनी रही, तो मांग में भी कमी बनी रहेगी।

## धीमी हो सकती है मतगणना बिजली हो सकती है गुल

**अमृत विचार, लखनऊ:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए मतगणना में धांधली की आशंका प्रकट की है। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में सपा प्रमुख ने कहा कि हो सकता है भाजपा कॉउंटिंग धीमी करवा दें और रात में बत्ती गुल करवा दें।

उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल करने वाली कंपनियों से यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या वे भाजपा के बूथ प्रबंधन का काम नहीं करती रही हैं? भाजपा पर तंज कसते हुए अखिलेश ने कहा- जितनी ऊंचाई पर जाकर कटती है पतंग, उतना ही बड़ा होता है उसका पतन। लोकसभा चुनाव-2024 के एग्जिट पोल सामने आने के बाद पहली बार पत्रकारों से बात कर रहे अखिलेश यादव ने दावा किया कि इंडी गठबंधन उप्र. में सबसे ज्यादा सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि हमारे आंतरिक सर्वे में विपक्षी गठबंधन को आ रही सीटों का नंबर बहुत बड़ा है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने, माब लिंचिंग, मुनाफ़खोरी को बढ़ावा देने, गलत वैक्सीन लगवाने जैसे आरोप लगाए।

# मतगणना से पहले भाजपा व सपा ने एक-दूसरे पर लगाया आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मतगणना के पहले सोमवार को भाजपा व सपा ने एक-दूसरे पर आरोप लगाये और मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को ज्ञापन सौंपा। भाजपा ने कहा कि सपा व कांग्रेस जिलों में दंगा कराने की साजिश कर रहे हैं, जबकि सपा ने मतगणना को लेकर आयोग को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मिर्जापुर के जिलाधिकारी व देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील की भूमिका पर सवाल उठाये।

भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार की शाम मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा, जिसमें सपा व कांग्रेस पर जिलों में हुड़दंग मचाकर दंगा कराने की साजिश करने का आरोप लगाया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के जमावड़ा करने से रोकने व मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर शामिल थे।

दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी ने निष्पक्ष मतगणना के मद्देनजर मिर्जापुर के जिलाधिकारी को मतगणना स्थल में प्रवेश से रोक लगाए जाने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर महिला से छेड़खानी के आरोपी शशि भूषण लाल सुशील को देवीपाटन का मंडलायुक्त नियुक्त किए जाने पर भी आपत्ति जताई है।ज्ञापन में कहा गया है कि सपा मिर्जापुर के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने शिकायत की है कि वहां मतगणना स्थल पालीटेक्निक कालेज के पीछे की बाउंड्री तोड़ दी गई है और कैमरा भी नहीं लगा है। शासन-प्रशासन की मंशा ठीक नहीं लग रही है। जिलाधिकारी भाजपा प्रत्याशी के रिश्तेदार भी हैं इसलिए मतगणना निष्पक्ष होने में संशय है। निर्वाचन आयोग पहुंचकर ज्ञापन देने वाले सपा के प्रतिनिधिमण्डल में केके. श्रीवास्तव और डॉ. हरिश्चंद्र शामिल रहे।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाजपा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

▸▸ सपा व कांग्रेस जिलों में कर रहे दंगा कराने की साजिश : भाजपा

▸▸ सपा ने मतगणना को लेकर आयोग को ज्ञापन सौंपा

## धर्म दर्शन

# पौराणिक नदी सरयू



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

अंग्रेजों की घाघरा या गोगरा, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भागों की शारदा, किंतु धर्मप्राण सनातनियों और बहुसंख्यक हिन्दुओं की परम पुनीत सरयू नदी को ही 'रामप्रिया' तथा 'देविका' नाम से भी संबोधित किया गया है। इसकी यशोगाथा के चतुर्दिक प्रचार में सराहनीय भूमिका निभाने वाले ब्राह्मणों का सम्मानित संबोध नहीं 'सरयूपारीण' बन गया है।


रामायण में राजा दशरथ की राजधानी तथा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या की चरण पखारने वाली पवित्र नदी सरयू, श्रीराम के जन्म से लेकर उनके वनगमन, पुनरागमन और अंत में स्वयं में जलसमाधि के साथ, महाप्रयाण की साक्षी रही है। करोड़ों लोगों की आस्था का आकर्षण केन्द्र रही है, श्री राम की प्रिया 'रामप्रिया' सरयू या 'सरजूमाई'।

अयोध्या की युगयुगीन पहचान रही है। साधु-संतों तथा तपस्वियों की पूजनीय और असंख्य श्रद्धालुओं की पाप नाशिनी सरयू। चिकित्सा विज्ञान में भी सरयू के जल में औषधीय गुणों का समावेश वर्णित है। रामचरितमानस में महाकवि तुलसीदास ने स्वयं श्रीराम के मुख से अयोध्या पुरी तथा सरयू नदी की महिमा का बखान इस चौपाई में करा किया है- 'अवधपुरी मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिशि बह सरयू पावनि।।' मानस का यह कथन, अथर्ववेद की उस उक्ति का स्मरण दिला देता है, जहां अयोध्या को 'ईश्वर पुरी' कहा गया है।

महाभारत के आदि पर्व (169/20-21) में सरयू की गणना हिमालय के स्वर्ण शिखर से निकलने वाली गंगा की सात धाराओं में की गई है और कहा गया है कि जो इसका जल पीते हैं, उनके पाप नष्ट हो जाते हैं। महाभारत के सभापर्व (8/22) में उनकी वरुण की सभा में उपस्थिति और वरुण की उपासना उल्लिखित है। पाण्डवों की राजधानी इन्द्रप्रस्थ से जरासंध की राजधानी गिरिव्रज को जाते समय श्री कृष्ण, अर्जुन तथा भीमसेन ने इसको पार किया था (सभा.20/28)। वनपर्व (222/22) में सरयू को अग्नि की उत्पत्ति का स्थान बताया गया है।

भीष्म पर्व (2/19) के अनुसार यह भारत की उन सात नदियों में एक है जिसका जल वहां की प्रजा पीती है। अनुशासन पर्व (155/23-24) में अंकित है कि वसिष्ठ जी कैलास की ओर जाती हुई गंगा को मानसरोवर लाए। यहां आते ही गंगा ने मानसरोवर का बांध तोड़ दिया था। सरोवर के भेदन से निकले जलस्रोत का नाम सरयू पड़ा। स्पष्ट है कि यहां मानसरोवर से गंगा की उत्पत्ति संकेतित है।

# बरगद की आराधना का पर्व



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि से अमावस्या तक उत्तर भारत और इसी माह के शुक्ल पक्ष में इन्हीं तिथियों में दक्षिण भारत में वट सावित्री का व्रत और पूजा आस्था के साथ सौभाग्यवती महिलाएं अपने अखंड और दीर्घकाल तक के सौभाग्य के लिए करती हैं।

वट प्रजाति के वृक्षों में बरगद के साथ पीपल, गूलर, पाकर, ढेसूर पेड़ शामिल हैं। अपनी टहनियों से स्वयं को वेष्टित (स्वयं को लपेट लेना) करने के कारण ये वटवृक्ष हैं। इसमें सबसे अधिक वेष्टन करने वाला वृक्ष बरगद ही है। ढेसूर तो चट्टानी पहाड़ों के पत्थरों पर उगता है, पीपल अहर्निश आक्सीजन देता है, लेकिन बरगद तो धरती को आग का गोला होने से बचाता है। केवल भारत में नहीं, बल्कि कई विकसित देशों में इन पेड़ों का नामकरण धर्म के साथ जोड़कर फाइबर रिलीजियस, फाइकस ग्लूमेरेटियस आदि से किया गया है। अरब देशों में भी भारत में पूजे जाने वाले अनेक वृक्षों को महत्व दिया जाता है। इस तरह के वृक्षों को आजाद-ए-दरख्त-ए-हिन्द कहा जाता है। वट-सावित्री व्रत के दौरान बरगद की विधिवत पूजा की जाती है। तीन दिन के व्रत में पहले दिन एक वक्त आहार (नक्तव्रत) लेकर व्रत का संकल्प, दूसरे दिन फलाहार और अंतिम दिन अमावस्या को पेय पदार्थो के साथ व्रत का विधान है।

तीन दिवसीय जितने व्रत हैं उसमें इन नियमों का पालन करने का विधान है। सबसे पहले विमाता सुरुचि के अपमान से आहत उत्तानपाद के पुत्र बालक ध्रुव ने 15-15 दिनों तक इस नियम का पालन किया था। जिस पर प्रसन्न होकर स्वयं नारायण को आना पड़ा था। इन व्रतों के माध्यम से मानव खुद को प्रकृति के साथ संघर्ष और तालमेल दोनों बनाता है। वटसावित्री व्रत की मान्यता तो सत्ययुग में पतिव्रता सावित्री द्वारा अपने पति को कठोर तपस्या के बल पर यमराज के बंधन से मुक्त कराने से जुड़ी है, लेकिन त्रेता में श्रीराम एवं द्वापर में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने भी इन पेड़ों की पूजा की।


## वर्ग पहेली-90

**बाएं से दाएं**

1. बड़े पर्वत या पहाड़ के पास का भाग जहां से पहाड़ की चढ़ाई शुरू होती है, पहाड़ी।
5. 1. छोटे-छोटे कीड़े 2. कीटाणु समूह।
6. छोटी नालियों आदि को पार करने के लिए लोहे या लकड़ी से निर्मित छोटा पुल।
8. 1. परोसा हुआ भोजन 2. वह पत्तल जिसमें एक आदमी के खाने-भर का भोजन रखा गया हो।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह व्यक्ति जो पुरुषों में श्रेष्ठ हो 2. परमात्मा 3. विष्णु।
3. ऐसी भूमि जो निश्चित और नियत रूप से ख़िराज देने की व्यवस्था के लिए अधिगृहीत की गई हो।
4. 1. मोटी
7. मज़बूत रबर की गेंद और जालीदार बल्ले (रैकिट) की सहायता से खेला जाने वाला एक प्रतियोगी खेल जिसमें दोनों तरफ़ एक-एक या दो-दो खिलाड़ी रहते हैं।



### वर्ग पहेली -89 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मं | था | न | ■ | 2 सं | पा | त |
| दि | ■ | ■ | ■ | को | ■ | ■ |
| र | ■ | ■ | ■ | च | ■ | 3 गो |
| ■ | 4 अ | पो | 5 ह | न | ■ | टी |
| ■ | भि | ■ | म | ■ | 6 ठे | ■ |
| 7 ख | जा | ■ | 8 पा | ठि | क | ■ |
| ■ | त | ■ | या | ■ | ना | ■ |

## सुडोकू -3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 6 | | 9 |
| | 8 | 2 | | | | 1 | | |
| 2 | | 4 | | | 6 | | | |
| 8 | | 6 | 1 | | 9 | 4 | | 2 |
| | | | 7 | | | 8 | | 5 |
| | | 7 | | | | 3 | 4 | |
| 1 | | 3 | 5 | | | | 2 | |
| | 6 | | | 3 | | 5 | | |

### सुडोकू -2 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 9 |
| 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 6 | 1 |
| 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 22.01 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष:** आज आप लोगों से काफी अच्छी तरह से बात करेंगे जिससे लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश को लेकर उत्साहित रहेंगे। अपनी परिस्थितियों को लेकर के रोष समाप्त होगा। धन कमाने के नए मौके मिल सकते हैं।

**वृष:** आज दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से पूर्व उसे अच्छी तरह से जांच लें। भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। विदेशी भूमि से कारोबार अथवा नौकरी के ऑफर मिल सकते हैं। आपका धन काफी खर्च हो सकता है।

**मिथुन:** आज जॉब में आपकी पदोन्नति हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ व्यवसाय को लेकर भी विचार कर सकते हैं। सहकर्मियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक होने वाले हैं।

**कर्क:** आज अटके हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। यदि आप किसी से प्रेम करते हैं तो उनसे अपने हृदय की बात कह सकते हैं। धनी और प्रभावशाली लोगों से आपका संपर्क मजबूत होगा। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा।

**सिंह:** आज आपसे काफी प्रभावी लोग जुड़ेंगे जो आपको अच्छे प्रपोजल भी दे सकते हैं। युवा लोग नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। इंटरव्यू आदि में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आप परिस्थितियों को समझने में चूक कर सकते हैं।

**कन्या:** आज आप कुछ अधार्मिक हो सकते हैं। धन उधार देने से बचें। कानूनी मामलों को फिलहाल टालना ही हितकर होगा। आपको अपने भविष्य को लेकर कुछ चिंता होगी। विवादित विषयों पर टिप्पणी न करें।

**तुला:** आज सेहत से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा। आय के दूसरे स्रोतों पर काम करने के लिए समय उत्तम है। विपरीत लिंग के लोग आपसे ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज पैतृक संपत्ति आपको प्राप्त हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम आपके पक्ष में होंगे। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ आपके संबंध अच्छे होंगे। समाज से जुड़े कार्यों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। बच्चे स्पोर्ट्स में विशेष रुचि ले सकते हैं।


**धनु:** आज प्रेमी जन को महंगा उपहार दे सकते हैं। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने एकाउन्ट्स को लेकर काफी सतर्क रहें। कुछ लोग आपके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं। आपकी दिनचर्या में अच्छी आदतें जुड़ सकती है।

**मकर:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को बहुत अच्छी खबरें मिल सकती है। आप लोगों के लिए काफी सम्मानित रहेंगे। अपने कौशल विकास पर आप ध्यान दे सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज व्यवसाय में अपनी कार्ययोजना में सुधार करेंगे। आप घर में भी साफ-सफाई पर काफी ध्यान देंगे। नए वस्त्र अथवा महंगे इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों पर धन खर्च होगा। ऐसे सभी कार्य जो अटके हुए थे, वह पूर्ण रूप से सुलझ सकते हैं।

**मीन:** आज तीर्थ क्षेत्र की यात्रा की योजना बना सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। आप धन को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे, लेकिन परिजन के विषय में खबर सुनकर मन प्रसन्न होगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-भरणी 22.35 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

**B4U Movies:** करिश्मा कुदरत का — सुबह : 10.11; जागृति — शाम : 05.00

**&pictures:** चुप — सुबह : 10.53; रुस्तम — रात : 08.00

**Sony Pix:** रैमपेज — सुबह : 10.21; मॉन्स्टर हंटर — रात : 07.12

**Zee Cinema:** लाडला — सुबह : 09.35; सत्याग्रह — रात : 07.25

**Colors Cineplex:** मोहब्बत — दोपहर : 12.00; देवदास — रात : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- दिल्ली से आगरा की दूरी 210 किमी है तो मेरी उम्र क्या है?
स्टूडेंट- 50 वर्ष।
टीचर- सही है, कैसे पता चला?
स्टूडेंट- मेरे भाई की उम्र 25 वर्ष है और वो आधा पागल है।

पति- मैं नाश्ता नहीं करूंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी- मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
4 पराठे के बाद पति- मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी- अजवाइन।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 850।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूं (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000
**चावल (प्रति क्वि.)**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500
**दाल दलहन**
चना देशी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राज्मा सफेद 13000-14000
राज्मा काला 11500-12500
मूंगफली का दाना 11000-12000
**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800 रुपये।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में आई गिरावट

## पीएमआई सर्वेक्षण के मुताबिक मई में घटकर 57.5 हुआ, इससे पहले अप्रैल में 58.8 था

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मई में लगातार दूसरे महीने वृद्धि दर धीमी रही, लेकिन वैश्विक बिक्री में 13 वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि के साथ यह क्षेत्र विस्तार की स्थिति में बना रहा। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।


मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई में घटकर 57.5 हो गया जो अप्रैल में 58.8 था। मार्च में सूचकांक 16 वर्ष के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की



वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा-विनिर्माण क्षेत्र मई में विस्तार के दायरे में रहा, यद्यपि इसकी गति धीमी रही जिसका कारण नए ठेकों और उत्पादन में मंदी रही। दास ने कहा कि मंदी का कारण भीषण गर्मी के बीच कामकाजी घंटों में कमी और उत्पादन लागत में वृद्धि बताया जा रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, प्रतिस्पर्धा और चुनाव संबंधी व्यवधानों के कारण वृद्धि अवरुद्ध हुई है। कुल बिक्री के रुझान के विपरीत मई में नए निर्यात ठेकों में तीव्र गति से वृद्धि हुई है।

अंतर्राष्ट्रीय बिक्री में यह उछाल 13 वर्षों में सबसे अधिक रहा, क्योंकि विनिर्माताओं को अफ्रीका, एशिया, अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के कई देशों में ग्राहकों से लाभ प्राप्त हुआ है। साथ ही मार्च 2005 में आंकड़ा संग्रहण शुरू होने के बाद से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है।

### वर्ष 2047 तक भारत दुनिया की महाशक्ति बन जाएगाः अमिताभ कांत



भारत के जी-20 शेरपा और सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने कहा है कि 2047 तक भारत दुनिया की महाशक्ति बन जाएगा और यह सदी हमारे देश के नाम रहेगी। उन्होंने कहा-भारत अब दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था के विस्तार में डिजिटल अभियान क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की किताब इंडिया ओडिसी: फ्रॉम ए डेवलपिंग कंट्री टू एन इमर्जिंग सुपरपावर का विमोचन करने के बाद कांत ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। कांत ने कहा-एक दशक पहले भारत पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक था, लेकिन आर्थिक सुधारों के दम पर केवल पांच साल में यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है।

## निवेश की गूढ़ बातों को सरल तरीके से बताएगा सेबी का साथी ऐप

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों के लिए व्यक्तिगत वित्त पर मोबाइल ऐप साथी 2.0 दो पेश किया है। इस ऐप में गूढ़ वित्तीय धारणाओं को सरल तरीके से समझाने के उपाय किए गए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बयान में कहा-अद्यतन 'साथी' ऐप को उपयोगकर्ताओं के लिए आसान बनाया गया है। इसमें जटिल वित्तीय अवधारणाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर उपाय किये गये हैं। ऐप में वित्तीय 'कैलकुलेटर' शामिल हैं। इसमें केवाईसी प्रक्रियाओं, म्यूचुअल फंड, ईटीएफ, शेयर बाजारों में शेयर खरीदने और बेचने, निवेशक शिकायत निवारण व्यवस्था और ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) मंच पेश करने के साथ उसका विश्लेषण उपलब्ध है।

# फिर विदेश में महका उत्तर प्रदेश का बासमती चावल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गैर बासमती के निर्यात पर रोक लगने से बढ़ी कई देशों में चावल की मांग
- 2022-23 में 45,772 एमटी से 2023-24 में 53,523 एमटी पहुंचा निर्यात

**अमृत विचार :** विदेश में उत्तर प्रदेश के बासमती चावल की सुगंध फिर से महकने लगी है। गैर बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगने से पैदावार के साथ सुगंधित बासमती की मांग बढ़ी है। साथ ही पिछले तीन वर्ष के



मुकाबले 2023-24 में निर्यात में इजाफा हुआ है। क्योंकि गैर बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा मिलने से बासमती की मांग कम हो गई। इसकी वजह गैर बासमती में चावल की कई प्रजाति और दाम कम होना रहा। इसलिए सरकार ने बासमती का निर्यात बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाई थी। इस कड़े कदम से 2023-24 में प्रदेश से 53,523 मीट्रिक टन बासमती का निर्यात हुआ है। जिसकी कीमत 570 करोड़ रुपये है। जबकि 2022-23 में 45,772 मीट्रिक टन बासमती का निर्यात हुआ था। इसकी कीमत 466 करोड़ रुपये थी। गैर बासमती पर प्रतिबंध से किसानों को फायदा हुआ है।

**कीटनाशक पर प्रतिबंध लगने से सुधरी सेहतः** मुख्य रूप से प्रदेश में बासमती चावल की 30 जिलों में पैदावार होती है। यहां के किसान फसल को कीटरोग से बचाने के लिए कई तरह के हानिकारक पेस्टिसाइड

**इस तरह से घटा था निर्यात**

| | |
|---|---|
| 2020-21 | 1,07,265 एमटी |
| 2021-22 | 46,067 एमटी |
| 2022-23 | 45,772 एमटी |

इस्तेमाल करते हैं। इसके अवशेष चावल में रह जाते हैं। इस कारण से कई देश अपने मानकों के अनुसार चावल या अन्य खाद्य सामग्री नहीं लेते हैं। इस वजह से भी निर्यात नहीं बढ़ा। इसे देखते हुए सरकार ने बासमती की पैदावार करने वाले 30 जिलों में 10 कीटनाशक की बिक्री प्रतिबंधित की थी। इससे गुणवत्ता में सुधार आया है।

**इन देशों में हुआ निर्यातः** सउदी अरब, कनाडा, यूएसए, साउथ अफ्रीका, आस्ट्रेलिया आदि।

**बासमती की पैदावार वाले मुख्य जिलेः** बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बदांयू, रामपुर, कासगंज, सहारनपुर, शामली, अमरोहा, संभल मैनपुरी, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, एटा, हाथरस, फिरोजाबाद,, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मुज्जफर नगर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, बिजनौर आदि।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,000-54,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,400 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 89,900। |

## वैश्विक विमानन उद्योग को 30.5 अरब डॉलर का लाभ होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** महामारी से उबरने के बाद तेजी से आगे बढ़ रहे वैश्विक विमानन उद्योग को 30.5 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ होने और लगभग एक लाख करोड़ डॉलर का रिकॉर्ड राजस्व दर्ज करने का अनुमान है। आईएटीए ने सोमवार को यह संभावना जताई।

अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) ने इस साल हवाई यात्रियों की संख्या पांच अरब तक पहुंचने की उम्मीद जताते हुए कहा कि निवेशित पूंजी पर प्रतिफल 5.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जो 2024 में पूंजी की औसत लागत से 3.4 प्रतिशत कम है।

# दो हजार के 97 .82 प्रतिशत नोट वापस आए

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई के मुताबिक 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास रखे

आरबीआई ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गये हैं। चलन से हटाए गए केवल 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।

चलन में 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 मई, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,755 करोड़ रुपये रह गया। केंद्रीय बैंक ने बयान



में कहा-इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपये के 97.82 प्रतिशत बैंक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गये हैं। सात अक्टूबर, 2023 तक 2000 रुपये के बैंक नोट को जमा करने और/या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। उन्नीस मई, 2023 से 2000 रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय नौ अक्टूबर, 2023 से व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए भी 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भारतीय डाक के माध्यम से 2000 रुपये के बैंक नोट भेज रहे हैं। बैंक नोट को जमा/बदलने वाले आरबीआई के कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, जयपुर, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नयी दिल्ली, पटना में हैं।

## अडाणी समूह के शेयरों में तेजी

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। शेयर बाजार में भारी उछाल के बीच अडाणी पावर के शेयर में करीब 16 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई। इससे समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) 19.42 लाख करोड़ रुपये हो गया।

**राष्ट्रीय**

## दिल्ली में पानी की कमी से निपटने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दिया आदेश

# 5 को यमुना रिवर बोर्ड की होगी आपात बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

भीषण गर्मी के बीच दिल्ली के जल संकट से जूझने पर उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को इस समस्या से निपटने के लिए 5 जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) की एक आपात बैठक बुलाने का आदेश दिया। यूवाईआरबी का गठन 1995 में किया गया था और इसके मुख्य कार्यों में यमुना नदी के पानी का लाभार्थी राज्यों के बीच आवंटन को नियंत्रित करना और दिल्ली में ओखला बैराज समेत सभी परियोजनाओं की समीक्षा एवं प्रगति पर नजर रखना भी है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली शामिल हैं।



न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने सुनवाई शुरू होने पर पूछा, सभी पक्षकारों की एक संयुक्त बैठक क्यों नहीं हो सकती? केंद्र तथा हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यूवाईआरबी पहले ही इस मुद्दे पर विचार कर रहा है जहां हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली समेत सभी राज्य पक्षकार हैं। उन्होंने कहा-इस सवाल पर विचार किया जा रहा है। बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा है कि उनके पास कितना अतिरिक्त पानी है। पीठ ने कहा कि आपात स्थिति के मद्देनजर इस मुद्दे से निपटने के लिए बोर्ड की बैठक कल बुलाई जा सकती है। इसने कहा कि केंद्र तथा दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने इस पर सहमति जताई कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे से निपटने के लिए यूवाईआरबी की एक बैठक बुलाई जाए। पीठ ने कहा-सुनवाई के दौरान सभी पक्ष सहमत हुए कि दिल्ली के नागरिकों के समक्ष पानी की कमी की समस्या का ऐसा समाधान होना चाहिए जिसमें सभी पक्षों के अधिकतम हित पूरे होते हों।'' इसने कहा कि वकील-सहमत हो गए हैं कि इस याचिका में उठाए मुद्दों का समाधान करने के लिए पांच जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड की एक आपात बैठक होनी चाहिए और सभी अन्य संबंधित मुद्दों को गंभीरता से लिया जाए ताकि दिल्ली के नागरिकों के लिए पानी की कमी की समस्या का उचित तरीके से समाधान किया जा सके।

पीठ ने कहा कि इस मामले पर अगली सुनवाई छह जून को होगी जिसमें बोर्ड की बैठक और समस्या को हल करने के लिए पक्षकारों द्वारा उठाए गए सुझावात्मक कदमों पर जानकारी दी जाएगी। मेहता ने कहा कि बोर्ड के समक्ष रखे गए आंकड़ों के अनुसार, अगर दिल्ली में 100 लीटर पानी आता है तो निवासियों को केवल 48.65 लीटर पानी मिलता है।

## न्यायालय ने ईडी से कारोबारी की जमानत अर्जी पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्रन पिल्लई की अंतरिम जमानत अर्जी पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। पिल्लई ने अर्जी दायर कर अदालत से चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे पिल्लई द्वारा जमा की गई मेडिकल रिपोर्ट को सत्यापित करने को कहा। अदालत ने जांच एजेंसी से अंतरिम जमानत अर्जी पर एक सत्यापन रिपोर्ट के साथ जवाब दाखिल करने को कहा और अगली सुनवाई 10 जून के लिए निर्धारित कर दी।

# जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जल्द होगी शुरू : राजीव

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) कुमार ने दी जानकारी

निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि वह जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू एवं कश्मीर में मतदान प्रतिशत से निर्वाचन आयोग बहुत उत्साहित है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए लोगों की उत्सुकता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा-हम बहुत जल्द जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेंगे। हम बहुत उत्साहित हैं। यह सबसे संतोषजनक क्षणों में से एक है। लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू



एवं कश्मीर में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ। यह चार दशकों में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी में लोकसभा सीटों पर 51.05 प्रतिशत मतदान हुआ। मार्च में लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कुमार ने कहा था कि विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराना तार्किक और सुरक्षा कारणों से व्यावहारिक नहीं है। जम्मू एवं कश्मीर में जब भी विधानसभा चुनाव होंगे, वे अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने और पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से पहली बार होंगे। जम्मू एवं कश्मीर में आम तौर पर चुनावी प्रक्रिया एक महीने तक चलती है।

उन्होंने कहा कि परिसीमन की कवायद के बाद केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या 83 से बढ़कर 90 हो गई हैं। इसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को आवंटित सीटें शामिल नहीं हैं। दिसंबर में उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

## एक नजर

### उप राज्यपाल ने मंत्री आनंद का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप राज्यपाल वी.के.सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अनुशंसा के बाद मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज दिया है। राजनिवास के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर रहने के दौरान केजरीवाल ने आधिकारिक पत्र में आनंद के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश की थी। एक अधिकारी ने बताया, उप राज्यपाल ने कानून के तहत इस्तीफे को भारत के राष्ट्रपति को भेज दिया है।

### महिला आयोग ने बंगाल के दौरे की मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष रेखा शर्मा ने पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई कथित हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए अपनी टीम वहां भेजने की अनुमति निर्वाचन आयोग से मांगी है। अध्यक्ष शर्मा ने यह अनुरोध आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार को संबोधित एक पत्र में किया। पत्र में संदेशखालि और बंगाल के अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के खिलाफ पुलिस की ज्यादती और अत्याचार के बारे में रेखांकित किया गया है।

## कविता की न्यायिक हिरासत अवधि 3 जुलाई तक बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- धनशोधन मामले में राजधानी की अदालत ने दिया फैसला

राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने धनशोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता कल्वाकुंतला कविता की न्यायिक हिरासत अवधि 3 जुलाई तक बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सुश्री कविता को राउज एवेन्यू अदालत में पेश किए जाने के बाद हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। उनकी हिरासत अवधि में विस्तार 29 मई को उनके खिलाफ दायर आरोप पत्र के मूल्यांकन के बाद अदालत द्वारा प्रोडक्शन वारंट को मान्यता दिए जाने के मद्देनजर किया गया है।

अदालत ने तीन सह-अभियुक्तों प्रिंस, दामोदर और अरविंद सिंह को भी जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच के दौरान गिरफ्तार किए बिना ही तीनों पर आरोप पत्र दायर किया गया था। सुश्री कविता को ईडी ने 15 मार्च को तेलंगाना के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। वह वर्तमान में एमएलसी हैं और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। उन्होंने कथित तौर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आम आदमी



पार्टी (आप) के सदस्यों के साथ मिलीभगत की थी। ईडी ने शराब नीति ढांचे में कई कथित अनियमितताओं को उजागर किया है और 'साउथ ग्रुप' नामक एक समूह से जुड़ी 100 करोड़ रुपये की रिश्वत की ओर इशारा किया है, जो कथित तौर पर कविता से जुड़ा हुआ है।

कथित घोटाले के संबंध में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भी सुश्री कविता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला तब दर्ज किया गया था जब वह ईडी के मामले में वह रिमांड पर थी। सीबीआई ने सुश्री कविता को 11 अप्रैल को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। आबकारी नीति घोटाले में अन्य आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया हैं। जो इस समय दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

## निवेश का झांसा देकर 3.70 करोड़ रुपये की ठगी

ठाणे, एजेंसी

- नवी मुंबई से पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

महाराष्ट्र पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर लोगों से 3.70 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में एक होटल के वेटर समेत दो लोगों को नवी मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

साइबर प्रकोष्ठ के वरिष्ठ निरीक्षक गंजाम कदम ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आरोपियों की पहचान होटल में वेटर के रूप में काम करने वाले सलमान निज़ामुद्दीन खान (35) और प्रकाश करमसी भानुशाली (39) के रूप में हुई है तथा दोनों नवी मुंबई के रहने वाले हैं। उनके मुताबिक, वे धोखाधड़ी के अन्य मामले में भी शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि पुलिस ने आरोपियों द्वारा विभिन्न खातों में जमा की गई 46 लाख रुपये की अवैध रकम को बैंकों की मदद से जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 17 फरवरी से 24 अप्रैल 2024 के बीच आरोपियों ने लोगों को आकर्षक मुनाफे का वादा करके शेयर कारोबार में निवेश करने का लालच दिया। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों से 3.70 करोड़ रुपये की ठगी की।

## सिक्किमः तमांग ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार के गठन का पेश किया दावा

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सोमवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात कर खुद को विधायक दल का नेता चुनने संबंधी एसकेएम के नवविर्वाचित विधायकों द्वारा पारित प्रस्ताव उन्हें सौंपा और अगली सरकार के गठन का दावा पेश किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजभवन में राज्यपाल से हुई मुलाकात के दौरान सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के सभी नवनिर्वाचित विधायक उनके साथ थे। आचार्य ने विधायकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। अधिकारी ने कहा कि तत्काल यह पता नहीं चल पाया है कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह कब होगा। निवर्तमान मुख्यमंत्री तमांग ने नई सरकार के गठन से पहले अपना इस्तीफा दिया था।

## सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** आप नेता मनीष सिसोदिया ने कथित आबकारी नीति घोटाले के संबंध में ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज मामलों में जमानत याचिकाएं खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ मंगलवार को सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। उच्च न्यायालय ने 21 मई को कथित घोटाले के संबंध में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# वाईएसआरसीपी विधायक पर मतगणना केंद्र में प्रवेश पर लगी रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



- चुनाव में ईवीएम तोड़ने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

उच्चतम न्यायालय ने एक मतदान केंद्र में घुसकर कथित रूप से ईवीएम तोड़ने के आरोपी युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के विधायक पिन्नेली रामाकृष्ण रेड्डी के चार जून को माचेर्ला विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र में प्रवेश पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया।

न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने 13 मई को हुई घटना का वीडियो देखा और रेड्डी को दी गई अग्रिम जमानत को 'न्याय तंत्र का भद्दा मजाक' करार दिया। पीठ ने रेड्डी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह से कहा-जब आप वीडियो देखेंगे तो पाएंगे कि यह पूरी तरह से गलत आदेश है। यह न्याय प्रणाली का भद्दा मजाक है। पीठ ने रेड्डी को चार जून को माचेर्ला विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र में प्रवेश नहीं करने और उसके आसपास भी न रहने का निर्देश दिया। आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। न्यायालय ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से कहा कि अदालत रेड्डी के खिलाफ छह जून को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामलों से संबंधित याचिका पर बिना किसी संकोच के निर्णय ले। रेड्डी को 28 मई को अंतरिम राहत दी गई थी। माचेर्ला विधानसभा क्षेत्र से सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी के उम्मीदवार रेड्डी अपने समर्थकों के साथ 13 मई को मतदान वाले दिन कथित तौर पर मतदान केंद्र में घुसे और वीवीपैट व ईवीएम मशीनों को तोड़ दिया था।

### डाक मतपत्रों पर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की याचिका उच्चतम न्यायालय ने की खारिज

उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनावों की मतगणना के दौरान डाक मतपत्रों पर सत्यापन अधिकारी की मुहर लगाने की आवश्यकता समाप्त करने से संबंधित चुनाव आयोग के 30 मई के एक परिपत्र को चुनौती देने वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक जून के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर मामले पर विचार करने का कोई औचित्य नहीं है। उच्च न्यायालय ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव आयोग के उस परिपत्र के खिलाफ दायर रिट याचिका खारिज कर दी थी।

# शांति सम्मेलन का निमंत्रण देने फिलीपींस पहुंचे जेलेंस्की

मनीला, एजेंसी

● रूस पर चीन की मदद से सम्मेलन में अड़चन डालने का आरोप



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की एशिया की अपनी एक विशिष्ट यात्रा के तहत सोमवार को फिलीपींस पहुंचे। वह क्षेत्रीय नेताओं से अपने देश में युद्ध की स्थिति पर स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित एक वैश्विक शांति सम्मेलन में शामिल होने की अपील करने के लिए यात्रा कर रहे हैं।

उन्होंने रूस पर चीन की मदद से इस सम्मेलन में अड़चन डालने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया। जेलेंस्की कड़ी सुरक्षा के बीच अघोषित दौरे पर मनीला पहुंचे। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर में शंगरी-ला डिफेंस फोरम में भाग लिया था। जेलेंस्की ने सिंगापुर में आयोजित इस वार्षिक रक्षा सम्मेलन से इतर फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर से मिलने की योजना बनाई थी लेकिन मुलाकात हो नहीं सकी, जिसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से यहां आकर मर्कोस को आमंत्रित करने का फैसला किया। यह जानकारी फिलीपीन के अधिकारियों ने दी। दोनों ही नेताओं ने सिंगापुर में हुए सम्मेलन में चीन की आलोचना की थी।

# गुणवत्ता को लेकर चर्चा में भारतीय मसाला बाजार

भारतीय कंपनियों द्वारा हांगकांग व सिंगापुर को निर्यात किए गए ब्रांडेड मसालों को ईटीओ संदूषण से संबंधित चिंताओं के कारण वापस मंगाए जाने के पश्चात भारतीय मसाला बोर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निकाय कोडेक्स के साथ मसालों में एथिलीन ऑक्साइड के उपयोग की सीमा तय करने की जरूरत के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। भारत विश्व का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक देश है। यह मसालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता और निर्यातक भी है। वर्ष 2023-24 में भारत का मसाला निर्यात 4.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक मसाला निर्यात का 12% हिस्सा है।

### भारतीय मसाला बोर्ड क्या है?

मसाला बोर्ड का गठन 26 फरवरी, 1987 को मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 के तहत पूर्ववर्ती इलायची बोर्ड (1968) और मसाला निर्यात संवर्द्धन परिषद (1960) के विलय के साथ किया गया था। वाणिज्य विभाग के अंतर्गत पांच वैधानिक कमोडिटी बोर्ड हैं। ये बोर्ड चाय, कॉफी, रबर, मसाले और तंबाकू के उत्पादन, विकास तथा निर्यात के लिये उत्तरदायी हैं। मसाला बोर्ड भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी प्रचार के लिए प्रमुख संगठन है। यह बोर्ड भारतीय निर्यातकों एवं विदेशी आयातकों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन के रूप में कार्य करता है।

### एथिलीन ऑक्साइड का मुद्दा (ईटीओ)

ईटीओ एक रसायन है जिसका उपयोग मसालों में कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में किया जाता है, परंतु निश्चित सीमा से अधिक उपयोग करने पर इसे कैंसरकारी माना जाता है। प्रमुख बाज़ारों में भारतीय मसाला निर्यात के तहत मसाला सैंपल विफलता दर 1% से कम है। अभी तक कोडेक्स ने कोई सीमा निर्धारित नहीं की है, मानकीकृत ईटीओ परीक्षण प्रोटोकॉल भी उपलब्ध नहीं है।



### भारत के आधे से अधिक मसाला निर्यात पर संकट

आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कई देशों में नियामकीय कार्रवाइयों के कारण महत्वपूर्ण बाजारों में भारत के लगभग 700 मिलियन डॉलर के मसाला निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि भारतीय मसालों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई जा रही है। इसने आगाह किया कि अगर यूरोपीय संघ भी पूरे ब्लॉक में अस्वीकृति के साथ ऐसा करता है, तो इससे भारत के मसाला निर्यात पर 2.5 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त असर पड़ सकता है।

### अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने भी जताई चिंता

मसाला बोर्ड ने ईटीओ संदूषण को रोकने तथा सभी बाज़ारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्यातकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह मसालों के लिए कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में ईटीओ का उपयोग न करने की सलाह देता है तथा भाप कीटाणुरोधन एवं विकिरण जैसे विकल्पों का सुझाव देता है। अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य देशों ने भी कुछ भारतीय मसालों की गुणवत्ता के विषय में चिंता जताई है तथा ये देश आगे की कार्रवाई की आवश्यकता का निर्धारण कर रहे हैं।

### दिल्ली का चांदनी चौक एशिया का सबसे बड़ा बाजार

दिल्ली के चांदनी चौक में खारी बावली एशिया का सबसे बड़ा मसाला बाजार है और इसकी प्रसिद्धि आज भी वैसी है, जैसी 17 वीं शताब्दी के दौरान थी। मुगल काल के जमाने में ये बाजार अस्तित्व में आया था। बावली, का शाब्दिक अर्थ है एक सीढ़ीदार कुआं, और खारी या खारा का अर्थ नमकीन होता है, जिसमें खारी बावली का अर्थ है खारे पानी का कुआं है। अब आप सोच रहे होंगे कि, है तो ये बाजार लेकिन अर्थ इसका ये कैसे, तो आपको बता दें, उस समय यहां खारे पानी का कुआं हुआ करता था, लेकिन अब ये मसालों का खजाना बन चुका है।

## एक नजर

### भूकंप से हिला इशिकावा पांच मकान ढहे

**टोक्यो।** जापान का उत्तर मध्य क्षेत्र इशिकावा एक जनवरी को आए शक्तिशाली भूकंप से हुई तबाही से अभी पूरी तरह उबर भी नहीं पाया है और सोमवार को इस प्राकृतिक आपदा ने इसे एक बार फिर दहला दिया। सोमवार को भूकंप के झटकों से यहां मामूली नुकसान की खबर है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, नोतो प्रायद्वीप के उत्तरी हिस्से में 5.9 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके कुछ मिनट बाद 4.8 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया और फिर अगले दो घंटे में कम तीव्रता वाले भूकंप के कई झटके महसूस किए गए।

### जापान में दो विमानों की आपातकालीन लैंडिंग

**टोक्यो।** जापान वायु आत्मरक्षा बल के दो एफ-35ए लड़ाकू विमानों को सोमवार की सुबह उत्तरी जापान के आओमोरी हवाई अड्डे पर आपातकालीन स्थिति में उतार लिया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार आओमोरी हवाई अड्डे पर दो विमानों की आपातकालीन लैंडिंग कराने के बाद रनवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जिसे पुनः संचालित कर दिया गया है। इस दौरान किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है।

### सीरिया में इजरायली का हमला, 12 की मौत

**दमिश्क।** इजरायल ने रविवार देर रात सीरिया के उत्तरी प्रांत अलेप्पो में हवाई हमले किए जिसमें 12 ईरानी समर्थक लड़ाके मारे गए। मानवाधिकारों के लिए सीरियाई वेधशाला ने सोमवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सीरियाई और गैर-सीरियाई नागरिकों सहित अलेप्पो शहर के आसपास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। मिसाइल हमला की गूंज उत्तर-पश्चिम में हय्यान शहर और अलेप्पो शहर में कई जगहों पर सुनाई दी। वेधशाला ने नोट किया कि यह हमला पिछले महीने से सीरिया में लेबनानी हिजबुल्लाह और ईरानी मिलिशिया के कब्जे वाले स्थानों पर तेजी देखी गयी है।

### पंजाब प्रांत में भीड़ के हमले में घायल ईसाई व्यक्ति की मौत

**लाहौर।** पंजाब प्रांत में ईशनिंदा के आरोप में पिछले सप्ताह हिंसक भीड़ के हमले में गंभीर रूप से घायल एक बुजुर्ग ईसाई व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कट्टरपंथी इस्लामी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में उग्र भीड़ ने 25 मई को ईसाई समुदाय के सदस्यों पर हमला कर दिया था, जिसमें दो ईसाई और दस पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

# मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनी शीनबॉम

## रह चुकी हैं नोबेल प्राइज जीतने वाली कमेटी की मेंबर

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव की विजेता क्लाउडिया शिनबाम देश के 200 साल के इतिहास में इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला होंगी। जलवायु वैज्ञानिक और मेक्सिको सिटी की पूर्व महापौर शीनबाम ने रविवार रात कहा कि दो प्रतिस्पर्धियों ने उनकी जीत स्वीकार कर ली है। शीनबाम ने एक होटल के बाहर मुस्कुराते हुए कहा मैं मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनूंगी।

इससे कुछ देर पहले चुनाव अधिकारियों ने कुछ आंकड़े पेश किए हैं, जिनमें वह बढ़त हासिल करती हुई दिख रही हैं। शीनबाम ने कहा मैं अकेले यह नहीं कर पाई हूं। हम सबने मिलकर कर दिखाया है। इसमें हमारी मातृभूमि की वीरांगनाओं, माताओं और बेटियों का भरपूर साथ रहा। हमने दिखा दिया है कि मेक्सिको एक लोकतांत्रिक देश है, जहां शांतिपूर्ण चुनाव हुए हैं। नेशनल इलेक्टोरल इंस्टिट्यूट के प्रमुख ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार शीनबाम को 58.3 प्रतिशत से 60.7 प्रतिशत वोट मिले हैं। विपक्षी उम्मीदवार जोचिटल गाल्वेज को 26.6 से 28.6 प्रतिशत जबकि जॉर्ज अल्वारेज मेनेज को 9.9 फीसद से 10.8 प्रतिशत वोट मिले हैं। मैक्सिको के संविधान के नियम के मुताबिक, राष्ट्रपति ओब्राडोर को दोबारा से 6 साल का कार्यकाल नहीं मिल सकता।

ऐसे में सत्ताधारी मोरोना पार्टी की तरफ से क्लॉडिया शेनबॉम को उम्मीदवार बनाया गया था। वह मैक्सिको सिटी की पूर्व मेयर रह चुकी हैं और लेफ्ट पॉलिटिक्स से काफी समय से जुड़ी हुई हैं।




मेक्सिको सिटी में मतों की गणना करते अधिकारी। ● एजेंसी



विजेता क्लाउडिया शिनबाम।

### निवर्तमान राष्ट्रपति से अलग व्यक्तित्व है शीनबॉम का

क्लॉडिया शीनबॉम को अपने मार्गदर्शक और निवर्तमान राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर से अलग व्यक्तित्व वाला माना जाता है। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती नेता की लोकप्रियता का फायदा उठाते हुए एक सधा हुआ प्रचार अभियान चलाया और रविवार को हुए मतदान में उन्हें जीत मिली। अब मेक्सिको की जनता देखना चाहती है कि लोपेज से बिल्कुल अलग शख्सियत रखने वाली शीनबॉम खुद को किस तरह पेश करती हैं। राजनीतिक रूप से लोपेज के समान रुख रखने वाली शीनबॉम को कम आक्रामक नेता के रूप में देखा जाता है।

# उत्तर कोरिया से शांति समझौते को निलंबित करेगा दक्षिण कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाने के मामले को लेकर उत्तर कोरिया को दंडित करने के लिए दोनों देशों के बीच हुए शांति समझौते को निलंबित करने की सोमवार को घोषणा की। हालांकि उत्तर कोरिया गुब्बारे उड़ाने की अपनी हरकत पर लगाम लगाने को कह चुका है।

लोगों द्वारा दक्षिण कोरिया में हाल ही में पर्चे बांटे जाने के अभियान से नाराज उत्तर कोरिया ने बीते कई दिनों में पड़ोसी देश की ओर कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाए थे। दक्षिण कोरिया ने रविवार को कहा कि उत्तर कोरिया की इस हरकत के जवाब में वह कड़ा कदम उठाएगा। उत्तर कोरिया हालांकि पहले ही सीमा पार गुब्बारे उड़ाए जाने को रोकने की घोषणा कर चुका है। सोमवार को, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि परिषद ने वर्ष 2018 के अंतर-कोरियाई समझौते को निलंबित करने का फैसला किया है। इस समझौते का उद्देश्य दोनों कोरियाई देशों के बीच आपसी विश्वास बहाल होने तक सीमावर्ती शत्रुता को कम करना था। सुरक्षा परिषद ने कहा कि इस समझौते के निलंबन से दक्षिण कोरिया को उत्तर कोरिया की सीमा के पास सैन्य अभ्यास फिर से शुरू करने और पड़ोसी मुल्क के उकसावे पर प्रभावी एवं तत्काल प्रतिक्रिया करने की अनुमति मिलेगी।

# विरोध मार्च व तोड़फोड़ के दो मामलों में इमरान बरी

इस्लामाबाद, एजेंसी

● शहबाज की गठबंधन सरकार को गिराने के लिए निकाला था विरोध मार्च

पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं को मार्च 2022 में विरोध मार्च के दौरान तोड़फोड़ करने से जुड़े मामलों में सोमवार को बरी कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय संस्थापक मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से पिछले साल अगस्त से जेल में हैं।

इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने खान, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पूर्व संचार मंत्री मुराद सईद और पीटीआई के अन्य नेताओं को हकीकी आज़ादी मार्च के दौरान तोड़फोड़ के दो मामलों में बरी किया है। मई 2022 में खान ने शहबाज शरीफ की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार को गिराने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद की तरफ एक मार्च शुरू किया था। खान के अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद शरीफ के नेतृत्व में यह सरकार बनी थी।

यह रैली पीटीआई के हकीकी आज़ादी (वास्तविक स्वतंत्रता) हासिल करने और राष्ट्र को अमेरिका समर्थित गठबंधन सरकार की गुलामी से मुक्त कराने के संघर्ष का हिस्सा थी। उस समय इस्लामाबाद पुलिस ने संघीय राजधानी में आगजनी और तोड़फोड़ के आरोपों को लेकर खान, कुरैशी और पार्टी के अन्य नेताओं सहित 150 लोगों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए थे।



### इमरान, बुशरा की अवैध शादी का मामला दूसरी अदालत में होगा ट्रांसफर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के अवैध विवाह मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश का अनुरोध स्वीकार करते हुए मामला किसी दूसरी अदालत को सौंपने की अनुमति दे दी। कुछ दिन पहले शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसे न्यायाधीश पर विश्वास नहीं है। इस्लाम के अनुसार, पति से तलाक होने और दूसरा निकाह करने से पहले महिला के लिए अनिवार्य अवधि के दौरान शादी करने के लिए एक अदालत ने खान (71) और बुशरा (49) को तीन फरवरी को सात-सात साल कैद की सजा सुनाई थी।

# श्रीलंका में बाढ़ और भूस्खलन से 10 की मौत, छह लापता

**कोलंबो।** श्रीलंका में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ की वजह से सोमवार को स्कूल बंद कर दिए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाढ़ और बारिश संबंधी अन्य घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग लापता हैं।

शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्कूलों को दोबारा खोलने को लेकर फैसला मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा। देश में रविवार से हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर भारी तबाही हुई है, जिसके चलते घरों, खेतों और सड़कों पर पानी भर गया है और अधिकारियों को ऐहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति रोकनी पड़ी है। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार रविवार को राजधानी कोलंबो और सुदूर रतनपुरा जिले में छह लोगों की बहने और डूबने से मौत हो गई जबकि पहाड़ों से मिट्टी कट कर मकानों पर गिरने से तीन अन्य लोगों की जान चली गई। पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई। रविवार से छह लोग लापता हैं।

केंद्र ने एक बयान में कहा कि सोमवार तक 5,000 से अधिक लोगों को बचाव केंद्र ले जाया गया है और 400 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। पीड़ितों को बचाने और भोजन व अन्य जरूरी सामान पहुंचाने के लिए नौसेना और थलसेना के जवानों को तैनात किया गया है।

# पुलिस मुखबिर के शक में नक्सलियों ने ग्रामीण को मौत के घाट उतारा

नारायणपुर, एजेंसी

● छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में घर से बाहर निकालने के बाद की उसकी हत्या

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर होने के शक के आधार पर 45 वर्षीय ग्रामीण की उसके घर से खींचकर हत्या कर दी।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मारे गए ग्रामीण का पुलिस से कोई संबंध नहीं था। जिले के मसपुर गांव में रविवार रात नक्सलियों ने शालूराम पोटाई की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि रविवार रात लगभग 10 बजे 15 से 20 सशस्त्र वर्दीधारी नक्सली शालूराम पोटाई के घर पहुंचे और उसे खींचकर घर से बाहर निकालने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल पर रवाना किया गया।

इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। माओवादियों की कुतुल एरिया कमेटी ने घटनास्थल पर पर्चे छोड़े हैं जिसमें उन्होंने पोटाई पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया है। पुलिस अधिकारियों ने पोटाई के पुलिस के साथ संबंध होने से इनकार किया है।

# बेंगलुरु में बारिश ने तोड़ा 133 साल का रिकॉर्ड

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में दो जून को 111 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे जून में एक दिन में सबसे अधिक बारिश का 133 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) बेंगलुरु के वैज्ञानिक एन. पुवियारसन ने पुष्टि की कि 2 जून को पिछले 133 वर्षों में इस महीने में एक दिन की सबसे अधिक बारिश हुई।

उन्होंने कहा कि जून में सबसे अधिक एक दिन की बारिश 16 जून, 1891 को दर्ज की गई थी। भारी बारिश के कारण बेंगलुरु में कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ। जयनगर के निवासियों ने गिरे हुए पेड़ों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। रविवार रात ट्रिनिटी मेट्रो स्टेशन के पास मेट्रो ट्रैक पर एक पेड़ गिर गया, जिससे सेवा प्रभावित हुई। गिरे हुए पेड़ों के अलावा सड़कों पर जलभराव से लोगों को असुविधा हुई। आईएमडी केंद्र, बेंगलुरु के प्रमुख सीएस पाटिल ने कहा कि मानसून कर्नाटक में आगे बढ़ गया है और 5 जून तक कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।



तेज बारिश और तूफान के कारण रास्ता बंद हो गया। ● एजेंसी

# आईएएस अधिकारी दंपति की बेटी ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट मिला

मुंबई, एजेंसी

● हरियाणा के सोनीपत से कर रही थी एलएलबी की पढ़ाई


दक्षिण मुंबई में मंत्रालय के निकट सोमवार तड़के महाराष्ट्र कैडर के आईएएस अधिकारी दंपति की 27 वर्षीय बेटी ने कथित तौर पर एक इमारत की 10वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने कहा कि हरियाणा के सोनीपत से एलएलबी की पढ़ाई कर रही लिपि रस्तोगी तड़के करीब चार बजे राज्य सचिवालय के निकट एक इमारत से कूद गई। उस समय मंत्रालय के निकट स्थित आईएएस अधिकारियों के आवास परिसर में सब सो रहे थे। पुलिस ने कहा कि इमारत के गार्ड ने परिसर के निकट खड़ी एक मोटरसाइकिल पर लिपि को बेहोशी की हालत में पाया और परिवार को सूचित किया, जिसके बाद उसे जीटी अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि तत्काल चिकित्सा प्रदान किए जाने के बाद भी उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें कथित तौर पर लिखा है कि उसकी मौत के लिए किसी को दोष न दिया जाए। अधिकारियों ने बताया कि कफ परेड थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।


## बॉलीवुड हलचल

# अजय पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में करेंगे काम



**मुंबई।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन देश के प्रथम दलित क्रिकेटर बालू पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में काम करते नजर आएंगे। बॉलीवुड फिल्मकार तिग्मांशु धूलिया, क्रिकेट की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म बनाने जा रहे है। यह फिल्म देश के प्रथम दलित क्रिकेटर माने वाले बालू पालवंकर और उनके भाइयों की कहानी पर्दे पर दिखाएगी। फिल्म की पटकथा लेखक और इतिहासकार रामचंद्र गुहा द्वारा लिखित किताब ए कार्नर आफ ए फारेन फील्ड पर आधारित होगी। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, अजय देवगन भारत के पहले दलित क्रिकेटर पालवंकर बालू की बायोपिक में नजर आएंगे। तिग्मांशु धूलिया इसे बनाएंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग के बाद अजय देवगन इस बायोपिक पर काम शुरू करेंगे। बताया जा रहा है कि अजय देवगन भी इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।

# अल्लू अर्जुन व रश्मिका की फिल्म पुष्पा 2 द रूल का पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, 75 दिन बाकी हैं पुष्पा राज के रूल के लिए। उनका रूल भारतीय सिनेमा में एक नया अध्याय लिखेगा। नए पोस्टर में अल्लू अर्जन अपने कांधे पर राइफल लेकर लुंगी पहने देखे जा सकते हैं। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सुकुमार द्वारा निर्देशित और मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना के अलावा फहद फासिल भी लीड रोल में हैं।

# अमिताभ और जया की शादी के 51 साल पूरे



**मुंबई।** बॉलीवुड के अमिताभ बच्चन और अभिनेत्री जया बच्चन की शादी के सोमवार को 51 साल पूरे हो गए हैं। दोनों ने इस अवसर पर परिवार के साथ सेलिब्रेशन मनाया। अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की जोड़ी बॉलीवुड में बहुत हिट रही है। अमिताभ और जया ने जंजीर, अभिमान, चुपके चुपके, शोले, सिलसिला, मिली, कभी खुशी कभी गम समेत कई कामयाब फिल्मों में साथ काम किया है।

# पूर्व हिंदू सांसद तुलसी-गैबार्ड की चाची का हत्यारोपी गिरफ्तार

**अमेरिका।** अमेरिका की पूर्व हिंदू सांसद तुलसी गबार्ड की चाची कैरोलीन की हत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को उन्हीं की एक दोस्त को गिरफ्तार किया है। 78 साल की कैरोलीन सिनावियाना-गैबर्ड की 25 मई को हत्या कर दी गई थी। उनकी बॉडी पर चाकू और हथौड़े से मारने के निशान मिले थे। पुलिस ने 8 दिन बाद कैरोलीन की दोस्त पापाली सिया फिगेल को गिरफ्तार किया।

समोआ के पुलिस अधिकारी के मुताबिक हत्या से पहले कैरोलीन और पापाली के बीच तीखी बहस हुई थी। हालांकि, अब तक यह नहीं पता है कि बहस किस वजह से हुई थी। जानकारों के मुताबिक, दोनों काफी अच्छी दोस्त थीं। इसके अलावा गैबर्ड फिगेल की टीचर भी थीं। सिनावियाना-गैबर्ड के परिवार वालों ने बताया कि वह समोआ की पहली महिला थी, जो अमेरिका में प्रोफेसर बनी थीं।

## खगोल विज्ञान | इंसानी उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि

# ब्रह्मांड के विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने इंसान की उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। खोज के अनुसार ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति हुई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जीव जंतुओं की उत्पत्ति के अन्य श्रोत भी हो सकते हैं।

बिग बैंग विस्फोट के बाद ब्रह्मांड में मुख्य रूप से हाइड्रोजन और हीलियम परमाणु शामिल थे। ये सबसे हल्के तत्व हैं। सर्वविदित है बिग बैंग 13.8 अरब वर्ष पहले हुआ था। इसके बाद बने तारों ने परमाणु संलयन की प्रक्रिया के माध्यम से इनमें से कई भारी तत्वों का उत्पादन किया। विशाल तारों में हुए बड़े विस्फोटों से भारी तत्वों की उत्पत्ति हुई है। ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों में गामा रे विस्फोट माने जाते हैं। यह विस्फोट भी दो प्रकार के होते हैं। जिनमें बड़े विस्फोटों से मानव शरीर में पाए जाने वाले तत्वों की उत्पत्ति हुई और परमाणु संलयन आवर्त सारणी में लोहे जैसे भारी तत्वों का उत्पादन कर सकता है। इसी क्रम में इंसानी तत्वों के बड़े स्तर पर रासायनिक प्रक्रिया के तहत इंसान जैसे जीव जंतुओं की संरचना शुरू हुई। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति, निर्माण व विकास को हम लगभग समझ चुके हैं। मानव उत्पत्ति व विकास भी इसी क्रम में शामिल हैं।



ब्रह्मांड में हुए बड़े विस्फोट की प्रतीकात्मक तस्वीर। ● अमृत विचार

### अब ब्रह्मांड के अनेक रहस्य होंगे उजागर

कई वैज्ञानिकों की सामूहिक इस खोज के बाद वैज्ञानिकों का मानना है कि अब ब्रह्मांड के कई अन्य रहस्य उजागर हो सकेंगे। जीव जंतुओं की उत्पत्ति के स्रोत का यह पहला सिरा है। इस दिशा में अब शोध में तेजी आएगी। जिसमें दुनियाभर के वैज्ञानिक शामिल होंगे।